RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 229
नई दिल्ली, रविवार, 25 जून, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




भारत की शिक्षाओं ने दुनिया को आकार दिया
विदेश-10

# मजबूत भारत से दुनिया को भी लाभः मोदी

## कहा-भारत, अमेरिका की सरकारों ने तैयार की जमीन, उद्योग जगत को इसका फायदा उठाने की जरूरत

● काहिरा रवाना होने से पहले भारत और अमेरिका के शीर्ष कारोबारियों और समाज सेवियों को संबोधित किया

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/वाशिंगटन



वाशिंगटन में रोनाल्ड रेगन बिल्डिंग एंड इंटरनेशनल ट्रेड सेंटर में कार्यक्रम को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी उद्यमियों का आह्वान करते हुए कहा है कि यह समय भारत में निवेश करने का है क्योंकि भारत-अमेरिका की सरकारों ने दोनों देशों के व्यापारिक समुदाय के लिए जमीन तैयार कर दी है और अब इसका लाभ उठाने की जिम्मेदारी कॉरपोरेट क्षेत्र एवं प्रस्तावकों की है।

यह जिक्र करते हुए कि जब भी भारत मजबूत हुआ है, दुनिया को फायदा हुआ है, प्रधानमंत्री ने कहा कि यह कोविड महामारी के दौरान देखा गया था कि जब दुनिया को दवाओं की जरूरत थी, तो भारत ने अपना उत्पादन बढ़ाया और दवाएं उपलब्ध कराईं। काहिरा रवाना होने से पहले वाशिंगटन के केनेडी सेंटर में शुक्रवार को भारत और अमेरिका के शीर्ष कारोबारियों और समाज सेवियों के साथ-साथ भारतीय-अमेरिकी समुदाय के अन्य प्रमुख सदस्यों को संबोधित करते हुए मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि भारत-अमेरिका साझेदारी सहूलियत पर नहीं, बल्कि दृढ़ विश्वास, साझा प्रतिबद्धताओं और संवेदनाओं पर आधारित है।

भारत में वर्तमान में जारी गहन परिवर्तन और विभिन्न क्षेत्रों में हो रही प्रगति पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने पेशेवरों को भारत के साथ साझेदारी करने के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अमेरिका की उनकी पहली आधिकारिक राजकीय यात्रा के दौरान पिछले तीन दिनों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। मोदी ने यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कहा कि (शेष पेज 9)

## मिस्र पहुंचे पीएम, गर्मजोशी से हुआ स्वागत



काहिरा में भारतीय समुदाय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया।

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/काहिरा

● 26 वर्षों में किसी भारतीय पीएम की काहिरा की पहली यात्रा, पीएम मुस्तफा मैडबौली ने हवाई अड्डे पर किया स्वागत

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी शनिवार को मिस्र की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर काहिरा पहुंचे। इस दौरान वह दोनों देशों के रणनीतिक संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी सहित मिस्र के नेतृत्व के साथ बातचीत करेंगे।

मोदी मिस्र के राष्ट्रपति अल-सिसी के निमंत्रण पर मिस्र का दौरा कर रहे हैं। पिछले 26 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की मिस्र की यह पहली यात्रा है। खास गर्मजोशी दिखाते हुए मिस्र के प्रधानमंत्री मुस्तफा मैडबौली ने यहां हवाई अड्डे पर गले लगाकर मोदी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी के आगमन पर उनका औपचारिक स्वागत किया गया और गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने काहिरा पहुंचने के बाद ट्वीट किया, मुझे विश्वास है कि यह यात्रा मिस्र के साथ भारत (शेष पेज 9)

# विपक्ष ने मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की

● सर्वदलीय बैठक में सरकार ने जोर दिया कि वह सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए कर रही पूरा प्रयास

● विपक्षी दलों ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने की मांग उठाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में मणिपुर की स्थिति पर आयोजित सर्वदलीय बैठक।

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक मेंशनिवार को मणिपुर की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। कांग्रेस और कुछ अन्य दलों ने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को हटाने की मांग की तो कुछ विपक्षी पार्टियों ने मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने का आग्रह किया। कई विपक्षी दलों ने प्रदेश में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने का आग्रह किया।

हालांकि सरकार ने इसको लेकर कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई है। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्रों के अनुसार, सरकार ने इस बात पर जोर दिया कि वह सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए पूरा प्रयास कर रही है। बैठक के बाद भारतीय जनता पार्टी के मणिपुर प्रभारी संबित पात्रा ने बताया कि गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर मणिपुर में शांति बहाली के लिए सारे प्रयास किए जा रहे हैं।

पात्रा के मुताबिक, गृह मंत्री ने बैठक में यह भी कहा कि मणिपुर में हिंसा की शुरुआत से एक दिन भी ऐसा नहीं रहा होगा जब उन्होंने हालात को लेकर प्रधानमंत्री मोदी से बात नहीं की हो या फिर प्रधानमंत्री ने निर्देश नहीं दिए हों। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और वामदलों सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने बैठक में भाग लिया। मणिपुर में मेइती और कुकी समुदाय (शेष पेज 9)

### भीड़ ने मंत्री का गोदाम फूंका, घर जलाने की भी कोशिश

**इंफाल।** भीड़ ने मणिपुर सरकार में उपभोक्ता एवं खाद्य मंत्री एल. सुसींद्रो के इंफाल पूर्वी जिले के चिनगारेल स्थित निजी गोदाम को फूंक दिया और खुरई इलाके में उनके आवास को जलाने की कोशिश की जिसे सुरक्षा बलों ने समय रहते नाकाम कर दिया। पुलिस के अनुसार सुरक्षा बलों ने भीड़ द्वारा मंत्री के आवास को को रोकने के लिए आधी रात तक आंसू गैस के कई गोले दागे। घटना में किसी के भी हताहत होने की जानकारी नहीं है। इससे पहले, राज्य की महिला मंत्री नेमचा किपगेन के इंफाल पश्चिम जिले के लामफेल इलाके स्थित घर को 14 जून की रात को अज्ञात लोगों ने जला दिया था। इसके अगले दिन केंद्रीय मंत्री आरके रंजन सिंह के घर पर हमला किया गया था और उसे जलाने की कोशिश की गई थी।

# अगले दो दिन में दिल्ली पहुंचेगा मानसून

● मौसम विभाग का अनुमान, सामान्य तौर पर राजधानी 27 जून तक पहुंचता है मानसून

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



महाराष्ट्र के सोलापुर में मानसूनी बारिश के बाद जमा पानी में खेलते बच्चे।

**भारत** मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को कहा कि दिल्ली में अगले दो दिन में मानसून की पहली बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने मौसम विभाग ने रविवार को आम तौर पर आकाश में बादल छाए रहने और मध्यम बारिश का अनुमान जताया है।

आईएमडी के एक अधिकारी ने बताया कि धीमी शुरुआत के बाद मॉनसून तेजी से आगे बढ़ा है और महाराष्ट्र, पूरे कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पूर्वोत्तर भारत, पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों और हरियाणा के कुछ हिस्सों में दस्तक दे चुका है। आमतौर पर मॉनसून 27 जून तक राजधानी पहुंच जाता है। आईएमडी ने कहा, मुंबई, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, जम्मू कश्मीर और लद्दाख सहित महाराष्ट्र के ज्यादातर हिस्सों, चंडीगढ़, दिल्ली सहित हरियाणा के अधिकांश हिस्सों, गुजरात के कुछ हिस्सों, पूर्वी राजस्थान और पंजाब में अगले दो दिन के दौरान मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक राजधानी में पिछले साल 30 जून, 2021 में 13 जुलाई, 2020 में 25 जून, 2019 में 5 जुलाई और 2018 में 28 जून को मॉनसून ने राजधानी में दस्तक दे दी थी। इस साल, मॉनसून अपनी सामान्य तारीख एक जून से एक सप्ताह बाद आठ जून को केरल पहुंचा था।

यह केरल में पिछले साल 29 मई, 2021 में 3 जून, 2020 में एक जून, 2019 में 8 जून और 2018 में 29 मई को पहुंचा था। शोध से पता चलता है कि केरल में मॉनसून के आगमन में देरी का मतलब उत्तर पश्चिम भारत में मॉनसून के आगमन में देरी नहीं है। साथ ही, इसका देशभर में होने वाली कुल वर्षा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। मौसम विभाग के अनुसार (शेष पेज 9)

# भारत जल्द शुरू करेगा पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम 2.0: जयशंकर

● पीएसपी-वर्जन 2.0 में नए और अपग्रेडेड ई-पासपोर्ट होंगे शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि भारत जल्द ही दूसरे चरण का पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम (पीएसपी-वर्जन 2.0) शुरू करने जा रहा है। इसमें नए और अपग्रेडेड ई-पासपोर्ट शामिल हैं। उन्होंने पासपोर्ट सेवा दिवस के मौके पर यह ऐलान किया।

जयशंकर ने भारत और विदेश में पासपोर्ट जारी करने वाले अधिकारियों से लोगों को 'समय पर, विश्वसनीय, सुलभ, पारदर्शी और कुशल तरीके से' पासपोर्ट और संबंधित सेवाएं प्रदान करने का आह्वान किया। एस जयशंकर ने पासपोर्ट सेवा केंद्र पर अपने संदेश में कहा कि हम जल्द ही नए और अपग्रेडेड ई-पासपोर्ट सहित पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम पीएसपी वर्जन 2.0 शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि नागरिकों के लिए ईज ऑफ लिविंग (आसान जीवन) बढ़ाने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप यह पहल एक नए प्रतिमान की शुरुआत करेंगी।

डिजिटल इको-सिस्टम का उपयोग करके नागरिकों के लिए अपग्रेडेड पासपोर्ट सेवाएं दी जाएगी। जयशंकर ने अपने संदेश में कहा कि मैं भारत और विदेश में अपने सभी पासपोर्ट जारी करने वाले अधिकारियों से नागरिकों को समय पर, विश्वसनीय, सुलभ, पारदर्शी और कुशल तरीके से पासपोर्ट और संबंधित सेवाएं प्रदान करने का आह्वान करना चाहता हूं। जयशंकर के संदेश को (शेष पेज 9)

# पुतिन ने निजी सेना के सशस्त्र विद्रोह को विश्वासघात करार दिया

● रूसी राष्ट्रपति ने देश की रक्षा का संकल्प लिया

**एपी।** मॉस्को



**रूस** के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने निजी सेना वैग्नर ग्रुप के प्रमुख एवेनी प्रीगोझिन द्वारा सशस्त्र विद्रोह की घोषणा को विश्वासघात और रूस की पीठ में छुरा घोंपने वाला कदम करार दिया। प्रीगोझिन के लड़ाके यूक्रेन की सीमा पार कर रूस के दक्षिण में महत्वपूर्ण शहर में दाखिल हो चुके हैं।

टेलीविजन पर प्रसारित संबोधन में पुतिन ने रूस की रक्षा करने का संकल्प लिया। प्रीगोझिन की इस बगावत को सत्ता में दो दशकों से अधिक समय में पुतिन के नेतृत्व के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया जा रहा है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने खुफिया सूचनाओं का हवाला देते हुए कहा है कि प्रीगोझिन के नेतृत्व वाली निजी सेना मॉस्को से करीब 1,000 किलोमीटर से अधिक दूर दक्षिण में रोस्तोव-ओन-दोन शहर पहुंच चुकी है। इस शहर से रूस यूक्रेन में अपने सैन्य अभियान को संचालित कर रहा है। रूस में तेजी से बदल रहे घटनाक्रम के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि मॉस्को पूरी तरह कमजोर हो चुका है और कीव यूरोप को रूस की बुराइयों और अराजकता के फैलने से बचा रहा है।

अपने संबोधन में, पुतिन ने प्रीगोझिन का नाम लिए बिना उसके विद्रोह को, विश्वासघात और देशद्रोह करार दिया। उन्होंने यह भी कहा, विद्रोह की साजिश रचने वाले सभी लोगों को कठोर सजा भुगतनी होगी। सशस्त्र बलों और अन्य सरकारी एर्जेसियों को आवश्यक आदेश जारी कर दिए गए हैं। वहीं प्रीगोझिन ने खुद को देशभक्त बताया है। अपने टेलीग्राम चैनल पर वैग्नर ग्रुप के प्रमुख प्रीगोझिन ने कहा, जहां तक मातृभूमि से विश्वासघात की बात है, तो राष्ट्रपति गलत समझ रहे हैं। हम अपनी मातृभूमि के देशभक्त हैं। प्रीगोझिन ने कहा कि उनके लड़ाके पुतिन के आग्रह पर नहीं लौटेंगे, क्योंकि हम नहीं चाहते कि देश भ्रष्टाचार, धोखा और नौकरशाही के चंगुल में फंसा रहे। प्रीगोझिन के लड़ाके यूक्रेन में रूसी सैनिकों के साथ मिलकर लड़ रहे हैं।

फिलहाल, यह स्पष्ट नहीं है कि उनके कदम का उद्देश्य क्या है, लेकिन विद्रोह रूसी सैन्य नेताओं के साथ प्रीगोझिन के टकराव बढ़ने का संकेत है, जिन पर उन्होंने यूक्रेन में युद्ध को विफल करने और क्षेत्र में अपनी सेना को कमजोर करने का आरोप लगाया है। प्रीगोझिन ने कहा, यह कोई सैन्य तख्तापलट नहीं है, बल्कि न्याय के लिए अभियान है। प्रीगोझिन ने कहा कि वह (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### तीन पाकिस्तानी घुसपैठियों को गोली मारी गई

**पुंछ, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार करके भारत मे घुसने की कोशिश कर रहे तीन सशस्त्र पाकिस्तानी घुसपैठियो को गोली मारी गई। सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियो ने बताया कि घुसपैठियो की हालत के बारे में कोई जानकारी नही मिल सकी है क्योंकि मुठभेड़ स्थल सीमा पर बाडबंदी के आगे है और उन्हे गिरते हुए देखा गया। वही, पाकिस्तानी सेना ने कहा कि भारतीय सैनिकों की गोलीबारी में दो आम नागरिक मारे गए और एक घायल हो गया। भारतीय सेना ने कहा किसेना और पुलिस ने खुफिया सूचना आधारित घुसपैठ रोधी अभियान रेशम संयुक्त रूप से चलाया। कृष्णा घाटी सेक्टर में घुसपैठियो के साथ मुठभेड़ केदौरान एकसैनिकघायल हो गया। 23-24 जून की दरमियानी रात को घुसपैठ की कोशिश नाकाम करने के बाद से ही इलाके में तलाश अभियान चल रहा है। सेना की जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर ने एक आधिकारिक ट्वीट में कहा, 23-24 जून को कृष्णा घाटी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम की।

# दिल्ली में यमुना के कायाकल्प को मिली और रफ्तार

● उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की पहल पर भारतीय नौसेना ने जल परिवहन का किया सफल परीक्षण

● कोच्चि से लाई गई वर्क बोट से पहली बार सिग्नेचर ब्रिज से आईटीओ बैराज तक 11 किमी तक सफल यात्रा की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



यमुना में वर्क बोट से 11 किलोमीटर लंबा ट्रायल रन किया गया।

**यमुना** के कायाकल्प को और रफ्तार मिलने जा रहा है। सिग्नेचर ब्रिज से आईटीओ बैराज तक 11 किलोमीटर लंबे मार्ग का शनिवार को भारतीय नौसेना के वर्क बोट से सफल परीक्षण किया गया।

जल परिवहन शुरू करने के पहले कई चरण का ट्रायल होगा। नौसेना ने यमुना में मोटर बोट चलाए जाने की पुष्टि की है। यह वर्क बोट हाल ही में कोच्चि से लाई गई थी। नजफगढ़ ड्रेन में भी पर्यटन की दृष्टि से जल परिवहन की तैयारी की जा रही है लेकिन इस पहल के बाद अब राजधानी दिल्ली में यमुना नदी में पहले मोटरबोट चलेगी। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना द्वारा उच्चतम न्यायालय और एनजीटी के आदेशानुसार यमुना के जीर्णोद्धारको लेकर किए लगातार प्रयासों को आज बड़ी सफलता मिली है। यमुना में इस तरह के परीक्षणों की योजना पहले भी बनाई गई थी और उन पर विचार भी किया गया था, लेकिन यमुना में इसके लिए आवश्यक गहराई नहीं होने के कारण, पानी में तैरती गंदगी, मलबे जैसी विभिन्न समस्याओं के कारण, ये योजनाएं कभी साकार रूप नहीं ले सकी। एलजी एनजीटी द्वारा नियुक्त उच्चस्तरीय समिति के अध्यक्ष के रूप में यमुना के कायाकल्प की सक्रिय रूप से निगरानी कर रहे हैं। उनकी पहल पर इस वर्क बोट को नौसेना के अधिकारियों द्वारा दिल्ली लाया गया है।

एलजी ने यमुना की सफाई में अक्सर आम नागरिकों की भागीदारी पर जोर दिया है और लोगों को नदी के करीब लाने और उन्हें इससे जोड़ने की कई पहल सुनिश्चित की हैं। इसी दिशा में यमुना के सीमित हिस्से में नौका को एक परिवहन के साधन के रूप में संचालित करने की कल्पना की गई थी। यमुना में और उसके बाढ़ क्षेत्र की सफलतापूर्वक सफाई करने, सिग्नेचर ब्रिज और आईटीओ बैराज के बीच व्यक्तिगत तौर पर निरीक्षण करने के बाद उपराज्यपाल ने नौसेना से आधिकारिक तौर पर एक बोट की मांग की थी और इस कार्य को शुरू करने का फैसला किया था। मार्ग को अंतिम रूप देने का काम 22 जून तक पूरा कर लिया गया था। इसके बाद शनिवार तड़के वर्क बोट का ट्रायल रन किया गया। शुरु में ट्रायल रन की योजना केवल सिग्नेचर ब्रिज और बोट क्लब के तीन किलोमीटर की दूरी के लिए बनाई गई थी। हालांकि, परिस्थितियां उससे आगे भी ठीक थीं। इसका फायदा उठाने और शुरुआत में मिली सफलता के परिणाम स्वरूप मौके पर ही तुरंत निर्णय लेते हुए नाव को आईटीओ बैराज तक ले जाने का फैसला किया गया। फिर नाव को आईटीओ बैराज (शेष पेज 9)

### बोट में 35 यात्री कर सकते हैं सफर

**नेवी** वर्क बोट 11 मीटर लंबी और 1.7 मीटर चौड़ी और करीब 12 टन वजनी है। यह बोट 35 यात्रियों की क्षमता के साथ 14 नॉट की गति से चल सकती है। इसे 3 जून 2023 को कोच्चि से सड़क मार्ग द्वारा लाया गया और सिग्नेचर ब्रिज जेट्टी पर खड़ा किया गया था। इसके बाद कारवार और देहरादून से नौसेना की विशेष टीम द्वारा किए गए एक विस्तृत हाइड्रो-ग्राफिक सर्वेक्षण में पता चला कि कुछ हिस्सों में नदी की गहराई आवश्यक 1.7 मीटर से कम थी। इसके बाद चिन्हित किये गए क्षेत्र में स्थानीय रूप से उपलब्ध उपकरणों को वहां गाद निकालने के लिए लगाया गया और 20 जून तक लगभग 30 मीटर चौड़ा एक चैनल तैयार किया गया।

## सहारनपुर से शाकंभरी सिद्धपीठ तक शीघ्र आरंभ होगी रेल सेवा


**भाषा।** सहारनपुर

**रेलमंत्री** अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि सहारनपुर से माता शाकंभरी देवी सिद्धपीठ तक जल्द ही रेल सेवा शुरू होगी। एक दिवसीय दौरे पर सहारनपुर पहुंचे वैष्णव ने रेलवे स्टेशन पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि शाकंभरी सिद्धपीठ तक रेलवे लाइन बिछाने की योजना को हरी झंडी दे दी गई है और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के लिए दो करोड़ रुपए मंजूर कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि रेल मंत्रालय के सर्वे में सहारनपुर से माता शाकंभरी देवी तक लगभग 81 किलोमीटर लंबा ट्रैक बिछाने का मैप तैयार किया जाएगा। गौरतलब है कि सिद्धपीठ शाकंभरी देवी के दर्शन के लिए आसपास के जिलों सहित अन्य राज्यों से भी श्रद्धालु आते हैं। रेल मंत्री ने सहारनपुर में गोविंद नगर में रेलवे द्वारा बनाए गए रेलवे पार्क (शेष पेज 9)

# मुख्यमंत्री आज आएंगे नोएडा, कई रास्ते बंद

## पुलिस एडवाइजरी देखकर घर से निकले, लगाई गई धारा-144, नहीं उड़ा सकते प्राइवेट ड्रोन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा


योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम के चलते रविवार को नोएडा में धारा-144 लागू रहेगी। इस दौरान कोई भी प्राइवेट ड्रोन नहीं उड़ेगा। ऐसा करते पाए जाने पर धारा-188 के अंतर्गत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इसके अलावा नोएडा और ग्रेटर नोएडा के लिए ट्रैफिक एडवाइजरी की गई है। नोएडा के कुछ स्थानों पर सुबह 6 बजे से कार्यक्रम समाप्ति के 1 घंटे बाद तक और ग्रेटर नोएडा में सुबह 11 बजे से कार्यक्रम समाप्ति के एक घंटे बाद तक यातायात पूर्णता प्रतिबंधित रहेगा। इमरजेंसी वाहनों पर यह यातायात डायवर्जन लागू नहीं होगा। यातायात असुविधा होने पर हैल्प लाइन नंबर 9971009001 पर संपर्क किया जा सकता है। इसको मैप को गूगल के जरिए भी देखा जा सकता है।

सिटी सेंटर अंडरपास सेक्टर 39 से विंध्याचल मार्ग पर सेक्टर 12.22 चौक से मैट्रो अस्पताल चौक तक मार्ग पर दोनों ओर यातायात का आवाजाही प्रतिबंधित किया जायेगा। वहीं सेक्टर 12-22-56 तिराहा से एमपी-01 मार्ग होकर रजनीगंधा चौक तक मार्ग पर दोनों ओर यातायात का आवागमन प्रतिबंधित किया जाएगा।

रैली हेतु आने वाले वाहन एलीवेटेड मार्ग के पास सेक्टर 25 स्थित खाली मैदान में बनी पार्किंग में पार्क होगे। यह वाहन सेक्टर 31-25 चौक व एनटीपीसी अंडरपास के मध्य पार्किंग में जाने हेतु बने रास्ते से प्रवेश कर पार्किंग में व्यवस्थित तरीके से पार्क होंगे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद ये लोग नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे का प्रयोग न कर अन्य मार्गों से अपने गंतव्य को जा सकेंगे। पार्किंग में खड़े सभी वाहन पार्किंग से निकलकर एमपी-02 मार्ग का प्रयोग कर गिझौड चौक, सेक्टर 60 चौक से गंतव्य की ओर जा सकेंगे।

जनप्रतिनिधि नोएडा स्टेडियम के गेट नं-01 से प्रवेश कर पार्किंग में वाहन पार्क कर कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सकेंगे। पास धारक वीआईपी एवं मीडिया नोएडा स्टेडियम के गेट नं-03 से प्रवेश कर इंडोर स्टेडियम के पास बनी पार्किंग में वाहन पार्क करेंगे। रैली में आने वाले व्यक्ति पार्किंग में वाहन खड़ा कर पैदल मोदी मॉल के पास बने रास्ता से स्टेडियम गेट नंबर-4 से प्रवेश करेंगे।

### 1387.40 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे योगी

**नोएडा।** 25 जून को सीएम योगी आदित्यनाथ नोएडा आ रहे है। वे नोएडा की 1387.40 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसमें 1070.33 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा। वहीं 317.07 करोड़ की 10 परियोजनाओं का लोकार्पण किया जाएगा। सीएम योगी आदित्यनाथ रविवार को सुबह करीब साढ़े 10 बजे से शाम साढ़े छह बजे तक नोएडा और ग्रेटर नोएडा रहेंगे। इस दौरान वे परियोजनाओं का लोकर्पण व शिलान्यास करेंगे। जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा में एक कंपनी का उद्घाटन व संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में टॉपर इशिता किशोर व तीन अन्य सफल अभ्यर्थियों का सम्मान भी करेंगे। दोपहर बाद नोएडा ग्रेटरनोएडा के अधिकारियों के साथ बैठक इसके बाद जीबीयू ऑडिटोरियम में सेव कल्चर सेव मिशन कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। वहां अपने विचार व्यक्त करेंगे। शाम को कंपनी का उद्घाटन करने के बाद वे लखनऊ जाएंगे।

### सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश की पत्नी से धोखाधड़ी

**नोएडा।** भारत के पूर्व जज मार्कंडेय काटजू की पत्नी रूपा काटजू निवासी सेक्टर-45 नोएडा ने बीती रात को थाना सेक्टर 126 में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि उनके भाई बिजेंद्र नेहरू का जेपी कैलिप्सो कोर्ट में एक फ्लैट है। उनके भाई कनाडा में रहते हैं। इस फ्लैट के सभी कार्य पूर्ण करने के लिए उन्हें पावर ऑफ अटॉर्नी मिली है। कुछ दिन पूर्व नासिर आफ ताब खान से उनकी किसी के माध्यम से मुलाकात हुई।

नासिर उन्हें अपने विश्वास में लेकर जेपी बिल्डर के ऑफि स में गया, तथा एनओसी आदि करवाने के नाम पर उनसे कई दस्तावेज पर हस्ताक्षर करवाए, और फ्लैट के मूल दस्तावेज ले लिए। जब काफी दिनों तक नासिर ने पैसे ट्रांसफर नहीं किया तो वह जेपी बिल्डर के ऑफि स में गई, वहां पर नवनीत कर्मचारी मिला। जिसने उन्हें बताया कि आपका फ्लैट नासिर अफताब खान के नाम पर ट्रांसफर हो गया है।

## संक्षिप्त समाचार


विवाह समारोह में नवदंपति और परिवार तथा संस्था से जुड़े लोग।

### संस्था ने गरीब कन्या का विवाह कराया

**गाजियाबाद।** मुकुट मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से गरीब कन्या का विवाह कराया गया। ऑल इंडिया वुमन कांफ्रेंस और वैदिक योग अद्यात्म सेवा संस्थान ट्रस्ट के चैयरमेन प्रशांत गुप्ता ने बताया की पूर्व में भी विवाह किया गया है, क्रिस्टल पैलेस होटल एंड बन्क्वेट वसुंधरा मे किया गया । आयोजन में प्रशांत गुप्ता, किरण श्रीवास्तव अध्यक्षा, रजनी जैन, मीना कोशिक, के के अग्रवाल, शिवानाथ, प्रताप नाथ, पंकज चोपडा, आचार्य ओजस्वी, श्रीनिवास गोयल, मनीष अग्रवाल, सावन गोयल, ज्योति चौहान, संजू गुप्ता, शिवा, लक्ष्य सक्सेना, विमला सिन्हा, निशा शंकर, लज्जा गुप्ता, निशी गुप्ता,शिखा गर्ग, पारुल अग्रवाल, कन्या की मेंहदी लगाई मनीषा ने कन्या का ब्यूटी पार्लर मान्या सिंघल द्वारा किया गया।

### समस्याओं को लेकर सपाइयों ने किया प्रदर्शन

**नोएडा।** समाजवादी पार्टी की महानगर इकाई ने नोएडा की विभिन्न समस्याओं के मद्देनजर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए एक ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। सपा महानगर अध्यक्ष डॉ गुप्ता ने बताया कि शहर में किसानों की आबादी का निस्तारण, 5 प्रतिशत के मूल प्लाट, बढे हुए दर से मुआवजा देने, ग्रामीण क्षेत्र में भवन नियमावली को निरस्त करने, पांच प्रतिशत प्लाट पर निशुल्क व्यवसायिक गतिविधियों की मान्यता, पुश्तैनी एवं गैर पुस्तैनी का भेदभाव समाप्त करने, सभी ग्रामों का समग्र विकास, बिल्डर्स और बायर्स की समस्याएं एनोएडा में शिक्षा संबंधित समस्याओं, नोएडा में स्वास्थ संबंधित समस्याओं, नोएडा में ग्राम पंचायतों को बहाल करने, नोएडा में बिजली, समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन दिया गया है।

### कर्मचारी संघ ने दी कार्य बहिष्कार की चेतावनी

**गाजियाबाद।** विजयनगर जोनल कार्यालय में निगमकर्मी बिजेन्द्र धींगान के साथ हुई बदसलूकी का मामला नगर आयुक्त डॉ0 नितिन गौड़ तक पहुंच गया। इस मामले में संघ ने पत्र लिखकर चेतावनी दी कि अगर पुलिस विभाग द्वारा इस मामले में एफ आईआर दर्ज नहीं की गई तो कर्मचारी कार्य बहिष्कार करेंगे। बिजेन्द्र धींगान नगर निगम की विजयनगर जोन स्थित कार्यालय में तैनात है। आरोप है कि उनके साथ पूर्व पार्षद कुलदीप कुमार ने बदशलूकी की है। इस मामले में धींगान की ओर से एक तहरीर विजयनगर पुलिस को दी गई है। मगर अभी तक एफ आईआर दर्ज नहीं की गई है। इसी को लेकर ही नगर निगम कर्मचारी संघ की ओर से एक पत्र नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ को पत्र भेजा है। पत्र में संघ के महामंत्री नितिन भारद्वाज ने कहा कि अगर इस मामले में थाना विजयनगर में एफ आईआर दर्ज नहीं कराई जाती है तो कर्मचारी कार्य बहिष्कार आंदोलन करेंगे।

### युवक को बंधक बनाकर बाइक-मोबाइल लूटे

गाजियाबाद। मोदीनगर सौदा मार्ग पर फ फ राना बंबे के पास देर रात को तीन बदमाशों ने युवक को बंधक बनाकर बाइक व मोबाइल लूट लिया। लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव उजैड़ा निवासी अखिल कुमार पुत्र ओमवीर सिंह खेती करके परिवार का लालन पालन करते हैं। गुरुवार को वह किसी काम से बाइक से मोदीनगर गए थे। देर रात दो बजे के आसपास अखिल कुमार बाइक से वापस मोदीनगर से गांव उजैड़ा मोदीनगर सौंदा मार्ग से जा रहे थे।दो बजे के आसपास जब वह फ फ राना बंबे के पास पहुंचे तो नकाबपोश तीन युवकों ने अखिल कुमार को रुकने का इशारा किया। इसके बाद अखिल ने बाइक रोकी दी। बाइक रुकते ही तीन बदमाशों ने उसे कब्जा लिया और मारपीट करनी शुरू कर दी। बदमाशों ने युवक को पहले बेहरमी से पीटा और फिर बाइक व मोबाइल लूट लिया। जेब में पैसे ना होने पर भी उसके साथ मारपीट की गई। बदमाश बाइक व मोबाइल लूटकर ले गए।

# जिला अस्पताल में दो घंटे की हड़ताल से मरीज परेशान

- दवाओं के लिए भटकते रहे लोग

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



चिकित्सा-स्वास्थ्य महासंघ उत्तर प्रदेश के आहवाहन पर सरकारी अस्पतालों में फ ार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन व नर्सिंग स्टाफ दो घंटे के कार्य बहिष्कार पर रहा।

मांगे पूरी न होने तक यह हड़ताल अनिश्चितकालीन रहेगी। इस हड़ताल का सबसे अधिक असर मरीजों पर पड़ा। मरीज दवा लेने के लिए समय से लाइन में लग गए, लेकिन फ ार्मासिस्ट की हड़ताल के चलते दवा काउंटर खोले नहीं गए। लेकिन मरीजों की लाइन लम्बी होती गई। अपनी मांगों को लेकर फार्मासिस्ट बीस जून से काली पट्टी बांध कर विरोध जता रहे हैं।

फार्मासिस्ट ने दो घंटे कार्य बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। इसकी वजह से सुबह आठ बजे से दस बजे तक मरीजों को दवाओं का वितरण नहीं हो सका। दवा के इंतजार में महिला पुरूष लम्बी लाइनों में गर्मी और उमस वाले माहौल भी लगे रहे। अपने नवजात बच्चों को लेकर महिलाएं लाइन में लगी हुई थी वहीं कई महिलाएं दवा के इंतजार में जमीन पर बैठकर काउंटर खुलने का इंतजार करती दिखी। वार्डो में भी मरीजों को समय से दवाएं नहीं मिल सकी। इतना ही नहीं लैब में भी कामकाज ठप होने के चलते जांच के लिए मरीज इधर-उधर भटकते रहे। वार्डो में भी मरीजों को दिक्कतें हुई हालांकि अस्पताल प्रबंधन ने संविदा पर तैनात नर्सिंग स्टाफ को स्थिति को देखते हुए तैनात किया। सरकारी अस्पताल आने वाले मरीजों को डॉक्टर से परामर्श लेने के बाद जांच कराने और दवाएं लेने में भी खासी मशक्कत करनी पडती है। लैब में जांच का काम भी 12 बजे तक होता है। ऐसे में सुबह के दो घंटे हडताल में चले जाने से मरीजों को अब जांच के लिए सोमवार तक इंतजार करना पडेगा। जिले के सभी सरकारी अस्पतालों, स्वास्थ्य केन्द्रों पर दो घंटे की हड़ताल ने मरीजों की मुश्किलें बढा दी।

डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष एसपी वर्मा ने बताया कि यह हड़ताल अनिश्चितकालीन है। संघ अपनी मांगों को लेकर हड़ताल कर रहा है जिसमें प्रमुख रूप से नए मेडिकल कालेज खोल कर सरकार उसमें स्टाफ को लखनऊ से सम्बद्ध कर रही है।

# धर्मांतरण मामला: आरोपी बद्दो का सामने आया पाकिस्तानी कनेक्शन

- दादी और मां पाक की रहने वाली, इसलिए वहां तमाम रिश्तेदारियां और फोन नंबर थे सेव

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

ऑनलाइन गेम की आड़ में धर्मांतरण सिंडिकेट चलाने के आरोपी खान शहनवाज मकसूद उर्फ बद्दो ने आखिरकार गाजियाबाद पुलिस को अपना पाकिस्तान कनेक्शन बता दिया। बद्दो के मुताबिक उसकी दादी और मां पाकिस्तान की रहने वाली हैं। वहां उसकी तमाम रिश्तेदारियां हैं। इस वजह से लोग उसे जानते है, इसलिए उसके मोबाइल में 30 से ज्यादा पाकिस्तानी नंबर सेव हैं।

गाजियाबाद पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर बद्दो को 3 दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड अवधि 23 जून की सुबह 11 बजे से शुरू हो चुकी है। पुलिस उसे जेल से निकालकर अज्ञात स्थान पर ले गई। जहां तमाम सवालों पर पूछताछ हुई।

सूत्रों ने बताया कि बद्दो ने वर्तमान धर्मांतरण वाले इश्यू पर कुछ खास नहीं बताया है। सिर्फ इतना कहा है कि वो कम्प्यूटर गैजेट्स ऑनलाइन बेचता है।

# 2660 फर्जी कंपनी बनाने के मामले में तीन और गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

फर्जी तरीके से कंपनियों का रजिस्ट्रेशन कराकर 15 हजार करोड़ रुपए के फ र्जीवाड़े के मामले में 3 और जालसाजों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से फ र्जी टैक्स इनवाइस दस्तावेज, 6 जीएसटी फर्म के ऑनलाइन दस्तावेज, 03 मोबाइल फ ोन, डीएल, पैन कार्ड, 02 आधार कार्ड, दो लग्जरी कार जिसमें एक महिंद्रा एक्सयूवी 700 और स्कोडा रैपिड व 42 हजार रुपए नकद बरामद किए गए है।

एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि इनकी पहचान अतुल गुप्ता पुत्र विमल गुप्ता, सुमित गर्ग उर्फ चाचा पुत्र मोहनलाल गर्ग, मनन सिंगल पुत्र संत कुमार सिंघल हुई है। गोपनीय सूचना के आधार पर इनको डीएनडी होते हुए ग्रेटर नोएडा की तरफ एक्सप्रेस वे की तरफ जाते हुए कनेक्टेड रोड से गिरफ्तार किया गया है। इनका काम फ र्जी बिल जनरेट करना था। इस मामले में अब तक महिला समेत 15 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कई अन्य कंपनी और कार्यालय के बारे में पुलिस को जानकारी दी है। फ र्जीवाड़े में शामिल आरोपियों की संख्या 50 तक पहुंचने की आशंका जाहिर की जा रही है। नोएडा कमिश्नरेट पुलिस ने 1 जून को 2660 फर्जी कंपनी बना जीएसटी में रजिस्ट्रेशन कराकर 15 हजार करोड़ से अधिक का फ्रॉड करने वाले एक रैकेट का खुलासा किया था।

# बच्ची के कुकर्मी को मिली आजीवन कारावास की सजा

- कोर्ट ने अभियुक्त को पचास हजार का जुर्माना लगाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



6 वर्ष पूर्व एक बच्ची का जीवन बर्बाद करने वाले दुष्कर्मी को गौतमबुद्धनगर की जिला अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

इस कुकर्मी पर 50 हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना न भरने की स्थिति में सजा को और बढ़ाने का प्रावधान भी किया गया है। वर्ष.2017 में लाला उर्फ पप्पू नामक एक युवक ने एक नाबालिग बच्ची के साथ रेप किया था। इस दुरूखद घटना से बच्ची का पूरा जीवन तबाह हो गया था। कासना थाने में इस घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। कासना पुलिस ने अपराध संख्या 258/17 पर धारा.376 तथा 5/6 पोक्सो एक्ट के साथ ही साथ एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। इस मामले की सुनवाई गौतमबुद्धनगर जिला कचहरी में चल रही थी।

लम्बी सुनवाई में पूरे 6 साल का समय लग गया, किन्तु अंत में भगवान के यहां देर है अंधेर नहींश वाली कहावत चरितार्थ हुई। गौतमबुद्धनगर के जिला जज ने कुकर्मी लाला उर्फ पप्पू को आजीवन कारावास की सजा सुना दी है। साथ ही उस पर 50 हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है। आजीवन कारावास की सजा मिलने वाला कुकर्मी लाला उर्फपप्पू मूल रूप से फरीदाबाद हरियाणा का रहने वाला है।

उसके पिता का नाम हुकुम सिंह है और वह फरीदाबाद के सेक्टर.23 की संजय कालोनी का निवासी है। वर्ष.2017 में वह कासना के रहने वाले सतीश भाटी के मकान में किराये पर रह रहा था।

वहीं उसने अपने पड़ोस की नाबालिग बच्ची को अपनी हवस का शिकार बनाकर उसका पूरा जीवन तबाह कर दिया था। बच्ची के परिजनों ने न्यायालय के आदेश पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा है कि उन्हें तो इस मामले में कुकर्मी को फांसी की सजा मिलने की उम्मीद थी। फिर भी वह न्यायालय के आदेश से संतुष्ट है।

NOTICE

NOTICE, is hereby given that **Mr. GAJANAN SHREEKANT AMIN** S/o. Late Shreekant Laxman Amin, residing at- Ganga D-5, Siddhivinayak Nagari, Nigdi, Pune, Maharashtra-411044 is the owner of ENTIRE DDA BUILT-UP FREE- HOLD FLAT NUMBER 76-C, IN BLOCK DB, ON FIRST FLOOR, CATEGORY LIG, SITUATED AT G-8, AREA RAJOURI GARDEN, HARI NAGAR, NEW DELHI - 110064 ALONG WITH SCOOTER GARAGE ON GROUND FLOOR as per the registered document. My client inform to all general public that, Nobody should deal with the above mentioned property of any kind of Saledeed, Agreement, Agreement to Sale, Mortgage, Lease, Lien, Gift, Charge, Easement, Exchange, Possession without my client consent. If anybody deal with above property without the consent of my client, the said transaction will not be binding on my client. If my client finds out any above mentioned activity, comes in the knowledge of my client then my client reserves his rights to take appropriate legal action against the perpetrators

**Subhash Abaji Gund,** Advocate & Notary
# Shivsankalp, Plot No. 466, Sector No.21, Yamuna Nagar, Nigdi
Pune-411044. Maharashtra Mobile No. **9822214311**

Date: 25-06-2023
Place: Pune

प्रारुप संख्या आईएनसी–26
[कंपनी (निगमन) अधिनियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]
कंपनी का रजिस्ट्रीकृत कार्यालय एक राज्य से दूसरे राज्य में अंतरित करने के लिए समाचार पत्र में प्रकशित किया जाने वाला विज्ञापन
**केंद्रीय सरकार के समक्ष, प्रादेशिक निदेशक, उत्तरी क्षेत्र**
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और कंपनी (निगमन) अधिनियम, 2014 के नियम 30 के उपनियम (क) छ के मामले में
और
**विनायक सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड** जिसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय **136/11, खसरा नं.126/70, बेगमपुर, नई दिल्ली, दक्षिण दिल्ली, दिल्ली–110017, भारत,** स्थित है, के मामले में,
..........याचिकाकर्ता

नोटिस

आम जनता को यह नोटिस दी जाती है कि यह कंपनी केंद्रीय सरकार के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अधीन आवेदन करने का प्रस्ताव करती है जिसमें कंपनी का रजिस्ट्रीकृत कार्यालय **"दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (रा.रा.क्षे.)"** से **"हरियाणा राज्य"** में करने के लिए तारीख **जून 16,2023** को आयोजित असाधारण अधिवेशन में पारित विशेष संकल्प के संदर्भ में कंपनी के संगमज्ञापन में संशोधन की पुष्टि की मांग की गई है।

कंपनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति या तो **निवेशक शिकायत प्ररुप फाइल कर एमसीए–21 पोर्टल (www.mca.gov.in) में शिकायत दर्ज कर सकता है** या एक शपथ पत्र जिसमे उनके हित का प्रकार और उसके विरोध का कारण उल्लिखित हो, के साथ अपनी आपत्ति **प्रादेशिक निदेशक, उत्तरी क्षेत्र,** को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 14 दिनों के भीतर **बी–2 विंग, दूसरा फ्लोर, पं. दीन दयाल अंत्योदया भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली, दिल्ली–110003** पते पर पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकता है या सुपुर्द कर सकते है और इसकी प्रति आवेदक कंपनी की उनके निम्नलिखित रजिस्ट्रीकृत कार्यालय पर भी भेजेगाः

"136/11, खसरा नं.126/70, बेगमपुर, नई दिल्ली दक्षिण दिल्ली, दिल्ली–110017, भारत"

आवेदक के लिए और आवेदक के ओर से
विनायक सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
ह/–
आदित्य कुमार मोहता
निदेशक
डीआईएनः 02395522

दिनांकः 25 जून,2023
स्थानः नई दिल्ली

### खोदे गए गड्ढे में गिरा बाइक सवार युवक

**गाजियाबाद।** मलिक नगर चौराहे पर निर्माण कार्य के लिए खोदे गए गड्ढे में बाइक सवार युवक गिर गया। हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गड्ढे के पास कोई बैरिकेडिग नहीं लगा रखा है। एक सप्ताह के अंदर दस हादसे हो चुके हैं। नगर पालिका परिषद द्वारा निर्माण कार्य के लिए गहरा व चौड़ा गड्ढा खोदा गया है।

बताया जा रहा है कि ठेकेदार ने गड्ढे के आसपास बेरिकेंडिग नहीं लगा रखी है। जिस कारण आए दिन लोग गड्ढे में गिर रहे हैं। शुक्रवार रात को मुरादनगर निवासी सोनू बाइक से जा रहा था।

# शिकंजा: कुख्यात गैंगस्टर कुलबीर भाटी का घर कुर्क

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुख्यात गैंगस्टर रणदीप भाटी के छोटे भाई कुलबीर भाटी के एक करोड़ 51 लाख रुपए मूल्य के घर को शनिवार को गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने कुर्क किया है। पुलिस ने बताया कि जिस घर को कुर्क किया गया है वह गौतमबुद्ध नगर के रिठौरी गांव में स्थित है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर की पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह द्वारा जारी आदेश के तहत थाना जारचा पुलिस ने गैंगस्टर कानून की धारा 14 (1) के तहत कुलबीर भाटी के रिठौरी गांव में स्थित उसके घर को कुर्क किया।

उन्होंने बताया कि आरोपी ने उक्त मकान को कथित तौर पर अपराध के जरिए धन अर्जित करके बनवाया था। अधिकारी ने कहा कि जनपद गौतमबुद्ध नगर की पुलिस अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है।

उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। ज्ञात को नोएडा पुलिस के निशाने पर जनपद के टॉप मोस्टवाटंड अपराधी है।


गैंगस्टर रणदीप भाटी के छोटे भाई कुलबीर भाटी का घर कुर्क करती नोएडा पुलिस।

# गाजियाबाद में 'आम' बरामदगी में पुलिस का खेल!

- किसान बोला- हमारा आम उठाकर ले गई पुलिस, प्रेस कॉन्फ्रेंस में चोरी का बताकर किया पेश

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद


प्रतीकात्मक फोटो

गाजियाबाद में 16 जून को बाग से 95 पेटी आम लूटे गए थे। 20 जून को पुलिस ने 90 पेटी आम बरामद किए और 4 आरोपी जेल भेज दिए।

अब इस केस में नया मोड़ आ गया है। मोदीनगर कस्बे की मंडी के आढ़ती और किसानों ने आरोप लगाया है कि पुलिस ये आम जबरन उठाकर ले गई और प्रेस कॉन्फ्रेंस में पेश कर दिए। ये आम चोरी वाले नहीं थे। किसानों-आढ़तियों ने सोमवार को मंडी में हड़ताल करने और पुलिस कमिश्नर से मिलने की बात कही है। हालांकि पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने मंडी में जो आम बेचे थे, वही बरामद किए गए हैं।

कस्बा निवाड़ी निवासी रियाजुद्दीन ने पैंगा मार्ग पर आम बाग ठेके पर लिया हुआ है। रियाजुद्दीन के मुताबिक, 16 जून की रात करीब 6-7 बदमाशों ने बाग पर धावा बोल दिया। मजदूरों को बंधक बनाकर गन पॉइंट पर लेकर बदमाश करीब 95 पेटी आम लूटकर ले गए। 20 जून को पुलिस ने शाकिब, सोनू उर्फ सचिन, साबिर खान और मोदीनगर मंडी के आढ़ती मेहराज कुरैशी को गिरफ्तार किया। पुलिस का दावा था कि मेहराज कुरैशी ने चोरी के आम खरीदे थे, जो बरामद कर लिए गए हैं।

जेल से छूटकर आने के बाद आढ़ती मेहराज कुरैशी और कुछ किसानों ने मोदीनगर मंडी में शनिवार को एक प्रेस वार्ता की। मेहराज कुरैशी ने कहा, जिस किसान ने मुझे चोरी के आम बेचे थे, वो पिछले 20 साल से मेरी आढ़त पर सामान बेचता आ रहा है। ऐसे में मुझे क्या पता था कि वो उस दिन चोरी के आम बेचने के लिए आया है। मैंने नियमानुसार बोली लगाकर आम खरीदे और उन्हें बेचकर किसान को पेमेंट भी कर दिया। पुलिस मेरे पास आई। मुझे गिरफ्तार कर लिया। मेरी आढ़त पर 36 पेटी आम दूसरे किसानों का रखा हुआ था, वो उठाकर ले गई। पुलिस से कहा कि ये वो आम नहीं है। इसके बावजूद पुलिस ने मेरी एक नहीं सुनी और मुझे जेल भेज दिया।

**'' बाग में आम चोरी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपियों ने मोदीनगर मंडी में आढ़ती मेहराज कुरैशी को आम बेचने की बात कुबूली। पुलिस ने मेहराज कुरैशी की दुकान से 90 पेटी आम बरामद किया है। इसके अलावा बाकी जितने भी आरोप लगाए जा रहे हैं, वे सब गलत हैं।''**
**-मोदीनगर पुलिस**

# गौर सिटी में गार्ड ने रेजिडेंट को जमकर पीटा, पांच गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गौर सिटी सोसाइटी में गार्डों ने एक रेजिडेंट को जमकर पीटा। गौर सिटी के 12 वे एवेन्यू में एक रेजिडेंट को सुरक्षाकर्मी व बाउंसर ने इतनी बुरा तरह से पीटा की वो लहूलुहान हो गया।

इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 5 सिक्योरिटी गार्ड को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि मारपीट करने वाला एक बाउंसर अभी भी फरार चल रहा है। दरसअल, बिसरख थाना क्षेत्र की गौर सिटी सोसाइटी के 12 एवेन्यू में देर रात जमकर हंगामा हुआ। इवनिंग वॉक कर रहे अर्णव गौतम का रास्ते से जाने को लेकर सिक्योरिटी गार्ड और बाउंसर अजय से कहासुनी हो गई। अजय ने अर्णव को दूसरे रास्ते से जाने के लिए कहा। जिसपर अर्णव ने उस रास्ते से जाने से मना कर दिया। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। विवाद इतना बढ़ गया सिक्योरिटी गार्ड और बाउंसर ने अर्णव के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस मारपीट में गौतम लहूलुहान हो गया।

पास में मौजूद लोगों ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया और वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही सोसाइटी के काफी लोग इकट्ठा हो गए और उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# युवक पर चाकू से हमला, अर्धसैनिक बल तैनात

## जख्मी युवक अस्पताल में भर्ती, दयालपुर में मामूली घटना पर दो समुदाय में तनाव, वारदात के बाद से आरोपी फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में एक बार फिर सनसनीखेज वारदात सामने आई है। शुक्रवार देर रात बृजपुरी इलाके में चाकूबाजी की घटना के बाद दो समुदायों के बीच तनाव का माहौल है। घायल को जीटीबी अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती करवाया गया है जहां उसकी हालत गंभीर है।

घटना की संवेदनशीलता को देखता हुए अर्धसैनिक बल के साथ दिल्ली पुलिस ने इलाके में फ्लैग मार्च किया है। इतना ही नहीं वहां भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर दिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी और पीड़ित एक ही इलाके में रहते हैं। वारदात के बाद से आरोपी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार रात करीब दस बजे, बृजपुरी निवासी सोनू रिश्ते के अपने भाई राहुल के साथ आइसक्रीम खाने गया था। उसी गली में रहने वाले मोहम्मद जैद से राहुल का मामूली बात पर विवाद हो गया और मारपीट के दौरान जैद ने राहुल के पेट पर चाकू से हमला कर दिया।

इस हमले में सोनू के भी हाथ में चोटें आईं। इस घटना के बाद किसी भी सांप्रदायिक हिंसा को रोकने के लिए इलाके में अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। जांच से पता चला कि दोनों के बीच अहं को लेकर कुछ विवाद शुरू हुआ था।

जैद अपने पिता के साथ बढ़ई का काम करता है, जबकि राहुल के पिता कैंडी बेचते हैं।

पुलिस उपायुक्त जॉय टिर्की के अनुसार यह एक मामूली विवाद था जिसके कारण दोनों के बीच हाथापाई हुई। संभवत: जैद उस वक्त अकेला था और उसके पास धारदार चाकू था, जिससे उसने राहुल पर हमला कर दिया। जब सोनू, राहुल को बचाने पहुंचा तब उसके हाथ में भी चोटें आई। घटना के बाद आरोपी जैद फरार हो गया और उसके खिलाफ दयालपुर पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 307 और धारा 324 के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि घायल राहुल को अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती करवाया गया है।

राहुल के पिता राम स्वरूप ने बताया कि राहुल और रिश्ते में उसके भाई सोनू रात के खाने के बाद आइसक्रीम खाने गए थे। तभी वहां नूडल्स खा रहे एक व्यक्ति के साथ उसकी बहस हो गई। उन्होंने सुना कि उनके बीच विवाद हुआ और उस व्यक्ति ने राहुल को चाकू मारकर घायल कर दिया। जब सोनू ने बीच-बचाव की कोशिश की तो उस पर भी हमला किया गया।

राहुल को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह फिलहाल आईसीयू में हैं। एक स्थानीय ने बताया कि चाकू मारने के बाद इलाके में भारी भीड़ जमा हो गई थी। घटना के बाद कुछ लोग आरोपी जैद को वहां से भागने में मदद कर रहे थे।



### घटना दुखद, सभी संयम बरतें : तिवारी



**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली से सांसद मनोज तिवारी ने बृजपुरी में शनिवार को हुई चाकूबाजी की घटना पर दुख व्यक्त किया है और कहा है कि हमें ऐसी घटनाओं से समाजिक सौहार्द नहीं बिगड़ने देना है। उन्होंने स्थानीय लोगों से संयम बनाये रखने की अपील करते हुये कहा है कि कुछ लोग समाज में हिंसा फैलाकर सौहार्द बिगाड़ना चाहते हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहना है। भाजपा सांसद ने पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा एवं स्थानीय पुलिस उपायुक्त से इस घटना के संदर्भ में बात करके पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई एवं आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

### सौरभ ने भाजपा और एलजी पर साधा निशाना



**कैबिनेट मंत्री एवं आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने ट्वीट करके इस मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) पर निशाना साधा। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि बृजपुरी इलाके में चाकूबाजी की घटना हुई। ऐसा नहीं लगता कि यह राष्ट्रीय राजधानी है। अब इसमें हिंदू-मुस्लिम कोण भी है। अब भाजपा हंगामा कर सकती है, और उपराज्यपाल साहब से सवाल भी कर सकती है।**

### पुलिस अपराध पर अंकुश नहीं लगा पा रही : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** अपराध का ग्राफ का बढ़ा है। बदमाश खुलेआम, लूट, और चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर दहशत फैला रहे हैं। पुलिस अपराधियों पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। नतीजतन अपराधी खुलेआम वारदात किए जा रहे हैं। इस मुद्दे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल ने कहा कि हाल ही में शाहबाद डेयरी में साक्षी हत्याकांड, आरके पुरम दो महिलाओं की हत्या, मंडावली में वृद्धा की सूए घोपकर हत्या, कंझावला में कार द्वारा लड़की को रौंदना, सनलाईट कॉलोनी में बच्ची से गैंगरेप सहित त्रिलोकपुरी, जीटीबी अस्पताल में हुई घटनाऐं निर्भया कांड से कमतर नहीं है।

# ट्रायल्स में छूट नहीं, सिर्फ तैयारी के लिए समय मांगा था: पहलवान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- योगेश्वर के वार पर साक्षी, बजरंग, विनेश का पलटवार



एशियाई खेलों और विश्व चैम्पियनशिप के ट्रायल्स से छूट मिलने के लिए साथी पहलवानों के विरोध का सामना कर रहे आंदोलनकारी पहलवानों ने आईओए से इस तरह की छूट की मांग से इनकार किया और कहा कि अगर यह साबित हो गया तो वे कुश्ती छोड़ देंगे।

लंदन ओलंपिक कांस्य पदक विजेता योगेश्वर दत्त ने शुक्रवार को सवाल उठाए थे कि क्या ये पहलवान इस तरह की छूट हासिल करने के लिए ही विरोध कर रहे थे और उन्होंने जूनियर पहलवानों, उनके कोचों और अभिभावकों से इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने की बात कही थी। साक्षी ने सोशल मीडिया पर लाइव चैट में कहा कि हमने ट्रायल्स में छूट नहीं मांगी थी, बस तैयारी के लिए समय मांगा था। बजरंग ने कहा कि अगर आपको एक मुकाबले के ट्रायल से परेशानी थी तो आपको खेल मंत्री के पास जाना चाहिए था। लेकिन आपने सोशल मीडिया के जरिए जहर फैलाने का फैसला किया। उन्होंने साथ ही कहा, अगर यह साबित हो जाए कि हमने छूट मांगी थी तो हम कुश्ती छोड़ने को तैयार हैं। हमने छूट के लिए कभी कोई पत्र नहीं लिखा। इन पहलवानों ने अपनी लड़ाई जारी रखने की कसम भी खाई। विनेश ने कहा कि बृज भूषण शरण सिंह को सजा मिलने तक हम अपनी लड़ाई जारी रखेंगे, हम आरोप पत्र दाखिल होने का इंतजार कर रहे हैं।

साक्षी, बजरंग और विनेश फोगाट महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के आरोप में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

# पकड़े जाने के बाद झपटमार ने सोने की बाली निगली

- ब्रह्मपुरी इलाके में घर जा रही महिला के साथ वारदात

**नई दिल्ली।** ब्रह्मपुरी इलाके में एक महिला की कान की बाली छीन कर भाग रहे झपटमार ने पकड़े जाने पर उसे कथित तौर पर निगल लिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना बृहस्पतिवार रात करीब 10 बजे तब हुई जब फूलन देवी पुस्ता से अपने घर लौट रही थीं, तभी पीछे से आए मोटरसाइकिल सवार ने झपटा मारकर उनकी सोने की बाली छीन ली जिसका वजन करीब चार ग्राम था।

अधिकारी ने बताया कि ब्रह्मपुरी निवासी देवी ने आरोपी नसीर (34) को पकड़ने की कोशिश की लेकिन उसने उनका पर्स भी छीन लिया और भागने की कोशिश की।

अधिकारी ने बताया कि कुछ पल बाद ही देवी ने कुछ राहगीरों की मदद से झपटमार को पकड़ लिया और बाइक से नीचे खींच लिया। उन्होंने बताया कि नसीर ने पकड़े जाने के बाद पीड़िता के सामने ही छीनी हुई उसकी बाली निगल ली। पुलिस ने बताया कि पुराने मुस्तफाबाद निवासी नसीर को गिरफ्तार कर लिया गया है और बाली को बरामद करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

# मुखर्जीनगर-परमानंद इलाके में जलभराव से मिलेगी निजात

- विधायक दिलीप पांडे ने ड्रेन का किया उद्घाटन, बोले-सरकार मानसून से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



मुखर्जीनगर में ड्रेन का उद्घाटन तिमारपुर के विधायक दिलीप पांडेय।

मानसूनी बारिश के दौरान मुखर्जी नगर और परमानंद क्षेत्र में अब जलभराव की समस्या से आम जनता को नहीं जूझना होगा।

यह दावा शनिवार को तिमारपुर विधायक दिलीप पाण्डेय ने मुखर्जीनगर में ड्रेन उद्घाटन के दौरान किया। उन्होंने कहा कि यह पहल मानसून के दौरान जलभराव और गंदे पानी की निकासी की समस्या को सुलझाने में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। ड्रेन उद्धाटन समारोह के दौरान विधायक दिलीप पाण्डेय ने बताया कि क्षेत्र में गंदे पानी को सीधे पम्प हाउस तक पहुंचाने के लिए बनाये जा रहे इस नाले से अब मुखर्जीनगर, परमानंद और इसके आसपास के सभी इलाकों में न केवल गलियों में होने वाले जलभराव की समस्या समाप्त होगी, बल्कि आवागमन भी आसान होगा।

विधायक दिलीप पाण्डेय ने कहा कि केजरीवाल सरकार आगामी मानसून के लिए पूरी तरह तैयार है और बारिश के समय दिल्लीवासियों को होने वाली हर एक समस्या पर हमारी नजर है।

उन्होंने कहा कि हम सदैव दिल्लीवासियों की हर समस्या को समय रहते दूर करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और आने वाले समय में तिमारपुर के विकास के लिए और भी कदम उठाएंगे। उन्होंने तिमारपुर की जनता का धन्यवाद देते हुए कहा कि आगे भी वो इसी समर्पण के साथ तिमारपुर के विकास के लिए प्रयास करते रहेंगे।

### कुत्तों का बंध्याकरण

## नए की जगह मौजूदा अस्पतालों का ही इस्तेमाल करे सरकार : गोयल

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने शनिवार को सुझाव दिया कि दिल्ली सरकार को नया कुत्ता बंध्याकरण सह अस्पताल खोलने के बजाय शहर में मौजूदा 70 पशु अस्पतालों का ही इस काम में उपयोग करना चाहिए।

गोयल की सिफारिश से एक दिन पहले राजनिवास ने कहा था कि उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने दक्षिण पश्चिमी दिल्ली के वसंतकुंज इलाके में कुत्ता बंध्याकरण केंद्र सह पशु अस्पताल खोलने के लिए जमीन आवंटन को मंजूरी दे दी है। विजय गोयल ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में जमीन आवंटन के लिए उपराज्यपाल को धन्यवाद दिया लेकिन कहा कि इस प्रयास में यहां आवारा कुत्तों की भयंकर समस्या के समाधान में कमी आएगी। वर्तमान आवारा कुत्तों की आबादी नियंत्रण उपाय नाकाफी हैं। गोयल ने सवाल किया हर कुत्ते के बंध्याकरण के लिए निगम द्वारा हजारों रुपये दिए जाने के बाद भी कुत्तों का बंध्याकरण नहीं किया जा रहा है।

# मानव तस्करी व यौन शोषण में शामिल बदमाश गिरफ्तार

- कड़कड़डूमा कोर्ट ने विशाल सिंह को भगोड़ा घोषित कर उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने मानव तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक बदमाश को उत्तर प्रदेश के आगरा के फतेहाबाद रोड से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान विशाल सिंह के रूप में हुई है। विशाल पर मानव तस्करी और लड़कियों के यौन शोषण के संगीन आरोप है। आरोपी के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के तहत कई धाराओं में मामले दर्ज किए गए हैं।

विशेष पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंह यादव ने बताया कि 21 नवंबर 2019 को शिकायतकर्ता की शिकायत पर थाना मयूर विहार में कसे दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसकी दो बेटियां घर से गायब हो गईं थीं। जांच के दौरान, छोटी बेटी का पता लगाया गया और यह भी पता चला कि दोनों लड़कियों का मानव तस्करों के गिरोह द्वारा अपहरण कर लिया गया था और उत्तम नगर में उनका यौन शोषण किया गया था। पीड़िता के बयान पर चार तस्करों नरेश, राजू कुमार, राज चौधरी, शशि माला और किरण को गिरफ्तार किया गया था। बाद में बड़ी बेटी का भी पता लगा लिया गया। मुख्य आरोपी विशाल सिंह के सभी ठिकानों पर छापेमारी की गयी लेकिन उसका पता नहीं चल सका। बाद में उसे कड़कड़डूमा कोर्ट ने भगोड़ा घोषित किया था। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए कई राज्यों समेत पड़ोसी देशों नेपाल और भूटान में घूम रहा था। उसे मुखबिर की सूचना और सर्विलांस के आधार पर फतेहाबाद रोड से गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ करने पर उसने खुलासा किया कि वह मानव तस्करी और लड़कियों के यौन शोषण में शामिल था। वह वर्ष 2019 से वह अपनी गिरफ्तारी से बच रहा था और न केवल भारत में बल्कि नेपाल और भूटान में भी विभिन्न राज्यों के विभिन्न शहरों में होटल, लॉज और घर बदलता रहता था। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर साजिश रची और पीड़ित2 लड़कियों को देह व्यापार में धकेल दिया।

वह पैसे कमाने के लिए उन्हें बार डांसर और वेश्याओं के रूप में इस्तेमाल करता था। विशाल ने शादी का झांसा देकर मासूम बच्चियों के साथ उनकी मर्जी के खिलाफ शारीरिक संबंध भी बनाए।

# पानी को लेकर भाजपा का मटका फोड़ प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- 800 करोड़ रुपये प्रति वर्ष के घाटे में चल रहा जलबोर्ड टैंकर के 500 हेल्पर्स को पिछले आठ महीनों से तनख्वाह नहीं दे पाया है : सचदेवा



झंडेवालान स्थित दिल्ली जल बोर्ड मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन करते भाजपा नेता।

पानी की कमी और दूषित जलापूर्ति किए जाने के विरोध में शनिवार को प्रदेश भाजपा कार्यकर्ताओं ने झंडेवालान स्थित दिल्ली जल बोर्ड मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की अगुवाई में यह प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं के हाथ में पोस्टर और बैनर के साथ खाली मटका था। प्रदर्शनकारियों ने मटकों को फोड़कर अपना विरोध जताया।

प्रदर्शनकारी झंडेवालान मन्दिर के पास एकत्र हुए और वीरेन्द्र सचदेवा के साथ मार्च करते हुए पुलिस बैरिकेड्स तोड़ते हुए जल बोर्ड मुख्यालय की ओर बढ़ने लगे। पुलिस वीरेन्द्र सचदेवा, सांसद रमेश बिधूड़ी सहित कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर पहाड़गंज ले गई। बाद में उन्हें चेतावनी दे कर छोड़ दिया।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड आज पूरी तरह से दिवालिया हो चुका है और स्थिति यह है कि उसके पास लिए हुए कर्ज के ब्याज चुकाने का भी पैसा नहीं है जबकि यही जलबोर्ड वर्ष 2014-15 में लाभ में था। उन्होंने कहा कि लोग साफ पानी के लिए तरस रहे हैं। द्वारका, संगम विहार में पानी की किल्लत है। कोंडली में दूषित पानी से लोग बीमार पड़ रहे इहैं। यमुना पार का ऐसा कोई इलाका नहीं है जहां पानी की समस्या नहीं हो। केजरीवाल ने जलबोर्ड के चेयरमैन रहते एक नया काम किया और जल बिल से इकट्ठा होने वाली रूपए 20 करोड़ से ज्यादा की राशि के लिए एक नई कंपनी फेस एंटिफिसेशन को हायर किया।




मणिपुर में हिंसा को लेकर विभिन्न नागरिक समाजों के सदस्यों ने जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया।

# नशे के कारोबार को मिटाने को प्रतिबद्ध दिल्ली पुलिस

- पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा के निर्देशन में मनाया जा रहा नशा मुक्त भारत पखवाड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



ब्रह्मकुमारीज की तरफ से नशा पीड़ितों के लिए कार्यक्रम में शिरकत पुलिस अधिकारी।

देश में मादक पदार्थों के विरुद्ध केंद्र सरकार जीरो टॉलरेंस नीति पर दिल्ली पुलिस नशे के कारोबार को जड़ से मिटाने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व और पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा के दिशा निर्देशन में इस समस्या के निदान के लिए सभी कानून प्रवर्तन संस्थओं को कठोर एवं कारगर कदम उठाने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। जिसे दिल्ली निष्ठापूर्वक कार्यान्वित कर रही है। इसी क्रम में 12 से 26 जून तक नश मुक्त भारत पखवाड़ा के अंतर्गत राजधानी में शुक्रवार को ब्रह्मकुमारीज की तरफ से नशा पीड़ितों के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। राजधानी में पुलिस सक्रिय अवैध मादक पदार्थों के तस्करों/आपूर्तिकर्ताओं के खिलाफ अभियान जारी रखते हुए, दिल्ली पुलिस प्रतिदिन अवैध मादक पदार्थों के आपूर्तिकर्ताओं/पैडलर्स की गिरफ्तारी के साथ अवैध मादक पदार्थों के तस्करों के नेटवर्क/रैकेट का भंडाफोड़ कर रही है। दिल्ली पुलिस ने नशीले पदार्थ की गिरफ्त में आए युवाओं से इससे बचने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। नशे पर नकेल कसने के लिए दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और अपराधा शाखा के जिलों और इकाइयों द्वारा 12 से 26 जून, 2023 तक 'नशा मुक्त भारत पखवाड़ा' मनाया जा रहा है।

इस पखवाड़े के दौरान इन सभी टीमों व दिल्ली पुलिस बैंड के सदस्यों ने तमाम जिला पुलिस से समन्वय स्थापित करके राजधानी की हर गली- मोहल्ले में आम जनता विशेषकर युवा वर्ग के बीच जाकर प्रेरणादायी संदेश प्रचारित एवं प्रसारित किया जा रहा है। 23 जून को सभी 15 जिलो में स्थित सभागारों में ब्रह्माकुमारीज़ और इसकी सहयोगी कंपन के सहयोग से विशेष जागरूकता आयोजित किया गया।

### राजयोगी जीवनशैली का करें अभ्यास

राजयोगी जीवनशैली के अभ्यास में सुबह जल्दी ध्यान (अमृत वेला), संध्या ध्यान, सोने से पहले ध्यान, प्रतिदिन सकारात्मक सोच और ज्ञान वर्ग (मुरली), नियंत्रण का अभ्यास पूर्वनिर्धारित समय पर विचार (यातायात नियंत्रण), सात्विक आहार और आत्मा चेतना करना शामिल है। राजयोग अभ्यासियों में उत्पन्न होने वाले प्रमुख चरों में से एक यह है कि वे मन की शांति का अनुभव करें । मन को कार्य करने से पहले सोचने और बुद्धि का उपयोग छान-बीन करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है विचार के माध्यम से और केवल वही स्वीकार करें जो सकारात्मक और अनुकूल हो। राजयोगी जीवनशैली में ध्यान प्रमुख कारक है।

# एम्स में ब्रेन डेड व्यक्ति के अंगदान से कई लोगों को मिली नई जिंदगी

- दान किए गए अंगों को राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रतिरोपण संगठन के माध्यम से आवंटित किया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में सिर में चोट लगने के कारण दिमागी रूप से मृत घोषित किए गए एक व्यक्ति के परिवार ने उसके अंगों को दान करके कई लोगों की जान बचाने में मदद की है। राजेश प्रसाद द्वारा दान किए गए अंगों को राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रतिरोपण संगठन के माध्यम से प्राप्तकर्ताओं को आवंटित किया गया।

उनके यकृत को दिल्ली स्थित एम्स और किडनी को दो अस्पतालों- दिल्ली स्थित एम्स और सफदरजंग अस्पताल को दिया गया। एम्स के राष्ट्रीय नेत्र बैंक में उनके कॉर्निया को संरक्षित किया गया है, जबकि उनके हृदय के वाल्व को एम्स के हृदय केंद्र में संरक्षित किया गया है। यह जानकारी एम्स की ओर से दी गई।

अस्पताल ने कहा कि निर्माण कार्य के दौरान 10 फुट की उंचाई से फिसलकर गिरने के कारण 21 जून को प्रसाद चोटिल हो गए थे और उन्हें पहले नजदीक के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसके बाद उन्हें सिर में गंभीर चोट के चलते एम्स के ट्रामा सेंटर के लिए रेफर किया गया था, जहां उन्हें 22 जून को दिमागी रूप से मृत घोषित कर दिया गया।

# एनआईए ने कौशल गैंग का एक लाख का ईनामी कुख्यात किया गिरफ्तार

### आरोपी के पास से एक अवैध पिस्टल, 6 जिंदा कारतूस भी बरामद

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**नेशनल** इवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) द्वारा घोषित एक लाख रुपये का ईनामी बदमाश गुरुग्राम पुलिस ने दबोचा है। आरोपी का नाम संदीप उर्फ बंदर है, जो कि गैंगस्टर कौशल के लिए काम करता रहा है। यह वर्ष 2007 से अपराध की दुनिया में सक्रिय है।



एनआईए द्वारा घोषित कौशल गैंग का मुख्य सदस्य ईनामी बदमाश पुलिस गिरफ्त में।

जानकारी के अनुसार 23-24 जून 2023 की रात को अपराध शाखा सेक्टर-39 प्रभारी पंकज की पुलिस टीम को विश्वसनीय सूत्रों के माध्यम से इन बदमाशों के बारे में सूचना मिली थी। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए सेक्टर-39 से एक पल्सर मोटरसाईकिल पर सवार 1 लाख रुपयों के ईनामी कुख्यात बदमाश संदीप उर्फ बंदर निवासी नाहरपुर रूपा (37) को अवैध हथियार सहित काबू करने में बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस के अनुसार कुख्यात गैंगस्टर संदीप उर्फ बंदर गांव नाहरपुर रुपा निवासी कौशल व अमित डागर के गांव का ही रहने वाला है। ये इन्हीं गैंगस्टरों के गिरोह का मुख्य सदस्य भी है। कौशल के लिए ये अवैध वसूली/उगाही करता है। यह वर्ष-2007 में अपराध की दुनिया में आया और उसके बाद से लगातार यह संगीन वारदातों को अंजाम देने में सक्रिय है। यह पहले कई बार जेल जा चुका है और सितम्बर-2021 में जमानत पर जेल से बाहर आया था और जेल से बाहर आने के बाद फिर से अपराधिक वारदातों को अंजाम देने लगा। बदमाश कई बार जेल जा चुका है। वह आदतन अपराधी है। उसकी गिरफ्तारी पर नेशनल इवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) द्वारा 1 लाख रुपयों का ईनाम भी घोषित किया हुआ है। पुलिस टीम द्वारा मोटरसाईकिल पर सवार इस कुख्यात बदमाश के कब्जा से 1 अवैध पिस्टल व 6 जिन्दा कारतूस बरामद करने उपरांत आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया। कुख्यात ईनामी बदमाश से प्रारम्भिक पुलिस पूछताछ में व इसके आपराधिक रिकॉर्ड के अवलोकन से इसके खिलाफ गुरुग्राम व दिल्ली में हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती की योजना, रंगदारी/फिरौती मांगने, धमकी देने, पुलिस के साथ मुठभेड़ व अवैध हथियार रखने इत्यादि संगीन अपराधों की वारदातों को अंजाम देने के करीब 1 दर्जन अभियोग अंकित है।

## शिव परिवार मूर्ति स्थापना से पूर्व जीएल शर्मा ने परिवार संग की पूजा



मंदिर में शिव-परिवार मूर्ति स्थापना से पूर्व यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

**गुरुग्राम।** गांव राजावास के मंदिर में शिव परिवार की मूर्ति स्थापना से पूर्व हरियाणा भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं हरियाणा डेयरी सहकारी प्रसंघ के पूर्व चेयरमैन जीएल शर्मा ने परिवार सहित पूजा-अर्चना की।

उन्होंने परिवार के साथ मंदिर में पूजन किया। बता दें कि राजावास जीएल शर्मा का मूल निवास है। यहां मंदिर में उनके परिवार की ओर से शिव परिवार की मूर्ति स्थाना की जानी है। उसी उललक्ष्य में मंदिर में 24 से 26 जून तक तीन दिन का पूजन कराया जा रहा है। पूजन गुरुग्राम के श्री शीतला माता मंदिर के पुजारियों की ओर से पूरे विधि विधान के साथ कराया जा रहा है। शनिवार को पूजन शुरू करने से पूवज् गांव में क्लश यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। क्लश यात्रा में जीएल शर्मा अपनी पत्नी सरला शर्मा के साथ शामिल हुए। तत्पश्चात मंदिर में सपत्नीक पूजन के दौरान जीएल शर्मा के साथ गांव की सरपंच एवं उनकी ज्येष्ठ पुत्रवधु संगीता अमित शर्मा, उनके पुत्र अमित शर्मा, मंदिर समिति के प्रधान बिशन शर्मा, धरम शर्मा, जॉनी शर्मा, राजेंद्र शर्मा, अशाराम शर्मा, दयाराम पंच, पृथ्वी सिंह, पंच सीमा, तेज सिंह, संजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### करणी सेना ने आदिपुरुष फिल्म का विरोध जताया



शुक्रवार को सोहना में आदिपुरुष फिल्म के निर्देशक का पुतला फूंकते करणी सेना के कार्यकर्ता।

**सोहना।** आदिपुरुष फिल्म को लेकर करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने रिलीज को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। फिल्म के निर्देशक ओम राउत को पुतला फूंका। शुक्रवार की शाम करीब 6 बजे करणी सेना के 10 से 15 कार्यकर्ताओं ने शहर की चुंगी नंबर दो पर एकजुट हुए। करणी सैनिक इस अवसर पर अपने हाथों में एक बैनर लिए हुए थे। जिस पर करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल अम्मू समेत आदिपुरुष फिल्म के लेखक से लेकर निर्देशक और कलाकारों की फोटो लगी हुई थी। कार्यकर्ताओं ने पहले नारेबाजी की। उसके बाद फिल्म के निर्देशक आम राउत का पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम एवं सनातन संस्कृति से जुड़ी रामायण पर बनी फिल्म में घटिया डायलॉग का उपयोग करने का विरोध जताया। विरोध प्रदर्शन करने वालों में करणी सेना के युवा मंडल अध्यक्ष तरुण राघव ने बताया कि इस फिल्म का कड़ा विरोध करते है। जिसमें भगवान श्रीराम के प्रति गलत वेशभूषा और कलाकारों द्वारा अभद्रता से पहने हुए वस्त्र से मर्यादाओं का उल्लघंन हुआ है।

### घर के बाहर खेलती बालिका सहेली संग लापता

**सोहना।** भोंडसी की कृष्णा कुंज कॉलोनी में घर के बाहर खेल रही 10 वर्षीय किशोरी अपनी सहेली के संग संदिग्ध हालत में लापता हो गई। पीड़ित पिता ने स्थानीय पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुए लापता हुई दोनों किशोरियों को तलाश किए जाने की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज करने बाद लापता किशोरियों की तलाश शुरू कर दी है। भोंडसी कृष्णा कुंज की गली नंबर-4 के निवासी मिथलेश ने स्थानीय पुलिस को बताया कि उसकी 10 वर्षीय बेटी मनीषा नया गांव के राजकीय स्कूल की कक्षा 4 में पढ़ती है। उसके साथ गली नंबर 17, कृष्णा कुंज निवासी किशोरी भी पढ़ती है। दोनों ही किशोरियां शुक्रवार की सायं 5 बजे एक साथ उसके घर के बाहर खेल रही थीं। मिथलेश ने पुलिस को बताया कि सायं 7 बजे दोनों ही किशोरियां अचानक से लापता हो गई। जिन्हें अपने स्तर पर दोनों परिजनों ने तलाशने बाद मिली असफलता के बाद भोंडसी थाना में शिकायत दर्ज कराई।

### तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से बच्ची घायल, केस दर्ज

**तावडू।** जिले अलवर-दिल्ली मार्ग पर गांव हिरमथला के समीप तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से एक बच्ची के घायल होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हिरथमला निवासी जाकिर ने बताया कि बीते 20 जून शाम पांच बजे के करीब पोती इंशा दिल्ली अलवर मार्ग को पार कर गांव की तरफ आ रही थी। उसी दौरान सोहना की ओर से एक तेज रफ्तार कार आई। जिसने इंसा को सीधी टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद चालक कार सहित फरार हो गया। जबकि घायल बच्ची अस्पताल में उपचाराधीन है। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर में घुसकर महिला के साथ दुष्कर्म का आरोप, आरोपी गिरफ्तार

**तावडू।** उपमंडल के एक गांव में घर में घुसकर महिला के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर आगामी जांच शुरू कर दी है।तावडू सदर थाना प्रभारी संदीप मोर ने बताया कि पीड़िता महिला की शिकायत के मुताबिक बीते शुक्रवार रात जब अकेली वह घर पर थी। आरोपी वसीम ने जबरन घर में घुस आया। जो पकड़ कर मर्जी के खिलाफ दुष्कर्म करने लगा। इसी दौरान पति काम से लौटकर घर पर आ गया। पति की मदद से आरोपी वसीम को काबू कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

# पक्षियों को दाना-पानी घौसला लगाओ अभियान चौथे साल भी रहा जारी



पक्षियों के लिए दाना-पानी घोंसले लगाते लोग।

### नवकल्प फाउंडेशन लगवा रहा स्कूल, पार्क और आरडब्यूए के सहयोग से घौसले

**गुरुग्राम।** नवकल्प फाउंडेशन का दाना-पानी घौंसला लगाओ अभियान लगातार जारी है। चौथे साल के अभियान में नवकल्प की टीम लगातार इस कार्य को पूरा कर रही है। इस साल अभी तक 80 घौसले लगा दिए गए हैं। ये घौसले स्कूल, पार्क और आरडब्यूए के सहयोग से सोसायटियों में भी लगाए जा रहे हैं।

सेक्टर-52 के ऑर्चिड आइलैंड और सेक्टर-15 पार्ट-2 में पक्षियों को दाना, पानी व छांव मिले, इसके लिए एनवायरमेंट फ्रेंडली विशेष घौसले बनवाए गए हैं। सेक्टर 52 के ओर्चिड आइलैंड में भारतीय योग संस्थान और आरडब्ल्यूए के साथ मिलकर सेंट्रल पार्क में घौसला लगाया गया। इस मौके पर नवकल्प के फाउंडर अनिल आर्य, उपप्रधान मुकेश गुप्ता, महासचिव डा. सुनील आर्य, आरडब्ल्यूए सदस्य अमिताभ दत्ता, भारतीय योग संस्थान के प्रधान दाताराम हंस, जिला मंत्री सुरेंद्र परमार, ऑर्चिड आइलैंस से मधु अग्रवाल, दीपा हांडा, संतोष, स्वर्णलता, सुषमा अवस्था, मनोहर जोशी सेक्टर-56, एसके बतरा सेक्टर-57, अशोक खत्री ब्लॉस्म-1 सेक्टर-51, बवेजा सेक्टर-47 से मौजूद रहे। नवकल्प फाउंडेशन के महासचिव डा. सुनील आर्य ने कहा कि पर्यावरण में पंछियों की भूमिका काफी अहम है। हम सबको इनके संरक्षण पर विशेष ध्यान देना चाहिए। जब भी तापमान बढ़ता है तो पंछियों का जीवन खतरे में आ जाता है। इसलिए दाना-पानी की व्यवस्था करना भी हम सब का दायित्व है। उन्होंने बताया कि कोरोना काल में वर्ष 2020 से दाना पानी बॉक्स वितरण का अभियान शुरू किया था।

### सेक्टर-15 पार्ट-2 के कम्युनिटी सेंटर में लगाया घौंसला

**सेक्टर-15** पार्ट-2 के कम्युनिटी सेंटर में लायंस क्लब के साथ मिलकर नेस्ट लगाया गया। लायन दीपक कटारिया गुरुग्राम ने कहा, जिस प्रकार गर्मी बढ़ती जा रही है। इसका सबसे ज्यादा असर पक्षियों पर हो रहा है। पेड़ों के अभाव में उनके लिए रैन बसेरों की भी कमी आ गयी है। सेक्टर-15 पार्ट-2 के सामुदायिक भवन में एक घोंसले को लगाया गया है। लोगों को प्रोत्साहित किया गया है कि वो दाना पानी डालते रहें और पक्षियों की सेवा कर सकें। दीपक कटारिया अधिवक्ता (को-ओप्टेड मेम्बर, पंजाब एंड हरियाणा), मीनाक्षी सक्सेना संयोजिका नवकल्प फाउंडेशन, सेक्टर-15 आरडब्ल्यूए और लायंस क्लब के सहयोग से हुआ। इस अवसर पर लायंस क्लब द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया।

# अतिक्रमण व गंदगी करने वालों पर होगी कार्रवाई

### मार्केट कमेटी प्रशासन ने सोमवार से चालान काटने की चेतावनी दी

### छोटे दुकानदार, सब्जी व अनाज आढ़तियों को अतिक्रमण व गंदगी न फैलाने की दी चेतावनी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



शनिवार को अनाज मंडी परिसर में दुकानदारों को गंदगी व अतिक्रमण न करने की चेतावनी देते मार्केट कमेटी के अधिकारी।

> "**सोमवार** को गंदगी फैलाने वाले और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटने की तैयारी कर ली गई है। जिसको लेकर शनिवार को मंडी परिसर में मुनादी व दुकान-दुकान जाकर जानकारी भी दे दी गई है।
>
> **प्रदीप शर्मा**
> **मार्केट कमेटी सहायक अधिकारी**

**मार्केट** कमेटी प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों को नगाड़े की चोट पर दो दिन का समय देते हुए सोमवार से गंदगी और अतिक्रमण करने वालों के चालान काटने की चेतावनी दी है। कमेटी प्रशासन के अधिकारियों ने मंडी परिसर में दुकान-दुकान व रेहड़ी-रेहड़ी जाकर आदेशों की पालना करने की अपील की।

शनिवार को मार्केट कमेटी विभाग की तरफ से नगाड़े की चोट पर मंडी परिसर में मुनादी कराई गई। मुनादी के दौरान मार्केट कमेटी के सुपरवाइजर, एकाउटेंट और अन्य कर्मचारियों ने माशाखोर से लेकर छोटे दुकानदार, सब्जी व अनाज आढ़तियों तक पैदल पहुंचकर अतिक्रमण व गंदगी न फैलाने की चेतावनी दी।

मुनादी के दौरान कचरा फैलाने व अतिक्रमण करने वालों के सोमवार से चालान काटने की चेतावनी भी दी गई। मंडी परिसर की सड़कों के किनारे रेहड़ी व ठेला लगाने वालों को भी स्थान को खाली करने को कहा गया है। इस दौरान मंडी परिसर में अवैध रूप से रखे गए खोखा मालिकों को भी तुरन्त प्रभाव से खोखों को उठाने को कहा है।

**अतिक्रमण की आड़ में सट्टा :** जानकार सूत्रों के अनुसार चाय के खोखा से लेकर सब्जी बेचने के लगे ठेलों की आड़ में मंडी के अंदर जुआ व सट्टेबाजी का बाजार सरेआम चल रहा है। एक दिन में मंडी परिसर के अंदर लाखों रुपये का जुआ व सट्टा खेला जा रहा है।

**आढ़तियों के अवैध कब्जे :** अनाज मंडी में आढ़तियों व किसानों के लिए बनाए टीन शेड पर भी सब्जी विक्रेताओं ने अवैध कब्जा जमाया हुआ है।

सब्जी कारोबारियों ने अपनी निर्धारित आढ़तों के अलावा टीन शेड के नीचे भी अवैध आढ़तें बनाई हुई है। जिनकी आड़ में बिना लाइसेंस धारक सब्जी आढ़ती भी दिन ढलने के साथ अतिक्रमण करके बैठ जाते है।

# परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां उच्च शिक्षा में प्रवेश पाने में बनीं बाधक, युवा निराश

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**परिवार** पहचान पत्र की त्रुटियां विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा की प्राप्ति के लिए दाखिला लेने में भारी पड़ रही हैं। जिनमें त्रुटियों का समाधान तुरन्त न होने से विद्यार्थियों का उच्च शिक्षा प्राप्त करने का सपना चकनाचूर होता नजर आ रहा है। वहीं विद्यार्थी उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा व यूनिवर्सिटी प्रशासन से तुरंत परिवार पहचान पत्र का विकल्प दिए जाने की मांग कर रहे हैं।

उच्चतर शिक्षा विभाग व गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के आदेश कॉलेज विद्यार्थियों के लिए भारी पड़ रहे हैं। विभाग व यूनिवर्सिटी ने दाखिला रजिस्ट्रेशन के लिए परिवार पहचान पत्र जमा कराना अनिवार्य किया हुआ है, लेकिन परिवार पहचान पत्र में निकलकर आ रही त्रुटियां विद्यार्थी दाखिला रजिस्ट्रेशन में सबसे बड़ी बाधक बन गई है। ऐसा होने से विद्यार्थियों निराशा में डूबे हुए हैं।

**उच्चतर शिक्षा विभाग ने झाड़ा पल्ला :** गुरुग्राम यूनिवर्सिटी ने उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के आदेशों पर स्नातक कक्षाओं के दाखिला पंजीकरण की अंतिम तारीख 28 जून तय की हुई है। विद्यार्थियों द्वारा जब इस संबंध में विभाग व यूनिवर्सिटी परिवार पहचान पत्र का अन्य कोई विकल्प के विषय में जानकारी प्राप्त करनी चाही



उच्चस्तरीय शिक्षा प्राप्ति के लिए पंजीकरण कराने की लाइन में लगे युवा।

तो समर्थता जताते हुए अन्य कोई समाधान होने से स्पष्ट इंकार कर दिया।

**ऐसा कहते हैं अभिभावक :** शहर व क्षेत्र के निवासी अपने बच्चों का उच्चत्तर कक्षाओं में पहचान पत्र की त्रुटियों का समाधान न होने पर मायूस व रोष जदा हैं। अभिभावक राजपाल का कहना है कि शिक्षा विभाग को बच्चों के भविष्य को देखते हुए अन्य कोई विकल्प देना होगा। ताकि बच्चें शिक्षा प्राप्त करने के समपने को पूरा कर सके। रविकुमार का कहना है कि बच्चों के भविष्य को खराब होने से बचाएं और जल्द से जल्द अन्य कोई रास्ता या समय दिया जाए।

# जर्मनी में गोल्ड मेडल जीतने वाले रणबीर सैनी को गुरुग्राम सैनी युवा जागृति मंच करेगा सम्मानित

### रणबीर सैनी के पिता को दी इस उपलब्धि की बधाई

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**लिम्का** बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने वाले रणबीर सैनी ने फिर से अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। जर्मनी की राजधानी बर्लिन में खेले जा रहे स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड समर गेम्स 2023 में उसने गोल्ड मेडल जीता है। गुरुग्राम सैनी युवा जागृति मंच की टीम ने रणबीर सैनी के पिता कार्तिके को फोन करके बधाई दी। साथ ही रणबीर के गृह नगर लौटने पर सम्मान करने का निर्णय लिया।

जर्मनी के बर्लिन शहर में आयोजित स्पेशल ओलंपिक्स 2023 में गुरुग्राम शहर के रणवीर सैनी सुपुत्र कार्तिके सैनी ने गोल्फ टूर्नामेंट्स में एक बार फिर गोल्ड जीत कर न सिर्फ अपने परिवार, अपने शहर, बल्कि पूरे भारत देश का नाम रोशन किया है। रणबीर 11 बार नेशनल चैंपियन और 4 बार एशिया पैसिफिक चैंपियन रहे हैं। उनके पास लगातार तीन विश्व खेलों (2015, 2019 और 2023) में भारत के लिए 3 पदक जीतने की हैट्रिक की



दुर्लभ उपलब्धि है। वह 5 बार लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड धारक भी हैं।17 साल की उम्र में उन्होंने 2015 में लॉस एंजेलिस गेम्स में इस स्पर्धा में भारत के लिए पहला गोल्ड मेडल जीता था। कम उम्र में ऑर्टिज्म का पता चलने के बाद सैनी ने अपनी मां बख्तार सैनी के प्रोत्साहन पर गोल्फ खेलना शुरू किया। इससे उन्हें व्यस्त में मदद मिल सकती थी। यह एक स्वाभाविक पसंद थी, क्योंकि बख्तावर ने भी गोल्फ खेला था और रणवीर के चाचा जीव मिल्खा सिंह भारत के अब तक के महानतम गोल्फ खिलाड़ियों में एक रहे हैं। पिछले कुछ सालों में रणबीर के लिए उपलब्धियों का अंबार लगा है, लेकिन उनकी भूख इस बात का प्रमाण है कि स्पेशल एथलीट एक अलग नस्ल के होते हैं। गुरुग्राम सैनी युवा जाग्रति मंच की और से रणबीर सैनी और उनके परिवार को बहुत बहुत बधाई और उज्जवल भविष्य के लिए बहुत बहुत शुभकामनाएं। उनके भारत लौटने पर गुरुग्राम सैनी युवा जाग्रति मंच द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जायेगा। गुरुग्राम सैनी युवा जगृति मंच की टीम ने रणबीर सैनी के पिता कार्तिके सैनी को फोन पर दी बधाई।

# भोंडसी पुलिस ने ग्रामीणों को पढ़ाया अपराध मुक्त गांव बनाने का पाठ

### कार्यवाहक थाना प्रभारी एसआई मुकेश शर्मा ने ग्रामीणों के साथ नुक्कड़ बैठक की

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**भोंडसी** थाना पुलिस ने गांव अलीपुर के ग्रामीणों को नैतिकता का पाठ पढ़ाया। ग्रामीणों को अपराध व नशीले पदार्थों से बचने तथा खेलों के माध्यम से आपसी प्रेम को बढ़ावा देने के प्रति जागरुक किया।

गुरुवार को भोंडसी थाना से गई टीम ने गांव अलीपुर में हरियाणा उदय आउटरीच मुहीम के अनुसार जागरुक किया। इस अवसर पर कार्यवाहक थाना प्रभारी एसआई मुकेश शर्मा ने ग्रामीणों के साथ नुक्कड़ बैठक की। जिसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। वृद्ध से लेकर युवा और महिलाओं ने भी इस बैठक में पुलिस की बातें सुनीं। एसआई मुकेश शर्मा ने ग्रामीणों को बताया कि उनके गांव में जल्द ही खेलों का आयोजन



गुरुवार को ग्रामीणों के साथ बैठक करते भोंडसी थाना के कार्यवाहक थाना प्रभारी।

किया जाएगा। जिसके माध्यम से ग्रामीणों को बताया जाएगा कि साइबर क्राइम से लेकर महिलाओं पर होने वाले अत्याचार, ड्रग्स, नशीले पदार्थों से दूर क्यों रहना चाहिए। युवाओं को इस नशीले पदार्थ की तरफ जाने से कैसे और क्यों रोकना जरूरी है। युवाओं को अपराध के प्रति सजग करना युवाओं को अपराध से मानवता पर पड़ने वाले कुप्रभाव की जानकारी देना बहुत जरूरी है। महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों पर कैसे अंकुश लगाया जा सकता है। ये सब बातें थाना के कार्यवाहक प्रभारी मुकेश शर्मा ने ग्रामीणों के बीच बैठक सजगता का कार्य किया। जिसको लेकर ग्रामीणों ने कार्यवाहक थाना प्रभारी का आभार प्रकट किया।

# नौकरी के नाम पर विवाहिता से दुष्कर्म का आरोप

### पुलिस ने मामला दर्ज किया लेकिन आरोपी हुआ फरार

**सोहना।** भोंडसी थाना क्षेत्र में विवाहिता महिला के साथ नौकरी देने के नाम पर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी ने पीड़िता को अपने निजी बनाया कार्यालय में बुलाकर दुष्कर्म को अंजाम दिया था। आरोपी के चंगुल से भागते समय पीड़िता सड़क हादसे में चोटें लगने से घायल हो गई। पुलिस के हाथ आरोपी तक 48 घंटा बीत जाने के बाद भी नहीं पहुंचे हैं।

जानकारी के अनुसार सोहना क्षेत्र में रहने वाली अन्य प्रदेश की विवाहिता महिला कंपनी में रोजगार प्राप्त करने के इरादे से संजय जैन नामक आरोपी के निजी कार्यालय पर गुरुवार की दोपहर बाद पहुंची थी। पीड़िता के अनुसार आरोपी ने विवाहिता को अपने कार्यालय में बुलाकर दरवाजा बंद करके उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने आरोपी पर अश्लील वीडियो बनाने का आरोप भी लगाया। इतना ही नहीं आरोपी संजय जैन ने पीड़िता को आप बीती किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने पीड़िता को एक बार फि र नौकरी जल्द दिलाने के नाम पर आश्वासन देकर अपने कार्यालय से बाहर निकाल दिया।

विवाहिता घबराहट में अपने घर की तरफ दौड़ रही थी। दौड़ते समय पीड़िता एक वाहन की चपेट में आ जाने से घायल भी हो गई। जैसे तैसे करके पीड़िता अपने घर पहुंची और आरोपी द्वारा दी गई धमकियों की परवाह किए बिना आप बीती अपने पति को बता दी। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया।

भोंडसी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर समर ने बताया कि आरोपी अपने घर से फ रार है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह छापा मार रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# वार्ड-10 में लगाया प्रॉपर्टी टैक्स डाटा सुधार करने के लिए शिविर

### निगम कर्मियों ने मौके पर ही लोगों की समस्या का निदान किया

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**वार्ड-10** (प्रस्तावित नया वार्ड-14) के निवासियों की प्रॉपर्टी टैक्स डाटा में बरती गई खामियों को दूर करने के लिए पूर्व पार्षद मंगतराम बागड़ी एवं शीतला बागड़ी के लक्ष्मण विहार स्थित कार्यालय में शनिवार को विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। वार्डवासियों ने अपनी प्रॉपर्टी आईडी डाटा में सुधार करवाया। निगम कर्मियों ने मौके पर ही लोगों की समस्या का निदान किया।

नगर निगम कमिश्नर पीसी मीणा ने मेरी मांग पर विशेष कैम्प आयोजित करने का निर्देश दिया था। इस संदर्भ में मंगतराम बागड़ी ने निगम कमिश्नर से पत्र लिख कर विशेष कैम्प आयोजित करवाने की मांग की थी। उन्होंने बताया कि वार्ड में ऐसे परिवारों



गुरुग्राम के वार्ड-10 में शिविर में डाटा दुरुस्त कराते लोग।

की संख्या अब भी काफी अधिक है, जिनकी प्रॉपर्टी आईडी में विसंगतियां हैं। इसके कारण लोग प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि निगम आयुक्त ने मेरे निवेदन पर त्वरित निर्णय लेते हुए वार्डवासियों की समस्या का मौके पर ही निपटान करने का निर्देश दिया।

भाजपा नेता ने बताया कि इस प्रकार का शिविर उनके प्रयास से लगातार आयोजित किया जाता रहा है। पूर्व में भी गत 10 जून 2023 और 21 अप्रैल 2023 को भी गुरुग्राम नगर निगम की ओर से उनके कार्यालय पर विशेष कैंप का आयोजन किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने डाटा में सुधार करवाया था। उन्होंने कहा कि इस कैम्प में सुबह 10 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक नगर निगम के कर्मचारी उनके कार्यालय में उपलब्ध रहे। मौके पर ही इस समस्या का निराकरण किया गया। सभी अपनी प्रॉपर्टी ऑनरशिप से संबंधित कागजात, ओरिजिनल रजिस्ट्री या उसकी फोटो कॉपी एवं प्रॉपर्टी ऑनर का प्रूफ और आधार कार्ड ले कर आए, जिससे उन्हें डाटा सुधार करवाने में सुविधा हुई। पूर्व निगम पार्षद ने कहा कि आगे भी इस प्रकार के कैम्प का आयोजन करवाया जाएगा।

# आज गदपुरी में होने वाली रैली में मुख्यमंत्री नौ साल का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करेंगे : नरेंद्र गुप्ता

**विधायक ने रैली को लेकर प्रेस वार्ता कर दी जानकारी**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**केंद्र** सरकार के नौ साल पूरे होने पर हरियाणा प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों पर एक के बाद एक रैलियों का आयोजन हो रहा है। इसी कड़ी में 25 जून को फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र की विशाल रैली पलवल और फरीदाबाद के बीच गदपुरी में आयोजित होगी।

जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और फरीदाबाद से सांसद व केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर मुख्य वक्ता के रूप में जनता को संबोधित करेंगे। पिछले नौ साल का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखेंगे। इस सिलसिले में शनिवार को फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेंद्र गुप्ता ने एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया और रैली की सफलता को लेकर दावे किए।



पत्रकारों से बातचीत करते हुए फरीदाबाद विधानसभा के विधायक नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि यह इस रैली में केंद्र सरकार के नौ सालों के दौरान जनहित में किए गए कार्यों और योजनाओं के बारे में बताया जाएगा। इस रैली में मुख्य रूप से हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल शिरकत करेंगे।

उन्होंने बताया कि लोकसभा की आयोजित होने वाली इस रैली के मुख्य संयोजक कृष्णपाल गुर्जर हैं और सभी विधायक इस रैली को सफल बनाने के लिए दिन रात मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज देश और दुनिया में भारत के प्रधानमंत्री के रूप में मोदी का कद बहुत बढ़ा है, आज दुनिया भारत की ओर देख रही है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभूतपूर्व स्वागत हुआ है। फाइटर विमान के इंजनों के निर्माण को लेकर अमेरिका के साथ समझौता हुआ है, जिसके तहत अब विमान के इंजन भारत में निर्मित होंगे, जोकि एक बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने कहा कि रैली के दौरान नौ साल की उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच उन तमाम जनहित योजनाओं की चर्चा भी होगी।

# स्वास्थ्य विभाग ने भ्रूण लिंग जांच का किया भंडाफोड़

**पीएनडीटी टीम ने गाजियाबाद की बहटा अंबेडकर कॉलोनी में की छापेमारी**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**जिला** स्वास्थ्य विभाग पलवल की टीम ने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित लोनी में छापेमारी कर भ्रूण लिंग जांच का पर्दाफाश किया है। टीम द्वारा गाजियाबाद की बहटा अंबेडकर कॉलोनी से एक महिला को पकड़ा है, जबकि तीन अन्य लोग फरार हो गए। टीम ने महिला से दो हजार रुपए भी बरामद किए। आरोपियों ने महिला ग्राहक से भ्रूण लिंग जांच करने के लिए 40 हजार रुपये लिए थे। छापेमारी में पीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण के नेतृत्व में टीम गठित की गई। लोनी बॉर्डर थाना पुलिस ने डॉ. प्रवीण की शिकायत पर एक महिला सहित चार नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सिविल सर्जन डॉ. लोकवीर ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में प्रसव पूर्व लिंग जांच करने की शिकायत मिल रही थी। शिकायत के अनुसार पीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। छापेमारी टीम में पीएचसी अलावलपुर के मेडिकल ऑफिसर डॉ. महेश व डॉ. सोनू को शामिल किया गया। टीम द्वारा एक नकली महिला ग्राहक बनाकर तैयार किया गया। ग्राहक ने नरेंद्र काला नामक व्यक्ति से संपर्क किया और 40 हजार रुपए में सौदा तय हो गया।

नरेंद्र ने महिला ग्राहक को गाजियाबाद के लोनी बॉर्डर स्थित गोकुलपुरी मैट्रो स्टेशन पर बुलाया, जहां से उन्हें पाइप लाइन रोड स्थित आर्य मेडीकल क्लीनिक पर बुलाया गया। क्लीनिक पर सत्यवीर व नरेंद्र मिले। नरेंद्र ने ग्राहक से 40 हजार रुपए ले लिए और उसे मोटरसाइकिल पर बिठाकर बहटा अंबेडकर कॉलोनी स्थित रुक्को के मकान पर ले गया, जहां पहले से ही जावली निवासी कपिल मिला। कपिल ने उसका अल्ट्रासाउंड कर भ्रूण की लिंग जांच की और गर्भ में कन्या होना बताया। नरेंद्र काला उसे वापस मोटरसाइकिल पर बिठाकर क्लीनिक पर ले आया। उसके साथ ही कपिल भी मोटर साइकिल पर आ गया। नकली महिला ग्राहक ने टीम को इशारा किया तो कपिल को छापेमारी का आभास हो गया और कपिल, सत्यवीर व नरेंद्र मौके से फरार हो गए। ग्राहक की निशानदेही पर टीम रुक्को के घर पर पहुंची। रुक्को ने बताया कि उसके घर पर अल्ट्रासाउंड करने पर उसे दो हजार रुपए दिए, उसने जो 500-500 के चार नोट दिए थे, उनके नंबर मिलाए गए। मौके से अल्ट्रासाउंड की मशीन तो बरामद नहीं हुई, जबकि अल्ट्रासाउंड में इस्तेमाल होने वाली जैली बरामद हुई। रुक्को ने बताया कि मशीन को कपिल ले गया है। मामले की शिकायत जिला गाजियाबाद के पीएनडीटी नोडल ऑफिसर डॉ. चरण सिंह द्वारा लॉनी बॉर्डर थाने में कर दी है। पुलिस ने आरोपी महिला रुक्को को गिरफ्तार कर चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पिता के हत्यारे ने किया आत्महत्या का प्रयास

**हिरासत में गर्दन पर नुकीली चीज मारी, पुलिस ने तुरंत पहुंचाया अस्पताल**

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**पिता** के हत्यारे पुत्र ने पुलिस हिरासत में पूछताछ के दौरान नुकीली चीज से अपनी गर्दन काटकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे घायल अवस्था में उपचार के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हिरासत में आत्महत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

हथीन थाना प्रभारी मनोज कुमार के अनुसार मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकार नेपाल ने दी शिकायत में कहा है कि 20 जून को कस्सी से गला रेतकर हुई किसान की हत्या के मामले में पुलिस ने शक के आधार पर मृतक किसान के पुत्र घर्रोट गांव निवासी पुष्पेंद्र को हिरासत में लिया था। पुलिस अधिकारी जब पुष्पेंद्र से हत्या के बारे में पूछताछ कर रहा था तो उसने अपना जुर्म तो कबूल कर लिया, लेकिन उसी दौरान जमीन पर पड़ी कैंचीनुमा नुकीली चीज उठाकर अपनी गर्दन में दाहिनी तरफ मारकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसी दौरान उसे पकड़ लिया और उपचार के लिए हथीन के सरकारी अस्पताल ले गए। गर्दन से खून बहने पर अस्पताल के चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। हथीन पुलिस ने जांच अधिकारी की शिकायत पर 23 जून को देर शाम आरोपी पुष्पेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ग्रामीणों को नशे से दूर रहने के लिए जागरुक किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**जिला** रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत गांव बहादुरपुर तिगांव में सचिव बिजेंद्र सौरोत के नेतृत्व में नशा मुक्ति जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामवासियों को नशे की बुराइयों से अवगत कराया गया तथा इनसे बचाव के बारे में जागरूक किया। बिजेंद्र सौरोत ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा करना किसी भी दृष्टि से अच्छा नहीं है। नशा करने से व्यक्ति का मानसिक, शारिरिक, पारिवारिक, आर्थिक, सामाजिक रूप से पतन होता है। इसीलिए न नशा स्वयं करें और न ही किसी को नशे के लिए कहे। अटाली निवासी कर्मवीर कालीरमन ने गीत व रागनी के माध्यम से लोगों से आह्वान करते हुए नशामुक्ति के लिए प्रेरित किया।

पुरषोत्तम जिला प्रशिक्षण अधिकारी ने रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद द्वारा जनकल्याण में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ज्योति गुंबर परियोजना निदेशक ने सेक्टर-14 मे सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के अनुदान के तहत चलाये जा रहे नशामुक्ति केंद्र के बारे में बताया। इस अवसर पर गांव बहादुरपुर के मौजिज व्यक्ति मास्टर महरबान सिंह, मास्टर छत्तर सिंह, पंडित देवीराम, देवेंद्र सिंह, सूरज सिंह नंबरदार, अनिल कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# ओडिशा सरकार व एनएचपीसी के बीच हुआ एमओयू




**फरीदाबाद।** ओडिशा राज्य में पंप्ड स्टोरेज परियोजनाओं और नवीकरणीय ऊर्जा के विकास को ग्रिडको लिमिटेड के माध्यम से ओडिशा सरकार और एनएचपीसी लिमिटेड के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए।

निकुंज बिहारी ढल, आईएएस, अपर मुख्य सचिव, ऊर्जा विभाग, ओडिशा सरकार व अध्यक्ष ग्रिडको और बिश्वजीत बासु, निदेशक, एनएचपीसी लिमिटेड की उपस्थिति में ओडिशा राज्य में पंप्ड स्टोरेज परियोजनाओं और नवीकरणीय ऊर्जा के विकास के लिए यह समझौता हुआ। इस समझौता ज्ञापन पर रजत गुप्ता, कार्यपालक निदेशक, एनएचपीसी और त्रिलोचन पांडा, प्रबंध निदेशक, ग्रिडको लिमिटेड द्वारा हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर दोनों संगठनों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस समझौता में राज्य में कम से कम 2000 मेगावाट की स्व-पहचान वाली पंप्ड स्टोरेज परियोजनाओं की स्थापना और 1000 मेगावाट या उससे अधिक की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना करने की परिकल्पना की गई है।

# चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने शिवालिक इंडस्ट्रीज में महिला सुरक्षा व रोजगार पर चर्चा की

**कहा, महिलाओं को शिवालिक इंडस्ट्रीज ग्रुप से मिलकर रोजगार के लिए सरकारी ट्रेनिंग देंगे**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




चेयरमैन नरेंद्र अग्रवाल से चर्चा करते हुए महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया।

**हरियाणा** राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा रेनू भाटिया ने शिवालिक प्रिंट्स आईटीडी, प्लॉट नंबर-7 में बैठक आयोजित की। जहां इंडस्ट्री में महिला सुरक्षा उपायों के बारे में चर्चा कर सुझाव साझा किए। रेनू भाटिया ने सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में महिलाओं की सुरक्षा संबंधित जानकारी ली।

चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने कहा कि हरियाणा महिला आयोग मेवात द्वारा क्षेत्र की महिलाओं के लिए शिवालिक इंडस्ट्रीज ग्रुप से मिलकर रोजगार के लिए सरकारी ट्रेनिंग देने का काम किया जाएगा। जहां 12वीं पास और ग्रेजुएट महिलाओं को इंडस्ट्री में रोजगार देने का भी प्रावधान सरकार के जरिए करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिला आयोग महिलाओं के उत्पीड़न केसों के अलावा रोजगार के नए अवसर प्रदान करने के लिए भी प्रयास कर रहा है। उन्होंने शिवालिक ग्रुप में काम कर रही लगभग एक दर्जन महिलाओं से एक-एक करके बातचीत की। इंडस्ट्रीज द्वारा उन्हें दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी ली और अन्य सुझाव भी साझा किए। इस अवसर पर सेक्टर-24 प्लॉट नंबर-128 शिवालिक इंडस्ट्रीज के चेयरमैन नरेंद्र अग्रवाल, सीनियर मैनेजर एचआर नवीन शर्मा, विजय कालरा, एएसआई कमलेश सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

# कल एसडी कॉलेज में लगेगा रोजगार मेला

**पलवल।** जिला रोजगार अधिकारी शक्तिपाल ने बताया कि रोजगार कार्यालय पलवल व एसडी कॉलेज के सहयोग से 26 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक एसडी कॉलेज पलवल में एक रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में हाइड्रो एंड्रिट्ज, फैरॉन ट्यूब्स, सीएमआर, जेसी पंचिंग, एलआईसी आदि विभिन्न कंपनियां भाग लेंगी।

उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेले में 10वीं, 12वीं, बीए, मैकेनिकल में डिप्लोमा व बीटेक उत्तीर्ण फाउंड्रीमैन, फिटर, इलैक्ट्रिशियन, मशिनिस्ट, वेल्डर, प्रेस ऑपरेटर, सिक्योरिटी गार्ड तथा सुपरवाइजर आदि के लिए आवेदक अपने रिज्यूम व फोटोग्राफ की दोहरी प्रति साथ लेकर सुबह 10 बजे एसडी कॉलेज पलवल में उपस्थित होवें।

# हजारों बच्चों की जिंदगी में रंग भर रहा एसओएस विलेज : राजेश नागर

**एसओएस विलेज ऑफ इंडिया दिवस पर बोले विधायक राजेश नागर**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



एसओएस दिवस पर विधायक राजेश नागर को सम्मानित करते प्रबंधकगण।

**डॉ. हरमन** माइनर ने 75 वर्ष पहले जो पौधा लगाया था, वह आज बड़ा विशाल वृक्ष बन चुका है। इस संस्था को भारत में भी करीब 60 वर्ष हो चुके हैं। इन 60 वर्षों में इन्होंने लाखों बच्चों की जिंदगी में रंग भरे हैं। इसके लिए इनकी माता के रूप में सेवा करने वाली महिलाओं के प्रति कृतज्ञ हूं। यह बात विधायक राजेश नागर ने एसओएस विलेज ऑफ इंडिया दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि कही।

राजेश नागर ने कहा कि एसओएस विलेज सेवाभावी प्रकल्पों के माध्यम से देश समाज की सेवा कर रहा है। इसके लिए वह निश्चित तौर पर बधाई के पात्र हैं। नागर ने कहा कि सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से ऐसे अनेक कार्य हो रहे हैं, जिनमें हर व्यक्ति को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन और प्रशासन अपने काम करते हैं, लेकिन सामाजिक संस्थाएं यदि उसमें सहयोग करें तो संविधान में जिस भारत की परिकल्पना की गई है।

उस लक्ष्य को जल्दी प्राप्त किया जा सकता है। इससे पहले यहां पहुंचने पर नागर का जोरदार स्वागत हुआ। उन्हें यहां रहने वाले बच्चों ने पौधे सौंपे। वहीं विधायक राजेश नागर ने भी बच्चों, सेवाभावी माताओं और सेवादारों को सम्मानित किया। इस अवसर पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भी लोगों की वाहवाही लूटी। इस अवसर पर नृत्य, गायन, आर्ट एंड क्राफ्ट आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसओएस विलेज के सीईओ सुमंत कर ने बताया कि हम भारत के 22 राज्यों में काम कर रहे हैं। जिसमें हजारों की संख्या में बच्चों की जिंदगी को सुधारने का काम हो रहा है। उन्होंने बताया कि फिलहाल हमारे विलेज में करीब 6500 बच्चे रहते हैं और संस्था करीब 40 हजार से अधिक बच्चों का जीवन संवार चुकी है।

# रिफ्यूजी कानून बनाने को लेकर केंद्रीय कानून मंत्री से मिला पंजाबी समाज

**फरीदाबाद।** हरियाणा प्रदेश सहित राजस्थान व अन्य प्रदेशों के पंजाबी समाज के मौजिज लोगों ने देश के कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मुलाकात की। इस अवसर पर सभी ने मेघवाल को पंजाबी समाज की मांगों का एक ज्ञापन भी सौंपा। पंजाबी समाज के इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पंजाबी महासंघ अलवर के अध्यक्ष रमेश कुमार आहूजा ने किया।

इस अवसर पर हरियाणा पंजाबी संस्कृति संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरीशचंद्र आजाद भी विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रतिनिधिमंडल ने मेघवाल को दिए ज्ञापन में देश में रिफ्यूजी कानून बनाने की मांग को विशेष तौर पर शामिल किया। हरीशचंद्र ने बताया कि हमने कानून मंत्री को बताया कि 1947 के विभाजन में हिंदुत्व की रक्षा और देशप्रेम के लिये हमारे 12 लाख पूर्वजों ने शहादत देते हुए हिंदुत्व की रक्षा की मिसाल देते हुए अपना सब कुछ सरहद पार छोड़कर और अपनी बहू-बेटियों की इज्जत जो हिंदुस्तान की इज्जत थी। उनकी रक्षा के लिये अपने हाथों से उनको काटकर मार डाला।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को नशे के खिलाफ जागरुक किया



**फरीदाबाद।** हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत सेक्टर-50 डबुआ कॉलोनी के लेजर वेली पार्क में फरीदाबाद पुलिस ने लोगों को नशे के दुष्परिणामों के बारे मे जागरूक किया। जिसमें उनका साथ मिशन जागृति यूथ क्लब के नुक्कड़ नाटक ने दिया।

इंस्पेक्टर सविता रानी ने बताया कि जिस प्रकार इस नाटक में दिखाया गया कि नशे के कारण एक हंसता खेलता परिवार बर्बाद हो जाता है और किस प्रकार एक व्यक्ति जो नशे का आदि हो जाता है, वो न सिर्फ अपने शरीर का नुकसान करता है, बल्कि उसके कारण समाज मे छेड़छाड़, बलात्कार, चोरी, लड़ाई आदि घटना होती है। इसलिए समाज से हम सबको मिलकर इस बुराई को जड़ से हटाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशे का अवैध कारोबार करने वालों की गुप्त सूचना देकर समाजहित का कार्य करें। इसके लिए आपका नाम गुप्त रखा जाएगा। इस मौके पर मिशन जागृति यूथ क्लब के त्रिलोकी ने बताया कि नशे के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

संस्था के वरिष्ठ साथी गुरमीत सिंह ने कहा कि नशा एक ऐसी भयंकर बीमारी है, जो मनुष्य को धीरे-धीरे अंदर से खोखला कर देती है। संस्था के स्वयंसेवकों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को नशे के दुष्प्रभाव तथा उससे बचाव के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर ज्योति, नेहा, भारत, सिमरन, साहिल, रेनू शर्मा के साथ मुख्य संयोजिका संतोष अरोड़ा, राजेश भाटिया, अशोक भटेजा, गुरनाम सिंह उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### खादर के गांवों में रैली के लिए दिया न्योता



**पलवल।** गदपुरी टोल प्लाजा पर 25 जून को होने वाली गौरवशाली भारत रैली को सफल बनाने के लिये भाजपा कार्यकर्ताओं ने खादर के गांवों में जन संपर्क अभियान चलाया। इसकी शुरुआत महाराणा प्रताप भवन पलवल से की। इसके बाद थंथरी, बागपुर, शेखपुर व सोलडा में जन सभाओं को संबोधित किया व सरकार की उपलब्धियां जनता के बीच बताईं। रैली समन्वयक केके खटाना ने गांव सोलडा में समस्या को सुना और संबंधित अधिकारी को समाधान के लिए कहा। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता सतबीर पटेल, प्रदेश कार्य कारणी सदस्य हरेंद्र राणा, राजेंद्र सिंह, रामरतन, कुलबीर देशवाल उपस्थित रहे।

### खांबी में एटीएम एवं बड़े बैंक की आवश्यकता

**पलवल।** जिले एवं होडल ब्लॉक के प्रमुख गांव खांबी की आबादी लगभग 15 हजार है। गांव में बीस वार्ड हैं, लेकिन इतने बड़े गांव में आर्थिक लेनदेन करने के लिए एक मात्र सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक ने शाखा खोल रखी है, जिसमें स्टाफ कम होने के कारण काम का काफी दबाव रहता है। यहां पर एटीएम की सुविधा भी नहीं है, अन्य किसी सरकारी एवं निजी बैंक ने गांव की और रुख नहीं किया है। समाजसेवी एवं खांबी के प्रमुख किसान युगल किशोर शर्मा, केशव शर्मा, टेकचंद शर्मा, सीताराम शर्मा, लालचंद शर्मा आदि के अनुसार ग्रामीण खाताधारकों को पैसे का लेनदेन करने के लिए निकटवर्ती कस्बों हसनपुर, होडल, बामनीखेड़ा एवं पलवल आदि कई जगह आवागमन करना पड़ता है। जिससे ग्रामवासियों का बहुमूल्य समय, ऊर्जा और धन इधर उधर आने जाने में व्यय हो जाता है। खेती किसानी एवं सामाजिक पारिवारिक संबंधी कार्यों में बाधा पहुंच रही है। खांबी में निजी अथवा सरकारी क्षेत्र के एक बैंक की अत्यंत आवश्यकता है। राजू आढ़ती ने बताया कि अनाज मंडी में हजारों किसानों को एटीएम के अभाव में परेशानी होती है। यहां पर एटीएम की बहुत ज्यादा जरूरत है। सरपंच राजबीर शर्मा ने कहा कि हमने जिला प्रशासन से इस संबंध में मांग रखी है, लेकिन आशातीत परिणाम नहीं मिले। यदि कोई बैंक खांबी में अपनी ब्रांच खोलने का इच्छुक है तो ग्राम पंचायत से संपर्क करे। हसनपुर-खांबी रोड या घसेड़ा-खांबी रोड पर जमीन उपलब्ध करायी जा सकती है।

### अग्रवाल महाविद्यालय में संचार कौशल सर्टिफिकेट कोर्स का समापन



**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में संचार कौशल सर्टिफिकेट कोर्स संपन्न हुआ। कोर्स का समापन प्रमाणपत्रों के वितरण के द्वारा चिह्नित किया गया। यह कोर्स महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत के कुशल मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ। कोर्स पाठ्यक्रम ट्रेनर मिस ईशा गांधी की देखरेख में सपन्न हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत, अंग्रेजी विभागाध्यक्षा मिस कमल टंडन और कोर्स समन्वयक मिस शैली मलिक उपस्थित रहे। कोर्स के तहत विद्यार्थियों ने अपनी संचार क्षमताओं को मजबूत करने के प्रति समर्पण दिखाया है। यह 36 घंटे का कोर्स सार्वजनिक भाषण, व्यक्तिगत संवाद और प्रस्तुति कौशल जैसे महत्वपूर्ण संचार के पहलुओं को संवर्धित करने के लिए सतर्कता से डिजाइन किया गया था। शिक्षक और संस्थान के प्रति छात्रों ने अपनी व्यक्तिगत विकास और प्रभावी संचार क्षमता में सुधार की महत्ता को स्वीकार किया। प्राचार्य ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर सभी को बधाई दी और उनके निरंतर अध्ययन और व्यक्गित उत्कृष्टता के लिए प्रेरित किया।

### केसीएम के छात्रों को परीक्षा पे चर्चा के लिए दिए प्रमाणपत्र



**पलवल।** टीकरी ब्राह्मण स्थित केसीएम वर्ल्ड स्कूल में नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के छात्रों को भारत सरकार द्वारा 27 जनवरी 2023 को आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में भाग लेने पर प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के परीक्षा को लेकर हो रहे तनाव को कम करना था। जिसके अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छात्रों, अभिभावकों व शिक्षकों से बातचीत की। उन्होंने छात्रों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्न सुने तथा परीक्षा की तैयारी और तनाव से निपटने पर अपने विचार साझा किए। केसीएम वर्ल्ड स्कूल के लगभग 150 छात्रों ने ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसके लिए प्रधानमंत्री द्वारा सभी प्रतिभागियों के लिए प्रमाणपत्र जारी किए गए। स्कूल में विशेष प्रार्थना-सभा के दौरान भाग लेने वाले सभी छात्रों को विद्यालय की प्रधानाचार्या पारुल भारद्वाज द्वारा प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम में छात्रों व अभिभावकों को हिस्सा लेना चाहिए, ताकि परीक्षा से संबंधित समस्याओं का निवारण हो सके।

### डिजिटल मीडिया पर कार्यशाला का आयोजन



**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत संचालित समर इंटर्नशिप में डिजिटल जर्नलिज़्म पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के विशेषज्ञ डिजिटल आजतक के संपादक अनुज खरे रहे। जिन्होंने विद्यार्थियों को डिजिटल जर्नलिज़्म के टिप्स दिए। समर इंटर्नशिप का आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह के नेतृत्व में किया जा रहा है। अनुज खरे ने कार्यशाला में मीडिया के विद्यार्थियों को डिजिटल जर्नलिज़्म से संबंधित जानकारी देते हुए इसके प्रस्तुतिकरण को अपनी पीपीटी के माध्यम से समझाया। उसके उपरांत उन्होंने बताया कि ट्रेंडिंग में कौन कौन से मुद्दे सर्वाधिक देखे जा रहे हैं। जनता की पसंद का ध्यान रखते हुए उसी विषय से संबंधित स्टोरी में नया और रोचक क्या दें कि डिजिटल प्लेटफॉर्म का दर्शक हमारी वेबसाइट पर आकर खबर को ज्यादा से ज्यादा शेयर, सर्चिंग एवं लाइक करे। अनुज खरे ने शाहरुख खान के साक्षात्कार और अमिताभ बच्चन की स्टोरी के संस्मरण सुनाते हुए उदहारण देकर विद्यार्थियों को खबर की खासियत से रूबरू कराया। पत्रकार को प्रश्न पूछने चाहिए। इसके अलावा अमरीका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और भारतीय जनता पार्टी की रोचक स्टोरी भी अपनी पीपीटी के माध्यम से दिखाई।

# भारत के इतिहास में वीर सावरकर का अहम योगदान : बृजेश पाठक

भाषा। बलिया



**उप मुख्यमंत्री** ब्रजेश पाठक ने शनिवार को वीर सावरकर के इतिहास को माध्यमिक शिक्षा परिषद के पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने की सराहना करते हुए कहा कि भारत के इतिहास में वीर सावरकर का अहम योगदान है। पाठक ने शनिवार को जिले के हल्दी रामपुर गांव में संवाददाताओं से बातचीत में सावरकर का इतिहास माध्यमिक शिक्षा परिषद के पाठ्यक्रम में शामिल करने से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा सावरकर हमारे पूर्वज हैं, भारत के इतिहास में उनका अहम योगदान है। पुराने राजपाट चलाने वालों ने ऐसे लोगों को हटा दिया। अकबर, हुमायूं, शाहजहां का इतिहास पढ़ाते रहे, जिन्होंने हमारे देश पर आक्रमण किया था। अब वास्तविक इतिहास को हम देश के सामने रख रहे हैं। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने नौवीं से 12वीं तक की कक्षा के नैतिक, योग तथा खेल एवं शारीरिक शिक्षा पाठ्यक्रम में विनायक दामोदर सावरकर, छत्रपति शिवाजी, बिरसा मुंडा सहित 50 महापुरुषों की जीवन गाथा शामिल की है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने पीटीआई– भाषा को बताया, नौवीं से 12वीं कक्षा की नैतिक शिक्षा के पाठ्यक्रम में 50 महापुरुषों की जीवन गाथा जोड़ी गई है। इसके अलावा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र से कई चीजें कंप्यूटर के पाठ्यक्रम में शामिल की गई हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि विरासत से संपत्ति मिल सकती है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को लोकतंत्र में जनता ने बुरी तरह से नकार दिया है। पाठक ने शुक्रवार को पटना में हुई विपक्षी दलों की बैठक से जुड़े एक सवाल के जवाब में कटाक्ष करते हुए कहा, विपक्षी दलों के नेता कुर्सी के लिए इकट्ठा हो रहे हैं। पटना में विपक्षी दलों की हुई बैठक में गंभीरता से चर्चा होने के बजाय शादी को लेकर चर्चा की गई। उन्हें न देश की चिंता है और न ही चुनाव की।

**बजरंग दल ने मनाया स्थापना दिवस:** फतेहपुर। शहर के कलक्टरगंज स्थित एक लाज में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल ने स्थापना दिवस मनाया। तत्पश्चात उपस्थित कार्यकर्ताओं को लक्ष्य के बारे में बताते हुए हिंदुओं को सुरक्षित व स्वस्थ रहते हुए सेवारत रहने का संकल्प भी दिलाया। स्थापना दिवस का शुभारंभ हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कार्याध्यक्ष (अहिप) जय प्रकाश ने की। संचालन का उत्तरदायित्व जिला महामंत्री अन्नू पाल ने संभाला।

# बालिका सुधार गृह में उत्पीड़न के आरोप में पांच कर्मचारी बर्खास्त

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में जनता रोड स्थित आवासीय बालिका सुधार गृह में लड़कियों के गंभीर उत्पीड़न की शिकायत सही पाए जाने पर सुधार गृह की अधीक्षक समेत पांच कर्मचारियों की सेवा समाप्त करते हुए उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक प्रशासनिक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि जांच के बाद सहारनपुर के जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने सुधार गृह की अधीक्षक सहित पांच कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है, साथ ही मामले में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि सुधार गृह में रहने वाली लड़कियों ने यहां के प्रबंधक और अधीक्षक पर छेड़खानी और मारपीट एवं अवैध वसूली के आरोप लगाए हैं। उपजिलाधिकारी (सदर) कीर्ति सिंह ने बताया कि यह मामला जिलाधिकारी के संज्ञान में आने पर उन्होंने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी कृति राज, राज्य सेवा के प्रशासनिक अधिकारी (पीसीएस) किंशुक श्रीवास्तव और एसआई सुनीता मालान को बालिका गृह भेजा। उन्होंने बताया कि तीनों अधिकारियों ने इसकी जांच करते हुए वहां की एक-एक बालिका से अलग-अलग बातचीत की तथा उनके बयान दर्ज किए। कीर्ति ने बताया कि जांच में कुछ आरोप सही पाए गए, जिसके आधार पर अधीक्षक पिंकी, प्रबंधक वी पी सिंह समेत पांच कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया, मामले में थाना जनकपुरी में जिला परिवीक्षा अधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि आवासीय बालिका गृह में पूरे प्रकरण की विस्तार से जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही होगी।

**तमंचा-कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार:** फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली लखनऊ बाईपास चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। उसके खिलाफआर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेज दिया। जानकारी के अनुसार लखनऊ बाईपास चौकी प्रभारी सुमित देव पांडेय अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी संदिग्ध हालत में खड़ा एक युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने घेराबंदी करके उसे दबोच लिया।

## भदोही में अवैध रूप से स्थापित आंबेडकर प्रतिमा हटाने पहुंची पुलिस पर पथराव, 11 गिरफ्तार

भदोही। भदोही कोतवाली इलाके में ग्राम समाज की जमीन पर अवैध रूप से डॉ. भीमराव आंबेडकर की एक प्रतिमा स्थापित कर दी गई, जिसे हटाने गई पुलिस पर पथराव किए जाने के बाद उसने लाठीचार्ज किया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया मामले में तीन महिलाओं सहित कुल 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, प्रतिमा हटाने के दौरान उग्र भीड़ द्वारा किए गए पथराव में दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। क्षेत्राधिकारी (सीओ) भुवनेश्वर कुमार पांडेय ने बताया कि शहर कोतवाली इलाके के मुंशी लाट पुर में एक तालाब की जमीन पर दलित बस्ती के कुछ लोगों ने शुक्रवार रात एक चबूतरा निर्मित कर उस पर आंबेडकर की दो फुट ऊंची प्रतिमा स्थापित कर दी। सीओ ने बताया कि शिकायत मिलने पर उप जिलाधिकारी यशवंत यादव और शहर कोतवाल अजय सेठ ने मौके पर पहुंच कर वहां मौजूद लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान बस्ती के लोगों के एक समूह ने पुलिस टीम पर पथराव कर दिया, जिसमें एक महिला और एक पुरुष आरक्षी मामूली रूप से घायल हो गए। शहर कोतवाल ने बताया कि प्रतिमा को वहां से हटा दिया गया और उसे कोतवाली में रखा गया है। वहीं, पथराव के सिलसिले में 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में तनाव व्याप्त रहने के चलते मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## थाने पर आने वाली शिकायतों का समयबद्ध करें निस्तारण

फतेहपुर। पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से हर माह की भांति इस माह भी संपूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन जिले के सभी थानों पर किया गया। जिसमें अधिकारियों व पुलिस कर्मियों ने पीड़ितों की समस्याएं सुनकर निस्तारण कराने का प्रयास किया। एसपी ने राधानगर व गाजीपुर थाने पर पीड़ितों की समस्याएं सुनीं और समयबद्ध निस्तारण कराने पर जोर दिया। संपूर्ण थाना समाधान दिवस पर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह अपने अधीनस्थों संग राधानगर व गाजीपुर थाने पहुंचे। एसपी के आने की सूचना पर पीड़ित भी थाने पहुंच गये और अपनी-अपनी समस्याओं से अधिकारी को अवगत कराया। पीड़ितों की समस्याएं सुनने के बाद एसपी ने कहा कि थाने पर आने वाले पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता से सुनें और उनका समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। इस कार्य में किसी भी तरह की हीलाहवाली नहीं होनी चाहिए। एसपी ने थाना समाधान दिवस के रजिस्टरों का अवलोकन कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। एसपी ने कहा कि शिकायतों का मौके पर जाकर निस्तारण किया जाये। राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर समस्याओं का निस्तारण किया जाये। क्योंकि छोटी-छोटी शिकायतें ही आगे चलकर बड़ा रूप ले लेती हैं। इसी तरह जिले के सभी थानों पर भी समाधान दिवस आयोजित हुआ। जिसमें संबंधित अधिकारियों व पुलिस कर्मियों ने पीड़ितों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण कराने का प्रयास किया। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 162 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें राजस्व संबंधित 107, पुलिस से संबंधित 55 रहे। राजस्व से संबंधित 08 व पुलिस से संबंधित 14 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। अन्य में कार्यवाही प्रचलित है।

## पारिवारिक मनोरंजन की नई कड़ी

लखनऊ। धमाल मचाने के बाद तू झूठी मैं मक्कार टेलीविज़न पर प्रीमियर के लिए पूरी तरह तैयार है। लव रंजन के निर्देशन में बनी इस फिल्म का प्रीमियर सोनी मैक्स पर पच्चीस जून को रात आठ बजे किया जाएगा। फिल्म में रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर की प्रमुख जोड़ी के साथ बॉलीवुड के दिग्गज डिंपल कपाड़िया और बोनी कपूर भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। कार्तिक आर्यन और नुसरत भरुचा ने चार चाँद लगा दिए हैं। यह आधुनिक कपल की चिंताओं और विविध अपेक्षाओं को रेखांकित करती हैए जबकि साथ ही साथ यह पारिवारिक दर्शकों का भी भरपूर मनोरंजन करती है।

## व्यापार मंडल की खागा इकाई का हुआ गठन

खागा (फतेहपुर)। व्यापार मंडल खागा द्वारा आज समारोह पूर्वक हुए आयोजन में खागा ईकाई की घोषणा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल कर रहे थे। नगर अध्यक्ष अमिताभ शुक्ला, महामंत्री अतुल साहू व दिनेश सिंह द्वारा घोषित 55 सदस्यीय नई कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर विजय अग्रहरी, ज्ञानेंद्र गुप्त, मनोज शुक्ल, उपाध्यक्ष पद पर धीरज मोदनवाल, संरक्षक अब्दुल हफीज हाफिज, राम गोपाल सिंह, कमलेश बाजपेई, महेंद्र त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष पद पर परिवेश जायसवाल को शामिल किया गया है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ला ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि सभी के कंधे पर व्यापार मंडल को आगे ले जाने का दायित्व है। कहां कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सबसे पहले अपने नगर अध्यक्ष अमिताभ शुक्ल व महामंत्री अतुल साहू एवं दिनेश सिंह को अवगत कराएं, वह अपने स्तर से उस समस्या का निराकरण कराएंगे। फिर भी कोई दिक्कत आती है तो जिला संगठन उसका निराकरण निश्चित रूप से करवाए। कार्यक्रम के अंत में नगर अध्यक्ष अमिताभ शुक्ल, महामंत्री दिनेश सिंह व अतुल साहू ने सभी लोगों का आभार जताया और साथ ही सभी को विश्वास भी दिलाया कि उनके सम्मान का ख्याल निश्चित तौर पर रखा जाएगा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजेश चौधरी, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अख्तर रजा उर्फशानू, विशेष आमंत्रित सदस्य शुशील गुप्त गांधी, राजाराम अग्रहरी, संगठन मंत्री राजेंद्र सिंह, जनार्दन त्रिपाठी, अवधेश मिश्र, रामचंद्र मोदनवाल, सुनील गुप्त, राम प्रकाश केसरवानी, बबलू त्रिवेदी, भूप सिंह यादव आदि मौजूद र

## लोकतंत्र में काले अध्याय के समान है आपातकाल- राम प्रकाश द्विवेदी

चित्रकूट। लोकतंत्र में आपातकाल एक काले अध्याय के समान है। जो हमें यह भी शिक्षा देता है कि गलत नीतियों पर चलने वाला बड़े से बड़ा तानाशाह एक दिन पराजित होता है और जीत जनता की ही होती है। राजापुर थाना क्षेत्र के उदघटा गांव के मूल निवासी लोकतंत्र रक्षक सेनानी राम प्रकाश द्विवेदी बताते हैं कि वह राजापुर के तुलसी इंटर कॉलेज के छात्र थे और उस दौरान संघ की शाखाओं में जाने के बाद वह स्वयंसेवक बन गए। कालेज से निकलने के बाद भी उन्होंने तुलसी इंटर कॉलेज में संघ की शाखा लगवाना शुरू कर दिया। शिक्षित युवा होने के नाते वह क्षेत्र की सामाजिक समस्याओं को भी उठाते थे। उन्होंने बताया कि पिता स्व श्रीपाल द्विवेदी सरकारी विद्यालय में हेड मास्टर थे। इसके चलते उनकी इच्छा थी कि बच्चे भी सरकारी सेवा में जाएं किंतु नियत को शायद कुछ और ही मंजूर था। तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा देश में आपातकाल लागू की घोषणा किए जाने के बाद तत्कालीन पुलिस अधिकारियों द्वारा सरकार विरोधी लोगों को चिन्हित किया जाने लगा था। हालांकि आपातकाल लागू होने से लगभग 1 वर्ष बाद तक उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया। इसके बाद उनके नाम का लिफाफा भी तत्कालीन बांदा जिले के राजापुर थाने में भेज दिया गया। द्विवेदी पुरानी यादों में डूब कर भावुक हो जाते हैं, वो बताते हैं शाम को हमारे गांव दो सिपाही गए और बताया कि बांदा डीएम के यहां से कोई कागज आया है, जो आपको थाने में ही दिखाया जाएगा, थाने पंहुचने पर वहां मीसा का लिफाफा खोल कर दिखाया गया, पुत्र मोह में पिता जी भी पीछे- पीछे थाने पंहुच गए और स्वयं के हेडमास्टर व अपने परिवार के शरीफऔर संभ्रांत होने की बात कही। हालांकि उनकी बातें तत्कालीन राजापुर थाना प्रभारी को प्रभावित नहीं कर सकीं और पुलिस ने तत्कालीन बांदा डीएम के आदेश का हवाला देकर कोई राहत देने से इंकार कर दिया। इसके बाद उन्हें बांदा कारागार में डाल दिया गया। उस समय लोग चर्चा किया करते थे कि अब हमेशा आपातकाल ही रहेगा और जेल में बंद लोग नहीं छूटेंगे, हालांकि जेल में बंद मीसाबंदी एक दूसरे का हौसला बढ़ाते थे। द्विवेदी बताते हैं कि वह मीसाबंदियों में सबसे कम उम्र के थे। इस कारण उस दौरान तमाम लोगों द्वारा सरकार के सामने माफी मांगने की सलाह भी दी गई, किंतु वह नहीं झुके और आपातकाल समाप्त होने के बाद ही जेल से छूटने के बाद अपने गांव में सबसे कम उम्र में प्रधान भी चुने गये। बाद में भाजपा सरकार में उन्हें डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड बांदा का चेयरमैन बनाया गया।

## इटावा में मां ने दिन भर मोबाइल चलाने पर डांटा, तो बेटे ने खुदकुशी की

**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा जिला मुख्यालय के सिविल लाइंस थाना इलाके में एक मां ने अपने बेटे को पूरे दिन मोबाइल चलाने पर डांट फटकार लगाई तो उसने कथित तौर पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) शहर अमित कुमार ने शनिवार को बताया कि शुक्रवाराशनिवार की दरम्यानी रात 16 वर्षीय किशोर अन्नू ने सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के अजीत नगर मोहल्ले में स्थित अपने आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि शनिवार की सुबह सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ ने बताया कि अन्नू की मां सोनी ने उसे दिन भर मोबाइल चलाने पर डांट फटकार दिया था, जिससे क्षुब्ध होकर उसने खुदकुशी कर ली।

## कबाड़ गोदाम में आग लगने से नौ घायल

**कानपुर** । उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले के जूही इलाके के विनोबा नगर में शनिवार को एक कबाड़ के गोदाम में आग लगने से एक महिला और एक किशोर सहित नौ लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) अंकिता शर्मा ने कहा कि आग की जानकारी मिलने के तुरंत बाद, नियंत्रण कक्ष ने अग्निशमन और जूही पुलिस को सूचित किया, जो घटनास्थल पर पहुंची और आग पर तुरंत काबू पा लिया। उन्होंने बताया कि जलने से घायल हुए लोगों को एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए उर्सला हॉर्समैन (यूएचएम) अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। शर्मा ने कहा कि जो लोग काम कर रहे थे, उन्होंने पुलिस को सूचित किया कि उन्होंने एक के बाद एक धमाके की आवाज सुनी जिसके परिणामस्वरूप आग लग गई।

## कार ने मोटरबाइक पर मारी टक्कर, दो की मौत

**चित्रकूट।** जिले में मोटरबाइक व चारपहिया वाहन की टक्कर में दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। ये पूरा मामला रैपुरा थाना क्षेत्र का है। रैपुरा थाना क्षेत्र के भौरी गांव का अखिलेश उर्फआशू (22) पुत्र विशाल विश्वकर्मा व दोस्त रामनरेश (21) पुत्र रज्जू की तेज रफ्तार चारपहिया वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई है। बताया गया कि अखिलेश व रामनरेश मोटरबाइक से जिला अस्पताल कुत्ते के काटने का टीका लगवाने आ रहे थे। तभी रास्ते में ब्यूर गांव के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। जहां बाइक सवार दोनों युवको की मौके में मौत हो गई। दोनों युवकों की मौत की खबर सुन दोनों मृत युवक के घरों में कोहराम मच गया।परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को शांत कराया। दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

# बाराबंकी में घर के बाहर सो रहे बुजुर्ग की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के लोनी कटरा थाना क्षेत्र में शुक्रवाराशनिवार की दरमियानी रात घर के बाहर सो रहे बुजुर्ग के सिर पर पत्थर से हमला कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शनिवार को बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि लोनी कटरा थाना क्षेत्र के भिलवल निवासी बाल शरण जायसवाल (65) परिवार से अलग रहते थे। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की शाम खाना बनाने और खाने के बाद वह घर के बाहर सोने चले गए, इसी दौरान उनके सिर पर हमला कर दिया गया, शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। उन्होंने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस बुजुर्ग को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएससी) त्रिवेदीगंज लेकर पहुंची, जहां चिकित्सकों ने नब्ज टटोलते ही उसे ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया, जहां ले जाते समय बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) डॉ अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि बुजुर्ग शुक्रवार की रात घर के बाहर सो रहे थे, इसी दौरान गांव के ही राशिद नामक व्यक्ति ने पत्थर से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए। उन्होंने बताया कि पुलिस उनको अस्पताल से ट्रामा सेंटर ले जा रही थी, जहां रास्ते में उनकी मौत हो गई। एएसपी ने बताया कि इस मामले में हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। ग्रामीणों के अनुसार आरोपी नशे का आदी है। उन्होंने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**शुरू हुई राजधानी बस सेवा**

फतेहपुर। दिल्ली जाना जनपदवासियों के लिए अब आसान होगा। फतेहपुर डिपो के बेड़े में राजधानी के लिए दो बसें भी शामिल हो गई हैं। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इन बसों में यात्रियों को दिल्ली का सफर करने में आसानी होगी। ज्वालागंज बस स्टाप से प्रतिदिन शाम को 6 बजे दिल्ली के लिए एक बस जाएगी। दिल्ली से फतेहपुर आने के लिए प्रतिदिन दोपहर एक बजे बस सेवा मिलेगी। बस की सुविधाओं को देखते हुए निगम ने इन बसों का किराया भी दस प्रतिशत अधिक रखा है। लंबे सफर को देखते हुए इन बसों को नॉनस्टाप की तर्ज पर चलाया जा रहा है।

# युवक की गोली मारकर हत्या, शव को नदी में फेंका

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के थाना उदयपुर क्षेत्र के पूरे बसावन गांव के एक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी गई और उसके शव को सई नदी में फेंक दिया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने शनिवार को बताया कि युवक का शव जिला रायबरेली के थाना सलवन क्षेत्र में सई नदी से बरामद हुआ है, और मामले में चार आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) निकेत भारद्वाज नें शनिवार को बताया कि थाना नगर कोतवाली क्षेत्र के पूरे केशवराय का निवासी दीपक सिंह ऊ2398ी सोनू (22) यहां थाना उदयपुर क्षेत्र के पूरे बसावन राहटीकर में अपने ननिहाल में रहता था, जिसकी 23।24 जून की दरमियानी रात हत्या कर शव को सई नदी में फेंक दिया गया। एसएचओ ने बताया कि घटना स्थल से कारतूस का खोखा व खून आलूद टी शर्ट बरामद हुई है, आरोपियों नें हत्या कर शव को नदी में फेंक दिया। उन्होंने बताया कि जिला रायबरेली के थाना सलवन क्षेत्र से सई नदी से शव बरामद हुआ, जिसकी पहचान दीपक सिंह ऊ2398ी सोनू के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग का है, शव का पोस्टमार्टम रायबरेली में कराया जा रहा है ढ परिजनों की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

## मक्के के खेत में बालक का शव मिला

**बदायूं।।** बदायूं जिले के उझानी थाना क्षेत्र में शनिवार को सड़क किनारे स्थित एक खेत में आठ वर्षीय बालक का शव बरामद किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस के अनुसार उझानी कस्बा निवासी सरबत मियाँ का आठ वर्षीय पुत्र आईल (आठ) शुक्रवार देर शाम बारात देखने निकला था और जब देर रात तक वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने तलाश शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि आसपास के इलाके में तलाश के साथ ही कस्बे में रिक्शे पर मुनादी भी करवाई। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह पिता बच्चे की फोटो लेकर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराने घर से निकला, इसी बीच सहसवान मार्ग पर राजमार्ग के किनारे एक खेत में जब मजदूर मक्का की फसल काटने गए तो उन्हें वहां एक बालक का शव मिला, उसके कपड़े पास में पड़े थे। उन्होंने बताया कि सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और बालक के परिजन वहां पहुंचे तो उन्होंने शव की शिनाख्त की। उन्होंने बताया कि परिवार के लोगों ने किसी से रंजिश की बात से इंकार किया है। घटना का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डाक्टर ओपी सिंह ने निरीक्षण किया। सिंह ने बताया कि एक आठ वर्षीय बालक बारात देखने को घर से निकला था किंतु रात को घर नहीं पहुंचा। आज सुबह मक्का के खेत में उसका शव मिला है। बालक के कपड़े भी उसके शव के समीप ही पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि परिजनों की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# मुजफ्फरनगर में बच्ची से दुष्कर्म के दोषी युवक को आजीवन कारावास की सजा

**मुजफ्फरनगर ।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले की एक विशेष अदालत ने शनिवार को आठ साल की नाबालिग बच्ची के साथ बलात्कार के आरोपी युवक को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 50 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो अधिनियम अदालत) दिनेश शर्मा और मनमोहन वर्मा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि पॉक्सो अधिनियम अदालत के विशेष न्यायाधीश बाबूराम ने आरोपी आरिज (27) को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (बलात्कार) और पॉक्सो अधिनियम के तहत दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 50 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि जुर्माने की पूरी राशि 50,000 रुपए पीडि़ता को प्रदान की जाएगी। अदालत ने कहा कि अगर आरोपी जुर्माना नहीं भर सका तो उसे छह महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। अधिवक्ता द्वय ने घटना के संदर्भ में पुलिस में दर्ज प्राथमिकी और आरोप पत्र के हवाले से बताया कि 30 जुलाई 2022 को यहां कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक इलाके में एक आठ वर्षीय लड़की को उसके पड़ोसी युवक आरिज ने अपने बाथरूम में ले जाकर बलात्कार किया और गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीडि़ता की मां ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जिसमें आरोप लगाया था कि उसकी बेटी के रोने की आवाज सुनकर जब वह मौके पर पहुंची तो उसकी बेटी पड़ोसी के घर में खून से सने कपड़ों में मिली थी। विशेष अदालत ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद यह फैसला किया।

# बलरामपुर में सड़क हादसे में बैटरी रिक्शा चालक की मौत, दो अन्य युवक घायल

**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले के पचपेड़वा थाना क्षेत्र में किसी अज्ञात वाहन और बैटरी रिक्शा में टक्कर मार होने के बाद रिक्शा खाई में पलट गया जिससे इस घटना में चालक की मौत हो गई जबकि दो अन्य युवक घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बढ़नी-पचपेड़वा मार्ग पर भोजपुर तिराहे के पास शनिवार को एक बैटरी रिक्शा सवारियों को लेकर पचपेड़वा की तरफ से लक्ष्मी नगर की तरफ जा रहा था, तभी भोजपुर तिराहे के पास किसी अज्ञात वाहन ने रिक्शे में टक्कर मार दी जिससे बैटरी रिक्शा खाई में पलट गया। उन्होंने बताया कि इस हादसे में बैटरी रिक्शा चालक राज कुमार (22) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि रिक्शे पर सवार दो अन्य युवक राजू (21) और मनोज (22) घायल हो गए। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा घायलों को पचपेड़वा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां मनोज की हालत गंभीर बताई गई है।पचपेड़वा के थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) उदय राज सिंह ने बताया कि मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## यूपी-एमपी सीमा पर बढ़ी हलचल

# जंगलों में फिर पनप रहे डकैत

### 50 जवानों की पांच टीमें कर रही कॉम्बिंग



**चित्रकूट।** जिले के मप्र-उप्र सीमा पर डकैत फिर सिर उठाने लगे हैं। पठारनुमा इन पहाड़ियों का स्थानीय नाम पाठा है। जिले का मानिकपुर, बहिलपुरवा और मारकुंडी थाना क्षेत्र व बांदा जिले का फतेहगंज तथा चित्रकूट का भरतकूप थाना क्षेत्र दस्यु प्रभावित इलाकों में सबसे संवेदनशील है। मप्र क्षेत्र में विधानसभा चुनाव आते ही डकैतों की धमाचौकड़ी शुरू हो गई है। बता दें कि पाठा के इन बीहड़ों में डकैती का इतिहास तीन दशक पुराना है। यहां डकैत शिवकुमार पटेल उर्फ ददुआ आतंक का पर्याय बनकर बहुत पहले सामने आया था। इसके बाद अंबिका पटेल उर्फ ठोकिया उर्फ डॉक्टर ने भी यहां डकैती की कई वारदातों को अंजाम दिया। 22 जुलाई 2007 को स्पेशल टास्क फोर्स ने ददुआ को मार गिराया था। इसके साल भर बाद चार अगस्त 2008 को ठोकिया को भी मौत के घाट उतार दिया गया। ठोकिया के बाद इस गैंग की कमान सुंदर पटेल उर्फरागिया ने संभाली। इस गैंग के दो मुख्य सदस्य बलखडिया और राम सिंह गौड़ थे। 25 दिसंबर 2011 को मप्र पुलिस ने मारकुंडी में रागिया को भी मार गिराया। 16 सितंबर को सात लाख का इनामी डकैत बबली व उसका दाहिना अंग लवलेश को लेदरी जंगल में मप्र पुलिस ने मार गिराया था। इन डकैतों के सफाया के बाद पांच लाख 50 हजार का इनामी डकैत गौरी यादव जंगल में एक छात्र राज कर रहा था। इसको उप्र एसटीएफटीम अभिताभ एस की अगुवाई में 30 अक्टूबर 2021 में बहिलपुरवा के जंगल में मार गिराया था। इसके बाद डकैतों का आतंक जंगलों से खत्म हो गया था, लेकिन अब फिर से पनपना शुरू हो गया है। चित्रकूट एसडीओपी आशीष जैन ने बताया कि डकैतों की सूचना पांच दिन पहले मिली थी। इसके लिए 50 जवानों की पांच टीम बनाकर जंगलों में कॉम्बिंग के लिए उतारा गया है। उन्होंने कहा कि अभी यह डकैत उप्र की सीमा पर विचरण कर रहे हैं। बांदा जिले के फतेहगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत घटनाओं को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि सूचना मिली है कि सात डकैत जंगलों में गए हैं। इनके पास पुराने असलहे और कुछ पुराने डकैतों के सदस्य भी बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश पुलिस लगातार कर रहे। उधर, उप्र की सीमा पर एसओजी टीम ने भी डकैतों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। जंगलों में काम में शुरू हो गई है।

# कन्नौज में एक लाख का इनामी अपराधी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले की गुरसहायगंज पुलिस ने एक किशोरी से दुष्कर्म के प्रयास के आरोपी रामजी वर्मा को एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शनिवार को बताया कि इस दौरान हुई मुठभेड़ में एक लाख रुपए के इनामी बदमाश को पैर में गोली लगी है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) कुंवर अनुपम सिंह ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस ने फुर्खाबाद जिले के कमालगंज थानाक्षेत्र के खुदागंज निवासी रामजी वर्मा को एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। सिंह ने बताया, आरोपी बहुत ही शातिर अपराधी है। उसकी गिरफ्तारी हेतु गठित टीम द्वारा लगातार दबिश दी जा रही थी। शुक्रवार को मुखबिर द्वारा पुलिस को सटीक सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी रामजी वर्मा तेराजाकेट से ग्राम मलिकपुर के रास्ते अपने घर की ओर जा रहा है, इस पर थाना गुरसहायगंज में पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी करके उसको रुकने के लिए कहा गया तो वह पुलिस दल पर गोलीबारी करने लगा। उन्होंने बताया कि गोलीबारी में पुलिस बल के जवान बाल-बाल बच गए और जवाबी गोलीबारी में आरोपी के बाएं पैर में गोली लगी, जिससे वह मौके पर गिर गया और उसे पकड़ लिया गया और उसने अपना नाम रामजी वर्मा बताया। सिंह ने बताया कि आरोपी के पास से 315 बोर का एक देशी तमंचा, नौ कारतूस व दो खोखे बरामद हुए। उन्होंने बताया कि आरोपी को उपचार हेतु जिला अस्पताल कन्नौज में भर्ती करा दिया गया है। एसपी ने बताया कि आरोपी वर्मा के विरूद्ध थाना गुरसहायगंज में मामला दर्ज करके आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत भी कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि जनपद कन्नौज के थानाक्षेत्र गुरसहायगंज में 23 अक्टूबर 2022 को अपराह्न लगभग एक बजे 13 वर्ष की एक किशोरी घर से बाजार गई थी। उन्होंने बताया कि आरोप है कि उसी दौरान आरोपी वर्मा बालिका को बहला फुसलाकर अपने साथ पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के पीछे झाडि़यों में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया था। उन्होंने बताया कि हालांकि बालिका द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने बालिका को जान से मारने के इरादे से उसके सिर पर ईंट से प्रहार किया था और उसे घायल स्थिति में छोड़कर भाग गया था।

सिंह ने बताया कि मामले की सूचना पर पुलिस ने इस संबंध में सुसंगत धाराओं में एक मामला दर्ज किया था और कई टीम गठित करके लगभग 132 सीसीटीवी फुटेज एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्य व सर्विलांस के सहयोग से आरोपी की पहचान रामजी वर्मा के रूप में की थी। उन्होंने बताया कि आरोपी घटना के पश्चात मोबाइल फोनासोशल मीडिया मंच का प्रयोग नहीं कर रहा था और अपनी पहचान एवं भेष बदल कर छिप रहा था। उन्होंने आरोपी के अन्य अपराधों का भी ब्योरा दिया।


## पलटूराम की गलबहियां

राजनीति के पलटूराम इन दिनों फिर सियासत के गलियारे में चर्चा का विषय बने हुए हैं। बेटे की शादी के बाद इनके सितारे बुलन्द नजर आ रहे हैं। कारण अधिकांश नेता जो पहुंचे हुए थे जबकि यही पलटूराम भगवा सरकार के पहले कार्यकाल में सरकार के नाक की बाल बन गए थे, फिर लोहियावादी पार्टी के खास हो गए। बाद में वहां से भी इनको लौटना पड़ा। अब 2024 की सुगबुगाहट के बीच एक बार फिर भगवा खेमे में लौटने को आतुर हैं। हालांकि उन्होंने अभी अपने पत्ते नही खोले हैं लेकिन इनका कही और ठिकाना भी नही दिख रहा है। इसलिए अंदर ही अंदर गलबहियां कर रहे हैं। अब देखना यह है कि पलटूराम का नया ठिकाना भी पुराना होगा कि एकला चलो की राह पकड़ते हैं। फिलहालए राजनीति के पलटूराम चर्चा में जरूर हैं और इसके पीछे निषादराज हैं। निषादराज नही चाहते कि पलटूराम आएं। उन्हें डर है कि पलटूराम आ गए तो उनकी अहमियत कम हो जाएगी। फिलहाल पलटूराम की गलबहियां जारी है।



## हाईकमान को साधने की कवायद

बीते विधानसभा चुनाव में औंधे मुंह गिरने वाले मंत्री जी एक बार फिर तैयारी में जुट गए हैं। इस बार मंत्री जी सीधे बड़े महाराज से नहीं भिड़ रहे हैं लेकिन इतना जरूर है की हाई कमान स्तर पर अपनी साख मजबूत करने के लिए उनकी पुरजोर कोशिशें शुरू हो गई हैं। बड़े महाराज से बचते हुए गाहे–बगाहे वे बयानबाजी कर ही देते हैं। आखिरकार मंत्री जी को ऐसा करना स्वाभाविक भी है क्योंकि पिछले विधानसभा चुनाव में मंत्री जी ने सीधे बड़े महाराज से टक्कर लेकर अपना बड़ा नुकसान किया था, जिसके परिणाम स्वरूप उन्हें पद तो वही मिला था लेकिन उनके विभाग छोटे हो गए थे। मंत्रियों में बड़े पद होने के बावजूद भी तबसे मंत्री जी साइड लाइन चल रहे हैं। जो भौकाल पिछली भगवा सरकार में था, इस दूसरी भगवा सरकार में वह भौकाल देखने को नहीं मिला। शायद उसी भौकाल की वापसी को लेकर मंत्री जी एक बार फिर पुरजोर कोशिश में लग गए हैं। हो सकता है उनकी आवाज हाईकमान तक पहुंचा जाए क्योंकि आने वाला चुनाव हाईकमान का ही है। यही कारण है मंत्री जी बड़े महाराज से बचते हुए हाईकमान की गुड लिस्ट में आना चाह रहे हैं। हो सकता है चुनाव में हाईकमान को सफलता मिलने के बाद मंत्री जी को उनका रुतबा वापस मिल जाए। इसी आस में मंत्री जी की पुरजोर कोशिश जारी है।




## फिर चर्चा में खाकी

खाकी महकमा गाहे–बगाहे चर्चा में बना ही रहता है। खाकी के कथित जाबांज कुछ कारनामा ही ऐसा कर दिखाते है कि उनकी चर्चा आम हो जाती है। मुंह से ठांय–ठांय की आवाज निकालकर अपराधियों को डराने और उन्हें दूर भगाने वाले इस महकमे के कारिंदे जब हथियारों से लैस रहते हैं तब कस्टडी में होने वाली हत्याओं को नहीं रोक पाते। भरी कचहरी उन्हीं की अभिरक्षा में माफिया को मौत के घाट उतार दिया जाता लेकिन वह देखते रह जाते हैं लेकिन बहादुरी का प्रदर्शन करने में फिल्मी डायरेक्टरों को भी मात दे दी है। अभी कानपुर का एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें इंस्पेक्टर साहब एक सिपाही के साथ निरीह युवक की कमर पकड़े खड़े हैं और धीरे–धीरे उसकी कमर में घुसा हुआ तमंचा बाहर निकालते दिख रहे हैं। इंस्पेक्टर साहब ने वीडियो तो अपनी बहादुरी के लिए बनवाया था लेकिन हकीकत सबके सामने आ गई। वहीं दूसरा वीडियो अमेठी का चर्चा में है जहां कथित मुठभेड़ के दौरान अपने को घायल बताने वाले इंस्पेक्टर अस्पताल में बेड पर लेटे हैं। उनके शरीर पर पट्टियां बंधी हैं और उन्हें ग्लूकोज चढ़ाया जा रहा है लेकिन वीडियो को ध्यान से देखने पर पता चलता है कि हाथ के पट्टी में ही ग्लूकोज की बोतल का वायर लगा दिया गया है। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुए वीडियो पर लोग खाकी पर निशाना साधते हुए तरह–तरह के कमेंट कर रहे हैं।



## धरी रह गई सेटिंग

महापौर सुषमा खर्कवाल के पहले सदन में निर्विरोध कार्यकारिणी सदस्यों के चयन पर शेखी बघारने वाले विपक्षी पार्षद को तब झटका लग, जब उनकी सारी सेंटिंग धरी की धरी रह गयी। देश की सबसे पुरानी पार्टी के जोशीले मनबढ़ पार्षद ने बड़े बड़े दावे किये थे कि हमारी पार्टी का एक सदस्य जरूर होगा। पदेन सदस्य से लेकर भाजपा के सभी वोट करने वाले प्रतिनिधियों की गणना कर अपनी पार्टी की दावेदारी पर भरोसा था, जबकि इस बार आधा दर्जन उनकी पार्टी के पार्षद नहीं चुने गए लेकिन बड़ी बड़ी बाते करने में माहिर पार्षद साहब ने अधिकारियों और भाजपा के पार्षदों को भी चैलेंज किया था कि मेरी पार्टी का एक सदस्य नहीं चुना गया तो चुनाव होकर रहेगा। चुनाव हुआ तो कार्यकारिणी सदस्य में मेरी पार्टी का भी एक सदस्य निर्वाचित होगा। पर बेचारे पार्षद साहब के तोते उड़ गए, जब उन्हें पता चला कि उनको बिना संज्ञान में लिए ही भाजपा और मुख्य विपक्षी पार्टी के आपसी सहमति से निर्विरोध सदस्यों का चयन कर लिया गया। फिर क्या था बेचारे पार्षद साहब आरोप लगाते हुए बड़ा जोर मारा, लेकिन मरता क्या न करता... विरोध दर किनार कर 12 सदस्य चुन लिए गए।

# पीएम मोदी के 9 वर्ष का कार्यकाल उपलब्धियों से भरा: योगी

## सीएम ने ब्रज तीर्थ विकास परिषद के नए कार्यालय का उद्घाटन, 208 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया

- मुख्यमंत्री ने कहा, मथुरा में जल्द शुरू होगी हेलीकॉप्टर सुविधा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ मथुरा



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ शनिवार को ब्रजवासियों को करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं का तोहफा दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा जिले की करीब 121 करोड़ रुपये की 41 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं 86 करोड़ रुपये की 39 परियोजनाओं का शिलान्यास बटन दबाकर किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को पीएम आवास की सांकेतिक चाबी भेंट की। इसके बाद कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थी और 100 आदर्श आंगनवाड़ी केंद्रों को किटों का वितरण किया। सीएम योगी ने मेधावी छात्र–छात्राओं को टेबलेट और स्मार्टफोन भी वितरित किए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राधे–राधे कहकर जनसभा को संबोधित किया। सीएम योगी ने कहा कि 9 साल बेमिसाल और भारत हुआ खुशहाल। सचमुच स्वतंत्र भारत के इतिहास में पीएम मोदी के कार्यकाल के ये 9 वर्ष उपलब्धियों से भरे पड़े है। ये उपलब्धियां हमें हर दिन प्रसंगों के माध्यम से, प्रकरणों के माध्यम से, हम सबको देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि आपने देखा होगा कि जब अमेरिकी सीनेट को पीएम मोदी संबोधित कर रहे थे। अमेरिका दुनिया की महाशक्ति के रूप में जाना जाता है। वहां पर पीएम मोदी के स्वागत के लिए अमेरिकी सीनेट उतावली दिखाई दे रही थी। अमेरिका के अंदर जो उत्साह था। दुनिया का कोई ऐसा शख्स नही होगा , आर्थिक जगत का भी जो पीएम मोदी से मिलने के लिए उतावला न दिखाई दिया हो। ये नए भारत की नई पहचान है। जो पीएम मोदी के यशस्वी नेतृत्व में 9 वर्षों के अंदर भारत ने अर्जित किया है। उन्होंने कहा कि वैश्विक मंच पर भारत को मिल रहा ये सम्मान, सामान्य सम्मान नही है। ये भारत की 140 करोड़ लोगों को मिल रहा सम्मान है और भारत 140 करोड़ लोगों का सिर गौरव के साथ दुनिया के मंच पर उठाने का अवसर देता है। सीएम योगी ने कहा कि भारत का विरासत की सम्मान देने का कार्यक्रम हो, या फिर भारत को दुनिया की आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने का कार्यक्रम। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विगत 9 वर्षों के अंदर देखने को मिला है। सबने इन कार्यों को नजदीक से होते हुए देखा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भगवान कृष्ण ने आज से 5 हजार वर्ष पहले साक्षात इस धरा पर अवतरित हुए थे। उन्होंने जो संदेश मानव कल्याण के लिए उस समय दिया था। धर्म की स्थापना के लिएए न्याय और सत्य की स्थापना के लिएए जो मार्गदर्शन दिया था। वो आज भी सत्य है और शाश्वत है। उन्होंने कहा कि हरिद्वार कुंभ से पहले यहां वैष्णव कुंभ का आयोजन होना था। तब एक तरफ कोरोना महामारी थी। तो बड़ी असमंजस की स्थिति थी। लेकिन एक माह तक यहां संतों का जमावड़ा लगा रहा लेकिन उस दौरान कोरोना दूर–दूर तक यहां नहीं भटका और जैसे ही संतों की सभा उठी कोरोना महामारी प्रदेश और देश के अंदर देखने को मिली थी। ये चमत्कार ही है। शांतिपूर्ण तरीके से यमुना मैयाए राधा रानी और बांके बिहारी की कृपा बनी हुई थी। उन्होंने कहा कि अब जिस तरह से ब्रज क्षेत्र के विकास के लिए विकास परियोजनाएं तैयार हुई हैं। ये योजनाएं जब जमीनी धरातल पर, पूरी तरह से प्रभावी ढंग से लागू हो गई, तो एक बार फिर से हमें द्वापर युग की याद को ताजा करा देगा। फिर से मथुरा, वृंदावन, गोकुल, नंदगांव, बरसाना ये सभी हमें एक बार फिर द्वापर युग की स्मृतियों को ताजा करवा देंगे। हमें फिर से अपने तीर्थों के विकास के लिए कार्य करना है। विगत 9 वर्ष की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर के निर्माण का कार्य चल रहा है। केदारनाथ में केदारनाथ धाम और महाकाल में महालोक का निर्माण हो रहा है। गुजरात के सोमनाथ में सोमनाथ धाम के पुर्नउद्धार का भव्य कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि देश के अंदर अनेक क्षेत्रों में अन्य अनेक भव्य कार्यक्रम एक तरफ चल रहे हैं। वहीं इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के कार्यक्रम भी युद्धस्तर पर चल रहे है। सीएम योगी ने कहा कि बहुत शीघ्र हम लोग मथुरा–वृंदावन के लिए हेलीकॉप्टर की सेवा प्रारंभ करने जा रहे है। जिससे आगरा, दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा से लोग यहां आ सके और यहां से जुड़ सकें। देश में हाइवे, रेलवे, एक्सप्रेस वे, वाटर वे, एयरपोर्ट आदि ये सभी सुविधाएं दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज 140 करोड़ लोगो भारत का निर्माण और एक नए भारत को देख रहे हैं। मुख्समंत्री योगी ने लोगों से आह्वान किया कि भारत खुशहाल है और एक भारत और श्रेष्ठ भारत के प्रधानमंत्री मोदी के मिशन के साथ हम सबको जुड़ करके भारत को 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था को बनाने के रूप में स्थापित करना है।

# दूसरे राज्य से देशी गाय की खरीद पर मिलेगा 40 हजार का अनुदान



- नंद बाबा दुग्ध मिशन के तहत दिया जाएगा अनुदान और प्रोत्साहन धनराशि
- देशी नस्ल के गौ पालक किसानों को मिलेगी पंद्रह हजार प्रोत्साहन राशि

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार प्रदेश के गौ पालकों की आय बढ़ाने, आत्मनिर्भर बनाने एवं स्वदेशी नस्ल की गायों के प्रति उनका रुझान बढ़ाने के लिए नन्द बाबा दुग्ध मिशन के तहत स्वदेशी गौ संवर्धन योजना लेकर आयी है। इसके तहत गौ पालक द्वारा दूसरे स्टेट से साहिवाल, थारपारकर और गिर गाय खरीदने पर उन्हे ट्रांसपोंटेशन, ट्रांजिट इंश्यारेंस एवं पशु इंश्यारेंस समेत अन्य मदों पर खर्च होने वाली धनराशि पर सब्सिडी दी जाएगी। यह सब्सिडी गौ पालकों को अधिकतम दो स्वदेशी नस्ल की गायों की खरीद पर दी जाएगी। इसी तरह योगी सरकार स्वदेशी नस्ल गौ पालकों को मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना के तहत प्रोत्साहन राशि देगी। यह प्रोत्साहन धनराशि भी अधिकतम दो स्वदेशी नस्ल की गायों पर दी जाएगी। मालूम हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद गौ सेवक हैं और वह विभिन्न मंचों से ग्रामीणों क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था को गौ पालन बता चुके हैं।

दुग्ध आयुक्त एवं मिशन निदेशक शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि नन्द बाबा मिशन के तहत प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में तेजी लाने के लिए दूसरे राज्यों पंजाब से साहिवाल, राजस्थान से थारपारक और गुजरात से गिर जैसी देशी नस्ल की गाय खरीदने पर ट्रांसपोंटेशन से संबधित विभिन्न मदों के लिए कुल व्यय का 40 प्रतिशत अधिकतम 40 हजार रुपये प्रति गाय अनुदान दिया जाएगा। यह धनराशि गौ पालक को गायों को दूसरे राज्य से प्रदेश में लाने पर पड़ने वाली परिवहन लागत, ट्रांजिस्ट इंश्योरेंस और 3 साल के लिए पशु के इंश्योरेंस पर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के डेयरी किसान या गौ पालक को अनुदान धनराशि अधिकतम दो देशी नस्ल की गायों की खरीद पर दी जाएगी। इसी तरह प्रदेश के डेयरी किसानों को उन्नत नस्ल एवं उच्च उत्पादकता वाली देशी गायों के पालन पर योगी सरकार मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना के लिए दस से पंद्रह हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दे रही है। इसके तहत डेयरी किसानों को देशी नस्ल वाली साहिवाल, गिर, हरियाणा, गंगातीरी और थारपारक गाय पर दस से पंद्रह हजार रुपये प्रोत्साहन धनराशि के रूप में देगी। यह राशि योगी सरकार डेयरी किसान को अधिकतम दो गायों पर देगी। इस धनराशि को दो भागों में बांटा गया है। इसमें साहिवाल, गिर और थारपारक गाय द्वारा आठ से बारह किलो प्रति दिन दूध देने पर दस हजार रुपये और बारह किलो से ज्यादा प्रतिदिन दूध देने पर पंद्रह हजार रुपये प्रोत्साहन राशि के रूप में दिये जाएंगे। वहीं हरियाणा गाय द्वारा प्रति दिन छह से दस किलो दूध देने पर दस हजार और दस किलो से ज्यादा दूध देने पर पंद्रह हजार रुपये दिये जाएंगे। इसके अलावा गंगातीरी गाय के 6 से 8 किलो प्रति दिन दूध देने पर दस हजार और आठ किलो से ज्यादा दूध देने पर पंद्रह हजार रुपये दिये जाएंगे।

# औद्यानिक फसलों के जरिए बदलेगी बुंदेलखंड के किसानों की जिंदगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मौसम** की अनिश्चितता और प्राकृतिक रूप से शुष्क इलाका होने के बावजूद बुंदेलखंड रीजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से विकास की नई राह पर बढ़ चला है। सीएम योगी का विशेष फोकस बुंदेलखंड रीजन पर है, ऐसे में हाल ही में संपन्न यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद लाखों करोड़ के औद्योगिक निवेश प्रस्तावों के साथ ही अब कृषि क्षेत्र में भी बुंदेलखंड नई कहानी लिखने ज रहा है। आने वाले समय में बुंदेलखंड का इलाका प्रदेश में हाई रेटेड औद्यानिक फसलों का केंद्र बनने की राह पर है। बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय की ओर से विभिन्न प्रजातियों के फलों पर हुए रिसर्च ने शोधकर्ताओं के सामने चौंकाने वाले नतीजे पेश किये हैं। पारंपरिक रूप से दलहन का कटोरा कहा जाने वाला बुंदेलखंड क्षेत्र आने वाले दिनों में विशेष प्रजाति के फ्लों का भी बड़ा सेंटर बन सकता है। इसमें अंजीर, चिरौंजी, खजूर और ड्रैगन फ्रूट जैसे हाई रेटेड फल शामिल हैं, जिनकी मदद से बुंदेलखंड के किसान परंपरागत खेती के बनिस्पत चार गुना ज्यादा आय कर सकते हैं। बांदा कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति नरेन्द्र प्रताप सिंह के अनुसार बुंदेलखंड इलाके में मौसम की अनिश्चितता के कारण किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। ऐसे में कृषि का विविधिकरण करना बहुत जरूरी है। कृषि विश्वविद्यालय की ओर से बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए ऐसे फलों पर विशेष काम किया गया है, जो यहां के मौसम और परिस्थितियों के अनुकूल हों। उन्होंने बताया कि हमारी टीम ने नीबू, अंजीर, डेट पॉम और ड्रैगन फ्रूट पर पिछले चार साल के रिसर्च के बाद मॉडल तैयार कर लिया है, जिसे अब पूरे बुंदेलखंड में विस्तारित करने की आवश्यकता है। कुलपति ने बताया कि प्रदेश सरकार बुंदेलखंड की तस्वीर बदलने को लेकर काफी प्रयास कर रही है। अब जरूरत है कि यहां के किसान भी आगे आएं और पारंपरिक खेती के साथ ही औद्यानिक खेती के जरिए अपनी आय को बढ़ाएं। कुलपति नरेन्द्र प्रताप सिंह के अनुसार बुंदेलखंड में आवारा जानवरों की बड़ी समस्या को देखते हुए नंदी अभयारण्य शुरू किया गया।

# चार सीनियर आईपीएस अफसरों के तबादले


**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्य** सरकार ने शनिवार को चार सीनियर आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए। इस फेरबदल में प्रतीक्षारत चल रहे आशीष गुप्ता को डीजी रूल्स एंड मैन्युअल के पद पर तैनाती प्रदान की गई है। अभी तक इस पद का कार्यभार देख रहीं तनुजा श्रीवास्तव अब सिर्फ डीजी विशेष, उत्तर प्रदेश का पद संभालेंगी। आईजी उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड पद्मजा चौहान को प्रमोशन के बाद एडीजी उत्तर प्रदेश अग्निशमन एवं आपात सेवाएं उत्तर प्रदेश के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डीआईजी पीटीएस उन्नाव के पद पर तैनात राजीव मल्होत्रा को उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज, लखनऊ स्थानान्तरित किया गया है।

# श्री कृष्ण की लीलाओं का एहसास कराएगा लाइट एंड साउंड शो

- सीएम ने लाइट एंड साउंड शो का किया लोकार्पण, कृष्ण जन्मभूमि मंदिर में की पूजा अर्चना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ मथुरा



**श्री** कृष्ण जन्मभूमि पर आने वाले श्रद्धालु भगवान की लीलाओं का अब नए अंदाज में देख सकेंगे। शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लाइट एंड साउंड शो शुभारंभ कर दिया। लाइट एंड साउंड शो को देखकर श्रद्धालु भगवान श्री कृष्ण लीलाओं का एहसास भी कर सकेंगे। लाइट एंड साउंड शो को एक बार में 250 लोग देख सकेंगे। इसके प्रतिदिन दो शो होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को मथुरा दौरे पर हैं। विशाल जनसभा और उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद सीएम योगी भगवान श्री कृष्ण की जन्मस्थली श्री कृष्ण जन्मस्थान मंदिर पहुंचे। यहां पर उन्होंने भगवान श्री कृष्ण के दर्शन. पूजन किया।

मुख्यमंत्री ने यहां गर्भगृह और भागवत भवन के भी दर्शन किए। करीब 20 मिनट मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद मुख्यमंत्री लीला मंच पर पहुंचे। यहां पर सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा 15 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किए गए लेजर लाइट एंड साउंड शो और लीला मंच का लोकार्पण किया। सीएम योगी ने लाइट एंड साउंड शो के जरिए प्रदर्शित की जाने वाली श्री कृष्ण लीलाओं का भी आनंद लिया। वह यहां करीब 30 मिनट रुके। लाइट एंड साउंड शो में 6 प्रोजेक्टर के जरिए भगवान श्री कृष्ण के जन्म से लेकर कुरुक्षेत्र में दिए गए संदेश तक को नए अंदाज में प्रदर्शित किया गया है।

लेजर लाइट से निकलने वाली विद्युत की रंग–बिरंगी किरणें जब श्री कृष्ण जन्मस्थान परिसर में बिखरी तो परिसर में मौजूद सभी लोगों को एक नई आभा का एहसास हुआ। बता दें कि श्री कृष्ण जन्मस्थान पर लाइट एंड साउंड शो के प्रतिदिन दो शो चलेंगे। प्रत्येक शो 30–30 मिनट के होंगे। पहला शो रात 8 बजे और दूसरा शो रात 8:30 बजे शुरू होगा।

# सहजन की खूबियों का कायल हुआ केंद्र

- योगी सरकार अपने पहले कार्यकाल से ही सहजन को दे रही बढ़ावा
- पौधरोपण में सहजन को दी जाती है वरीयता

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सहजन** को पेड़ सिर्फ एक वनस्पति ही नहीं बल्कि नहीं पॉवर हाउस भी है। अपनी तमाम औषधीय खूबियों के कारण इसे चमत्कारिक वृक्ष भी कहते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहजन की इन खूबियों से तबसे वाकिफहैं जब वह गोरखपुर के सांसद थे। यही वजह है कि मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रदेश में हरीतिमा बढ़ाने एवं यहां के पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए पौधरोपण का जो काम शुरू करवाया, उसमें सहजन को भी प्राथमिकता दी गई। यही नहीं विकास के मानकों पर पिछड़े आकांक्षात्मक जिलों में हर परिवार को सहजन के कुछ पौध लगाने को भी प्रेरित किया। उनकी गृह वाटिका के पीछे भी यही सोच रही। दरअसल अगर लोग सहजन की खूबियों को जान जाएं और उनका सेवन करें तो यह कुपोषण के खिलाफ एक सफल जंग सरीखा होगा।

अब तो केंद्र सरकार भी सहजन की खूबियों के नाते इसका मुरीद हो गई। चंद रोज पहले केंद्र की ओर से राज्यों को निर्देश दिया गया कि वे प्रधानमंत्री पोषण योजना में सहजन के साथ स्थानीय स्तर पर सीजन में उगने वाले पोषक तत्वों से भरपूर पालकए अन्य शाक–भाजी एवं फलियों को भी शामिल करें। राष्ट्रीय परिवार सर्वेक्षण 2019–2020 के मुताबिक देश के करीब 32 फीसद बच्चे अपनी उम्र के मानक वजन से कम (अंडरवेट) हैं। करीब 67 फीसद बच्चे ऐसे हैं जो अलग–अलग वजहों से एनीमिया (खून की कमी) से पीड़ित हैं। अपनी खूबियों के नाते ऐसे बच्चों के अलावा किशोरियोंए मां बनने वाली महिलाओं के लिए सहजन वरदान साबित हो सकता है। सहजन की पत्तियों एवं फलियों में 300 से अधिक रोगों की रोकथाम के गुण होते हैं। इनमें 92 तरह के विटामिन्स, 46 तरह के एंटी ऑक्सीडेंट, 36 तरह के दर्द निवारक और 18 तरह के एमिनो एसिड मिलते हैं। विटामिन सी संतरे से सात गुना। विटामिन ए गाजर से चार गुना। कैल्शियम दूध से चार गुना। पोटैशियम केले से तीन गुना। प्रोटीन दही से तीन गुना। दुनिया में जहां–जहां कुपोषण की समस्या है, वहां सहजन का वजूद है। यही वजह है कि इसे दैवीय चमत्कार भी कहते हैं। दक्षिणी भारत के राज्यों आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु और कर्नाटक में इसकी खेती होती है। साथ ही इसकी फलियों और पत्तियों का कई तरह से प्रयोग भी। तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय ने पीकेएम–1 और पीकेएम–2 नाम से दो प्रजातियां विकसित की हैं। पीकेएम–1 यहां के कृषि जलवायु क्षेत्र के अनुकूल भी है। यह हर तरह की जमीन में हो सकता है। बस इसे सूरज की भरपूर रोशनी चाहिए। सहजन की खूबियां यहीं खत्म नहीं होतीं। चारे के रूप में इसकी हरी या सूखी पत्तियों के प्रयोग से पशुओं के दूध में डेढ़ गुने से अधिक और वजन में एक तिहाई से अधिक की वृद्धि की रिपोर्ट है।

# ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए अयोध्या में निवेशकों में दिख रहा उत्साह

## निवेशकों की 79 इकाइयां तैयार, 2580.37 करोड़ के प्रोजेक्ट पर कार्य शुरू होने की दहलीज पर

- 99680 रोजगार का होगा सृजन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के सफल आयोजन के बाद अब ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए निवेशकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। अयोध्या में इन्वेस्टर्स समिट के लिए किये गए एमओयू पर निवेशकों ने प्रोजेक्ट कार्य शुरू करने के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारियों तेज कर दी हैं।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान निवेशकों के हस्ताक्षर के पश्चात् अयोध्या जनपद में 79 इकाइयों में काम या तो शुरू हो चुका हैं या शुरू होने की दहलीज पर पहुंच गया है। उपायुक्त उद्योग अमरेश कुमार पाण्डेय बताते हैं कि जिले में उद्यमियों ने 141497.53 करोड़ के प्रोजेक्ट के कार्य प्रारम्भ होने की स्थिति में पहुंच चुके हैं। उनका कहना है कि 79 निवेशकों ने अभी तक ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के सभी मानक पूरा करते हुए कार्य करना शुरू करने के चरण पर आ गए हैं। वैसे इन 79 इकाइयों में 34 फीसदी इकाइयों ने अभी से अपना उत्पादन भी शुरू कर दिया है। शेष बची औद्योगिक इकाई भी जुलाई के आखिर तक अपना काम शुरू कर सकती हैं। योगी सरकार की उद्योग स्थापना एवं निर्यात प्रोत्साहन नीति के चलते निवेशकों का प्रदेश में निवेश को लेकर भरोसा बढ़ा हैं। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 10 से 12 फरवरी तक चले यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में बड़ी संख्या में प्रदेश स्तर पर उद्यमियों ने निवेश करते हुए एमओयू साइन किए थे। सरकार ने जनपद स्तर पर निवेशकों के उद्योग को धरातल पर उतारने के लिए जिला स्तर पर अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके बाद उद्यमियों को इकाई स्थापना के लिए आवश्यक जानकारी और सुविधाएं प्राथमिकता में उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिससे निवेशक अपने लक्ष्य के अनुरूप उद्योग स्थापित कर रहे हैं।

जनपद अयोध्या में एमएसएमई 141497.53 हजार करोड़ से अधिक के निवेश पर हस्ताक्षर हुए थे। जिसके पश्चात निवेशकों के प्रस्तावों को धरातल में उतारने के काम ने गति पकड़ी। उपायुक्त उद्योग अमरेश कुमार पाण्डेय के मुताबिक सरकार के निर्देश पर निवेश के सभी प्रस्तावों के जमीनी क्रियान्वयन के लिए जनपद में इन्वेस्टमेंट इंप्लीमेंटेशन यूनिट और कॉल सेन्टर का गठन किया गया। इसी का परिणाम है की जिले में 2580.37 करोड़ से अधिक के निवेश के कार्य हेतु ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तय मानक पूरे कर लिए गए हैं। जनपद में यह निवेश अपने साथ प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी सृजित करेगा। उपायुक्त उद्योग बताते हैं कि इस निवेश से विभिन्न विभागों में 99680 रोजगार का सृजन होगा। सबसे अधिक रोजगार हाउसिंग डिपार्टमेन्ट में सृजित होंगे।

# बिजली कटौती से नाराज महिलाओं का हंगामा

- आए दिन तार टूटने और विद्युत की लगातार कटौती होने के कारण महिलाओं के सब्र का बांध टूटा, जम कर विभाग के खिलाफ नारेबाजी की और पूरे नगर की विद्युत आपूर्ति बंद करा दी
- सूचना पर पहुंचे नगर पालिका चेयरमैन व उप खंड अधिकारी ने समस्या का समाधान करने के लिए कुछ समय मांगा

**संवाददाता।** मोहम्मदी खीरी





**नगर** में विद्युत की लगातार कटौती से नाराज महिलाओं ने जहां उपखंड कार्यालय पहुंचकर जमकर हंगामा काटा, वहीं नगर शुक्ला पुर मोहल्ले में लगातार तार टूटने का सिलसिला जारी रहा। मोहल्ला शंकरपुर की सैकड़ों महिलाएं बिजली नहीं आने के कारण पानी पानी को तरसते हुए अपने गुस्से को न रोक पाते हुए उपखंड कार्यालय पहुंच गई। जहां उन्होंने जमकर नारेबाजी की और पूरे नगर की विद्युत बंद करा दी। सूचना पाकर उपखंड अधिकारी शुभम मौर्य और कस्बा इंचार्ज दल बल के साथ विद्युत उपखंड कार्यालय पहुंचे वही नगर पालिका चेयरमैन संदीप मेहरोत्रा भी वहां पहुंचे तथा उपखंड अधिकारी ने समस्या का समाधान करने के लिए कुछ समय मांगा और नगर की विद्युत चालू कराई उसके उपरांत सभी महिलाएं वापस अपने अपने घर गयीए वही कुछ नागरिकों ने अवर अभियंता पर पैसा लेकर कार्य करने का आरोप लगायाए वही अवर अभियंता से वार्ता की गई तो उन्हें बताया कि आरोप पूरी तरह निराधार हैंए वही शुक्ला पुर में लगातार तार टूटने की घटनाएं प्रकाश में आने पर शुक्ला पुर के लोगों का गुस्सा फूटाएऔर भाजपा नगर अध्यक्ष शौरभ गुप्ता ने सीधी चेतावनी देते हुऐ विद्युत विभाग के आलाधिकारी सहित विधायक से वार्ता की, जिसमें विद्युत विभाग के कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे एकुल मिलाकर नगर वासियों को 24 घंटे में 4 से 5 घंटे विद्युत मिल पा रही है जिस कारण लोगों का आक्रोश धीरे धीरे बढ़ता जा रहा है एअगर यही हाल रहा तो यही आक्रोश कहीं लावा बनकर फूट न पड़े एजिससे बिजली विभाग के कर्मचारी कोप भाजन का शिकार न बन जाए एनगर के अधिकांश इनवर्टर डिस्चार्ज हो चुके हैं पानी की समस्या से आम जनता त्राहि.त्राहि कर रही है वही इस संबंध में विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने अवर अभियंता को फोन करके शीघ्र ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए हैं वही चेयरमैन संजय मेहरोत्रा ने बताया कि अवर अभियंता की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। जनपद के बड़े अधिकारियों से वार्ता की जाएगी। कुल मिलाकर नगर की विद्युत व्यवस्था चरमरा सी गई है।

# हिंदू परिवार हजारों बकरों की देते हैं कुर्बानी

- डेंगरा के बाबा महासेन की पुण्यतिथि पर मनाया जाता है त्यौहार
- मिश्रिख ब्लाक मछरेहटा के ग्राम डेंगरा में महासेन बाबा का है देवस्थान

**संवाददाता।** सीतापुर

**बकरीद** पर तो बकरों की कुर्बानी आपने खूब देखी और सुनी होगी लेकिन हम आपको ऐसी जानकारी देने जा रहे जहां प्रति वर्ष आषाढ़ माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी को हिंदू परिवारों द्वारा हजारों बकरों की कुर्बानी दी जाती है। यह त्यौहार बाछिल ठाकुरों का त्यौहार है। यह त्यौहार डेंगरा के बाबा महासेन की पुण्य तिथि पर मनाया जाता है। इसे मनाने के लिए बाछिल ठाकुर ही नहीं समाज के अन्य वर्गो के लोग भी श्रद्धावनत होते है। तहसील मिश्रिख ब्लाक मछरेहटा के ग्राम डेंगरा में महासेन बाबा का देव स्थल है जहां पर हजारों बकरों की कुर्बानी दी जाती है। यहां पर बहुत बड़ा मेंला लगता है जो करीब 15 दिनों तक चलता है। यह स्थान चमत्कारिक है,क्षेत्र के लोगों का कहना है कि हजारों बकरों की कुर्बानी देने के बाद भी जहां कुर्बानी दी जाती है वहां पर एक भी मक्खी दिखाई नहीं देती है। आश्चर्य जनक तो यह है कि सप्तमी के दिन जब लोग देव स्थान के कुर्बानी वाली जगह पर बकरों की कुर्बानी देने पहुंचते है तो वहां पहले से ही खून पड़ा दिखाई देता है। सबसे पहले आकर कौन कुर्बानी दे जाता है यह आज तक रहस्य बना हुआ है। अनोगी के अलावा काकोरी, रामपुर, कसमंडा, इस्माइलगंज, असल कुचलाई, संदना, गंगोय, गेंधरिया, सहोली, टेरवा, महेशपुर, गांगूपुर, तारापुर सहित करीब आधा सैकड़ा गांव 7 हजार बाछिल टाकुरों के परिवारों में सप्तमी के दिन तवा नहीं चढ़ता है और इतना ही नहीं अन्य बिरादरी के परिवारों में भी उस दिन तवा नहीं चढता है इसके अलावा इन परिवारों की वह बेटियां जिनकी शादी होकर ससुराल जा चुकी है उन घरों में भी आषाढ़ माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी को तवा न चढ़ाने का दशकों से परम्परा कायम है। माना जाता है कि यह महासेन बाबा के प्रति गहरी श्रद्धा है। इस वर्ष यह त्यौहार 25 जून को मनाया जा रहा है। बताया जाता है महोली गांव के महोठा सिंह की मैया महोठे रानी बेटी थी इनके साथ महासेन महाराज का विवाह हुआ था महासेन महाराज मुगलों से युद्ध के दौरान डेगंरा में शहीद हो गए थे। तब महोली में मुगल सैनिक मईया महोठे रानी को ले जाने के लिए आए थे। स्थानीय सैनिको ने मईया महोठे रानी की मुगल सैनिको से रक्षा की थी। रक्षा करते हुए पासी समुदाय के सैनिक बीसरदार शहीद हुए थे। बाद में मईया महोठे रानी सती हो गयी थी।

# शिकायतों के प्रभावी निस्तारण का दिया निर्देश

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर



**जिलाधिकारी** उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में थाना सिंधौली में सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। थाना समाधान दिवस के दौरान लेखापाल श्री बलवीर सिंह द्वारा विलम्ब से उपस्थित होने पर जिलाधिकारी ने जवाब तलब करने के निर्देश दिये। रविवार को आयोजित थाना समाधान दिवस का प्रकरण लम्बित पाये जाने पर नायब तहसीलदार सगीर अहमद को चेतावनी देते हुये तत्काल प्रकरण निस्तारित कराये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। डीएम ने सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर आये हुये शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने भूमि विवाद के प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर भेजा। डीएम ने सभी बीट कॉन्सटेबल को निर्देश दिये कि क्षेत्र की गतिविधियों पर नजर रखे एवं सूचना तंत्र विकसित करें। उन्होंने कहा कि डायल 112 के माध्यम से प्राप्त शिकायतों में भी संवेदनशीलता देखते हुये प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही की जाये एवं उन्हें गंभीरतापूर्वक निस्तारित कराया जाये, जिससे भविष्य में यह विवाद किसी बड़ी घटना का रूप न ले सके। उन्होने निर्देश दिये कि क्षेत्र में दबंगई करने वालों एवं एक बार पैमाइश होने के बाद पुनः अवैध कब्जा करने वालो के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इसके उपरान्त डीएम ने थाना सिंधौली का निरीक्षण किया। उन्होने सीसीटीएनएस, मेस, मालखाना, कार्यालय कक्ष आदि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने त्यौहार रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, गुंडा एक्ट रजिस्टर, रजिस्टर संख्या-8 आदि अभिलेखों को भी देखा। निरीक्षण दौरान मेस की साफ-सफाई ठीक पाई गई तथा आईजीआरएस पर भी सन्तोषजनक निस्तारण पाया गया। गत माह की रैंकिग में आईजीआरएस में थाना सिंधौली के प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र सिंह, कॉन्सटेबल प्रियंका यादव की प्रशंसा भी की। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वि0धा0 त्रिभुवन, पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज पंत सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# एसपी को फूल माला पहना कर प्रतीक चिन्ह देकर दी विदाई



**शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर एस आनन्द के बलिया स्थानांतरण होने पर पुलिस कर्मियों ने विदाई दी । इस मौके पर समारोह आयोजित साथ बिताए पलों को सांझा किया। इस दौरान फूल माला पहना कर प्रतीक चिह्न देकर विदा किया। शासन के निर्देश पर निवर्तमान पुलिस अधीक्षक एस आनन्द के पुलिस अधीक्षक बलिया स्थानांतरण होने पर अपर पुलिस अधीक्षक नगरध्ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, शाखा प्रभारी द्वारा निवर्तमान पुलिस अधीक्षक को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। प्रतीक चिन्ह देकर भावभीनी विदाई दी गई तथा शुभकामनाएं दी । उनके साथ बिताए पलों को साझा किया। निवर्तमान पुलिस अधीक्षक महोदय ने अपने सेवाकाल में आने वाली चुनौतियों से कार्यकुशलता से निपटने तथा सभी के साथ अपना व्यवहार मृदुल करने को याद किया। महोदय पुलिस फोर्स के साथ साथ जनता की स्मृतियों में सदैव बने रहेंगे। उनके कुशल नेतृत्व में अपराध का ग्राफ तेजी से गिरा। लोगों के मन में कानून के प्रति सम्मान बढ़ा।

# नैमिषारण्य के लिए फिर से शुरू की गयी इलेक्ट्रिक बस सेवा

**संवाददाता।** सीतापुर।

**योगी** सरकार नैमिषारण्य तीर्थ में पर्यटकों की सुविधा के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने की बात कर रही। वही दूसरी तरफ नैमिषारण्य के लिए 25 अगस्त 2022 को शुरु की गई इलेक्ट्रिक एसी बस सेवा ठप्प है। ऐसे में जब इलेक्ट्रिक बसों का ही संचालन नहीं हो पा रहा है तो पर्यटकों को हेलीकॉप्टर सेवा कैसे सुलभ होगी इसे लेकर तमाम तरह के सवाल उठ रहे है हालांकि योगी सरकार का कहना है कि इलेक्ट्रिक एसी बसों का प्रारंभिक दौर का संचालन सिर्फ ट्रायल था। बहरहाल यह सेवा पुन: कब बहाल होगी यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। फिलहाल बसों का संचालन ठप्प हुआ तो इसे लेकर लोगों ने कई तरह से टिप्पणियां कर सरकार पर तंज कसा था, सोशल मीडिया पर सरकार को आईना दिखाया था। बताते चलें कि नैमिषारण्य तीर्थ मे दर्शन पूजन धार्मिक अनुष्ठान में सम्मिलित होने के लिए बड़ी संख्या मे श्रद्धालु आते हैं, जिसको देखते हुए सरकार द्वारा इलेक्ट्रिक बसों का संचालन दुबग्गा से संडीला होते हुए नैमिषारण्य तीर्थ तक शुरु कराया गया था। मगर ये खुशी ज्यादा दिनों तक कायम नहीं रह सकी थी, जैसे तैसे एक सप्ताह तक इन ई-बसों को चलाकर विभागीय अधिकारियों ने बस चलाने से हाथ खड़े कर दिए है । चार्जिंग स्टेशन के अभाव में इन बसों का संचालन बंद हो गया। जिसके चलते नैमिष तीर्थ कुछ समय के लिए एसी बसों की सुविधा भी मिली लेकिन बाद में बंद भी हो गई। उस समय विभागीय अधिकारियों ने बताया था बसों को चार्ज करने के लिए जनरेटर व्यवस्था की जाती थी जिससे काफी ज्यादा खर्च आ रहा था और चार्जिंग स्टेशन न बनने की वजह से ई-बसो का संचालन बन्द हो गया । अब इन बसों के बन्द हुए पुरे 11 महीने व्यतीत हो गये मगर अभी तक चार्जिंग प्वाइंट बनकर तैयार नही हो पाया जिससे अभी तक यह बस सेवा शुरू नही हो पाई है । जिससे अब स्थानीय लोगों को इलेक्ट्रिक बस अब शुरू होना खवाब जैसा लगने लगा है।

## क्विक न्यूज

### निर्माणाधीन सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट का कार्य समय पर पूरा करें: नगर आयुक्त

**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा ने ददरौल ब्लॉक के खिलौली गांव में स्थित नगर निगम की भूमि पर निर्माणाधीन सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने वृक्षारोपण के मद्देनजर प्लांट परिसर स्थल पर वृहद स्तर पर सघन वृक्षारोपण किये जाने के निर्देश दिए । इसके साथ ही निर्माणाधीन प्लांट पर हो रहे कार्यों की गतिविधियों की जानकारी ली लेकर सम्बंधित कार्यदायी संस्था के कुलदीप सिंह चौहान द्वारा अवगत कराया कि निर्माणाधीन प्लांट पर निर्माण कार्य लगभग 70 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है, शेष कार्यों को शीघ्र ही पूर्ण किये जाने की हिदायत दी । निरीक्षण के समय ही नगर आयुक्त ने प्लांट परिसर से निकलने वाले जल की निकासी के लिए बनी नाली को देखा साथ ही सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट पर कचरे के ठोस निस्तारण के लिए प्लांट पर आने वाली कूड़ा वाहन गाड़ियों के लिए पक्की सड़क बनवाये जाने के निर्देश गए। इस मौके पर महाप्रबंधक जलध् उद्यान प्रभारी, अधिशासी अभियंता सिविल आशीष त्रिवेदी एवं सम्बंधित फर्म के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### ईलाज को आगे आया व्हाट्सएप ग्रुप साठ हजार से ज्यादा की मदद

**औरंगाबाद (लखीमपुर)।** हर मुहिम सफल होती है, अगर मेहनत से की जाये, यही साबित हुआ जय महाकाल नामक ग्रुप औरंगाबाद के निवासी नागेश मिश्रा के लिए। दरसल औरंगाबाद कस्बे के निवासी नागेश मिश्रा जो किडनी लीवर सहित कई समस्याओं से ग्रसित थे उनका इलाज लखनऊ के प्राइवेट अस्पताल में चल रहा था आर्थिक स्थिति ठीक ना होने के कारण उनको समुचित इलाज की व्यवस्था नहीं हो पा रही थी जिसको लेकर जय महाकाल नामक ग्रुप के एडमिन विपुल मिश्रा और धीरू दीक्षित के द्वारा नागेश मिश्रा के इलाज के लिए आर्थिक सहयोग की एक छोटी सी मुहिम ग्रुप पर चलाई गई जिसको देखते देखते करीब 15 घंटे में साठ हजार रुपये से ज्यादा की आर्थिक मदद नागेश मिश्रा के इलाज के लिए व्यवस्था हो गयी जिसके बाद रात में ही प्राइवेट अस्पताल से ट्रामा सेंटर नागेश को भर्ती करवाया गया और वहां उनका इलाज उनका ऑपरेशन शनिवार दोपहर किया गया एयह मुहिम क्षेत्र के युवाओं ने थोड़े थोड़े आर्थिक सहयोग से नागेश की जिंदगी बचाने का संकल्प ले लिया नागेश मिश्रा संघ के कार्यकर्ता हैं भाजपा के लिए काम करते हैं अभी हाल में ही उनकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई थी। हालांकि कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने भी फोन करके डॉक्टर से एस्टीमेट बनवाकर मुख्यमंत्री राहत कोष इलाज करवाने के बाद कहीं है लेकिन क्षेत्र में जय महाकाल नामक व्हाट्स एप ग्रुप के एडमिन धीरू दीक्षित और विपुल मिश्रा की तारीफ करते लोग नहीं थक रहे हैं।

### ग्रामीणों को बाढ़ व कटान का सताने लगा भय

**सीतापुर।** मानसूनी बारिश ने अभी जोर नहीं पकड़ा है और बैराजों से भारी मात्रा में पानी भी नहीं छोड़ा गया लेकिन सीतापुर के गांजरी इलाके में घाघरा लगातार कटान कर रही है। फिर भी कटान रोकने के लिए कोई ठोस उपाय सिंचाई विभाग की तरफसे नहीं किए जा रहे है हालांकि सिंचाई विभाग लगातार यह दावा कर रहा कि इस बार किसी भी घर को कटने नहीं दिया जाएगा। लेकिन लगातार हो रही कटान से ब्लाक रामपुर मथुरा क्षेत्र के बाढ़ कटान प्रभावित आखिरी, अंगरौरा, अटौरा सहित कई गांवों के ग्रामीणों को बाढ़ व कटान का भय अभी से सताने लगा है।

### करंट की चपेट में आकर दो लोगों की मौत

**बरेली।** नदी के किनारे खड़ी बग्गी निकालने के लिए गए 4 लोग ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली की लाइन से उतरे करंट की चपेट में आ गए दो को अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी। हाफिज गंज थाना क्षेत्र के रिठौरा स्थित इंद्रपुरी कॉलोनी में रहने वाले राशिद पुत्र अली हसन और उसके पड़ोसी अफसार पुत्र असलम सलमानी कि आज सुबह गांव से कुछ ही दूरी पर करंट की चपेट में आने से मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद राशिद के ऊपर वाले ने बताया कि राशिद के पिता अली हसन मंसूरी विवाह बारातों में बुकिंग होने पर बग्गी लेकर जाते हैं और आज उनको किसी बारात में जाने का आर्डर मिला था तब वह अपने पड़ोसी अफसार बेटे राशिद और नाती के साथ गांव के पास नदी किनारे खड़ी बग्गी लेने को गए थे बग्गी खींचने के दौरान ही ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन तार से टकरा गई जिससे बग्गी में करंट आ गया और उसे खींच रहे चारों लोग करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे गांव के लोगों ने किसी तरह तार को हटाकर झुलसे हुए लोगों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया लेकिन राशिद और अफसर को डॉक्टरों ने अस्पताल पहुंचते ही मृत घोषित कर दिया दो अन्य लोगों की हालत भी नाजुक बनी हुई है पुलिस ने मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजें गांव वालों ने घटना पर रोष जताते हुए कहा कि उन्होंने कई बार बिजली विभाग से शिकायत करते हुए लटक रहे तारों को ठीक करने के लिए कहा था लेकिन ऐसा नहीं किया गया जिसके चलते दो लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### फांसी पर लटकी रही पति की लाश, पत्नी फरार

**बरेली।** पति की लाश को फांसी पर लटका हुआ छोड़कर पत्नी फरार हो गई सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे घर वालों ने घटना की शिकायत पुलिस से करते हुए पत्नी पर हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी । सुभाष नगर थाना क्षेत्र के महेशपुरा निवासी कल्याण सिंह के 27 वर्षीय बेटे अंशुल की लाश चीनी मिल के पास स्थित सरकारी क्वार्टर में कमरे की छत से लगे पंखे से बंधे दुपट्टे के सहारे फांसी पर लटकी मिली जिला अस्पताल में मौजूद कल्याण सिंह ने कहा कि वह चीनी मिल का कर्मचारी था जिसके चलते उसे चीनी मिल परिसर में रहने के लिए आवास मिला था उसका बेटा अंशुल पत्नी मीनाक्षी के साथ इसी में रहता था कल्याण सिंह ने कहा कि अंशुल का विवाह लगभग 3 वर्ष पूर्व सीबीगंज थाना की सर्वोदय नगर कॉलोनी निवासी जयपाल की लड़की मीनाक्षी से हुआ था लेकिन विवाह के कुछ दिनों बाद ही मीनाक्षी मायके चली गई और उसने पति और उसके घर वालों पर दहेज एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया लेकिन लगभग 5 माह पूर्व मीनाक्षी मुकदमा चलने के दौरान की जबरदस्ती उसके घर में घुस आए और अंशुल के साथ पत्नी की तरह रहने लगी तब अंशुल उसके साथ चीनी मिल वाले क्वार्टर में रहने लगा बीती रात लगभग 12 बजे पड़ोस में रहने वाले पप्पू ने घर बालों को सूचना दी कि अंशुल की लाश फांसी पर लटक रही है और घर में कोई नहीं है तब घरवाले मौके पर पहुंचे तो देखा कि अंशुल की पत्नी मीनाक्षी घर में नहीं है और पिछला दरवाजा खुला हुआ उन्होंने मीनाक्षी पर ही हत्या का आरोप लगाया और घटना की शिकायत पुलिस से कर दी पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भेजा जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया जहां से शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी मृतक के कोई भी बच्चा नहीं था इसके चलते उसका अपनी पत्नी से अक्सर विवाद होता था।

# अन्नपूर्णा इंडस्ट्रीज की परिवर्तित फर्म शिवशंकर इंडस्ट्रीज पर जीएसटी छापा

- यूपी जीएसटी आयुक्त के निर्देश पर हुई कार्रवाई

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ खीरी



**उत्तर प्रदेश** जीएसटी के आयुक्त के निर्देश पर जीएसटी सीतापुर के अधिकारी ने दोपहर बाद बांकेगंज .कोंधवा मार्ग पर अन्नपूर्णा इंडस्ट्रीज जोकि बदली हुई फर्म शिवशंकर इंडस्ट्रीज का औचक निरीक्षण किया व नक्शानजरी व पूरी रिपोर्ट प्रदेश आयुक्त जीएसटी लखनऊ को प्रेषित करेगा। बताते चलें कि लगभग एक साल में दो जगह पर स्थान परिवर्तन करने के बाद पहले अन्नपूर्णा इंडस्ट्रीज के नाम पर कारखाना संचालित कर रखा था बाद में फर्म का नाम बदलकर शिवशंकर इंडस्ट्रीज कर लिया था इसकी शिकायत नगर के वरिष्ठ पत्रकार ध् समाजसेवी होतीलाल रस्तोगी ने करते हुए जीएसटी चोरी की संभावना व्यक्त करते हुए जांच की मांग की थी। गौरतलब होकि बार बार फर्म बदलने व जीएसटी चोरी की संभावना पर जीएसटी सीतापुर के अधिकारी क्या रिपोर्ट देंगे इसके बाद ही खुलासा होगा इधर शिकायतकर्ता भी लखनऊ जाकर प्रदेश जीएसटी आयुक्त से मिलकर अपना पक्ष रखकर जांच में मिली खामियों पर कार्रवाई की मांग करेंगे इधर कारखाना संचालक ने जीएसटी अधिकारी को अपना मिलने वाला बताया है आगे कहा कि जीएसटी अधिकारी मुझसे मिलने आए थे छापेमारी की बात ग़लत बताई है इसका आयोडियो शिकायत कर्ता के पास है।

# किसानों ने अधिक उपज वाले गन्ना किसानों के अनुभव का लिया लाभ

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**कम** लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने वाले कृषकों के अनुभवों का लाभ दिलाए जाने के उद्देश्य से खीरी में गन्ना एवं चीनी के आयुक्त संजय आर भूसरेड्डी के निर्देश एवं जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश के नेतृत्व में जिले के अधिक गन्ना उत्पादनकर्ता, उत्पादकता पुरस्कार प्राप्त किसानों के फार्म पर निकटवर्ती गन्ना किसानों का विजिट करायाए जिससे वह परस्पर संवाद व अनुभवों को साझा कर लाभान्वित हो सके। गत दिवस जिला गन्ना अधिकारी के नेतृत्व में गन्ना विकास परिषद खंभार खेड़ा के प्रगतिशील किसान अनुज कुमार पुत्र रामअचल निवासी ग्राम परसेहरा तथा युवा प्रगतिशील कृषक श्रीराम अटल मौर्य पुत्र राम प्रताप नारायण मौर्य निवासी ग्राम मकसोहा के प्लाट पर किसानों का विजिट कार्यक्रम आयोजित हुआ। वहीं शनिवार को गन्ना विकास परिषद ऐरा के युवा प्रगतिशील व मुख्यमंत्री से पुरस्कृत कृषक धर्मपाल मौर्य पुत्र स्वण् बैजनाथ मौर्य निवासी ग्राम लखनपुरवा के फार्म पर उनके अनुभव का लाभ दिलाने हेतु आसपास के गन्ना किसानों का विजिट कार्यक्रम आयोजित हुआ, प्रगतिशील किसान श्री मौर्य ने किसानों को बताया कि उनके द्वारा गन्ने के साथ केला व गेहूं की सह फसली कर अतिरिक्त आमदनी प्राप्त की जा रही। वही गन्ना विकास परिषद ऐरा के ही कृषक जयप्रकाश निवासी ग्राम बुचवा पकरिया के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन प्रदर्शन प्लाट पर भी गन्ना किसानों का विजिट कार्यक्रम आयोजित किया गया। डीसीओ वेद प्रकाश ने बताया कि जिले की सभी गन्ना विकास परिषदो के युवा, प्रगतिशील तथा उत्पादकता पुरस्कार प्राप्त किसानों के फार्म पर इस तरह के विजिट कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक संख्या में अन्य किसान उनके अनुभवों का लाभ प्राप्त कर अपनी उत्पादकता में भी वृद्धि कर सकें। इस विजिट के माध्यम से अन्य किसान भी प्रगतिशील किसानों के अनुभवोंए विचारोंए शस्य क्रियाओंए अपनायी तकनीकी विधियों एवं तकनीकी जानकारियों के आधार पर अपनी खेती में सुधार ला सकेंगे तथा गन्ने की खेती के माध्यम से अपनी आमदनी भी बढ़ा सकेंगे।

# जल भराव की समस्या के लिए बनाया जा रहा है डीपीआर

**संवाददाता।** मोहम्मदी खीरी



**नगर** पालिका परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और सभासदों की प्रथम बैठक नगर पालिका परिषद के सभागार में अध्यक्ष संदीप कुमार मेहरोत्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुईए जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह रहे एबैठक से पूर्व राष्ट्रगान हुआ एउसके उपरांत मुख्य अतिथि का सभी सदस्यों ने स्वागत कियाए बैठक में एक सदस्य को छोड़कर बाकी सभी सदस्य उपस्थित रहे एबैठक में अधिशासी अधिकारी गुंजन गुप्ता भी मौजूद रहीए बैठक में नामांतरण की 86 एमानचित्र की 16 और विरासत की चार पत्रावली की स्वीकृति प्रदान की गईए बैठक में प्रकाश व्यवस्था और जलापूर्ति के लिए सामग्री खरीदने के लिए प्रस्ताव रखा गयाए 15 वा वित्त आयोगए राज्य वित्त आयोग एमुख्यमंत्री नगर सर्जन के माध्यम से112815565 रूपया स्वीकृत किया गया एवही सभासद सुशीला वर्मा ने प्रस्ताव रखा कि चेयरमैन संदीप मल्होत्रा को नगर में विकास कार्य कराने हेतु ?5लाख तक का अधिकार दिए जाने का प्रस्ताव रखा वहीं उन्होंने प्रस्ताव रखा कि सेवानिवृत्त सुशील कुमार रस्तोगी को नगर पालिका परिषद में कार्य सही ढंग से संचालित करने के लिए रखा जाएए वही राकेश कटियार ने बच्चों के खेलने के लिए एक मिनी स्टेडियम बनाए जाने की बात रखीए बैठक में किसी भी सदस्य में नगर में जलभराव की समस्या को नहीं रखाए विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने सभी सदस्यों को नगर को कैसे सुंदर और स्वच्छ बनाना है इसके लिए गंभीरता से सोचना पड़ेगा।

# जिला योजना समिति के सदस्य पद के लिए निर्वाचन आज

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**राज्य** निर्वाचन आयोग, उ0प्र0 लखनऊ की अधिसूचना द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार जनपद में नगरीय निकायों के निर्वाचित सदस्यों में से जिला योजना समिति के निर्वाचित होने वाले सदस्यों का मतदान न्यायालय एडीएम कलेक्ट्रेट परिसर में 25 जून को ; पूर्वाह्न 08 बजे से अपराह्न 03 बजे तक होगा। उसी दिन मतगणना (अपराहन 03 बजे से कार्य की समाप्ति तक) होगी। उक्त आशय की जानकारी जिला मजिस्ट्रेट अनिल कुमार सिंह ने दी। कहा कि जिला योजना समिति के होने वाले मतदान के लिए मतदाताओं (नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत के निर्वाचित सदस्यों) की पहचान सम्बन्धित नगर पालिका परिषद / नगर पंचायत के ईओ करेंगे। मतदाता की पहचान किये जाने के लिए समस्त अधिशाषी अधिकारी मतदान / मतगणना स्थल पर 25 जून को प्रात: 07 बजे से मतदान की समाप्ति तक न्यायालय एडीएम (वित्त एवं राजस्व)लखीमपुर खीरी कक्ष में उपस्थित रहेंगे। कहा कि जिला योजना समिति के उक्त प्रश्नगत निर्वाचन में मतदान हेतु समस्त मतदाताओं (नगर पालिका परिषद/ नगर पंचायत के निर्वाचित सदस्यों द्वारा निर्वाचन का प्रमाण पत्र, कोई एक फोटोयुक्त पहचान पत्र जैसे :आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, बैंक पासबुक, राज्य सरकार एवं भारत सरकार द्वारा निर्गत कोई अन्य फोटोयुक्त अभिलेख इत्यादि। सम्बन्धित अधिशाषी अधिकारी द्वारा मतदाता की पहचान स्वरूप संलग्न प्रारूप पर प्रमाण पत्र मतदाता को दिया जाएगा। मतदाता द्वारा उक्त प्रमाण पत्र को निर्वाचन अधिकारी सहायक निर्वाचन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने के उपरान्त ही मतदान की स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

**बरेली।** पति के साथ मायके से लौट रही महिला की रास्ते में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।भमोरा थाना क्षेत्र के गांव बडरई निवासी अरुण कुमार सिंह 35 वर्षीय पत्नी पूजा को बीती रात जिला अस्पताल पहुंचे ही डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया अरुण कुमार ने बताया कि उसकी ससुराल बदायूं के उझानी थाना क्षेत्र में है और कल वह पत्नी के साथ अपनी ससुराल गया था जहां से शाम को मोटरसाइकिल से दोनों अपने घर वापस लौट रहे थे लेकिन उझानी के महाराणा प्रताप चौक पर तेजी से आ रहे ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे पूजा ट्रक की चपेट में आ गई और बुरी तरह घायल हो गई पति अरुण ने उसे पुलिस की मदद से स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां से हालत नाजुक देखकर है उसे देर रात इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया लेकिन उसकी रास्ते में ही मौत हो चुकी थी अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने पूजा को मृत घोषित कर दिया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाले ट्रक का चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी मृतका 5 बच्चों की मां थी।

# तोतना कटवाने आए बच्चे का किया डॉक्टर ने खतना, परिजनों ने किया हंगामा

**संवाददाता।** बरेली

**डॉक्टरों** द्वारा अंगों को निकाल लेने के तो कई मामले प्रकाश में आए हैं, मगर बरेली में एक नया मामला सामने आया है , मरीज के परिवार बालों ने हंगामा काट दिया। मरीज के परिवार सहित कई हिंदू संगठन सक्रिय हो गए और स्टेडियम रोड स्थित एम खान हॉस्पिटल के डॉक्टर को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। मरीज बच्चे के परिजनों का आरोप है कि वो बच्चे का तोतना कटवाने आए थे तो डॉक्टर ने उसकी खतना कर दी। वहीं डॉक्टर का कहना है कि परिजन बच्चे को उनके पास आए तो बताया की बच्चे को पेशाव करने में परेशानी आ रही थी उसका पेशाब नहीं हो पा रहा था परिजनों को बताने के बाद खतना की गई है। वही अस्पताल पर हंगामा होने के बाद दो थानों की पुलिस और सीओ मौके पर पहुंच गए। बारादरी क्षेत्र के संजय नगर निवासी हरि मोहन यादव का आरोप है कि उनका 3 साल का बच्चा सम्राट ठीक से बोल नहीं पाता था,उसकी जुबान में तोतना था। परिजन उसको स्टेडियम रोड स्थित एम खान हॉस्पिटल लेकर पहुंचे और डॉक्टर मो.जावेद खान को दिखाया । अगले दिन परिजन आए तो डॉक्टर ने ऑपरेशन करने को कहा उसके बाद परिजनों ने ऑपरेशन का खर्चा जमा किया और डॉक्टर जावेद खान ने सम्राट का ऑपरेशन कर दिया। अस्पताल का स्टाफ ऑपरेशन के बाद जब उसे वेड पर लाया तो उसकी टांगें खड़े करके सीधा लेटने को बोला,जिस पर बच्चों की मां ने कहा कि इसकी तो जुबान का ऑपरेशन हुआ है टांगों से क्या लेना देना? तो बच्चों को लेकर आए अस्पताल कर्मी ने बताया कि इसका खतना हो गया है। खतना की बात सुनने के बाद बच्चे सम्राट के परिजन चौंक गए और फिर इसी बात पर हंगामा होने लगा। परिजनों ने डॉक्टर पर इल्जाम लगाया है कि उन्होंने जानबूझकर खतना किया है। डॉक्टर मुस्लिम है और वो हिंदू समाज के हैं डॉक्टर को कहा कि ये कट्टरवादी मुस्लिम सोच रखने बाला डॉक्टर है इसी लिए ऐसा किया गया। वहीं इस मामले में डॉक्टर मोहम्मद जावेद खान का कहना है कि मरीज बच्चे को पेशाब करने में दिक्कत आ रही थी। बच्चों के परिजनों को पहले ही बता दिया था कि उसकी खतना करना होगी। उन्होंने बताया कि वो खूब अच्छी तरीके से जानते हैं कि बच्चे की मां-बाप हिंदू हैं मगर बच्चों की खतना करना जरूरी थी। इसके बाद उन्होंने बच्चों की खतना की है उनके ऊपर लगाया गया ये आप की उन्होंने बगैर बताए एक हिंदू बच्चों का खतना कर दिया सालासर गलत है उनके ऊपर लगाए गए आरोप निराधार हैं। डॉक्टर के समर्थन में भी आइएमए के कई डॉक्टर पहुंचे मगर मामला नहीं सुलझा घंटो तक अस्पताल के बाहर हंगामा चलता रहा बताया जाता है कि मरीज बच्चों के परिवार की ओर से थाना बारादरी में तहरीर दी गई है।

# शेड्यूल के मुताबिक दें बिजली, 48 घंटे में बदला जाए ट्रांसफार्मरः साध्वी

**संवाददाता।** फतेहपुर

**जिला** विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक विकास भवन सभागार में जिले की सांसद एवं उपभोक्ता मामले खाद्य और सार्वजनिक वितरण व ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार की राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री ने सभी विभागों की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की। बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि दिशा की बैठक तीन माह के उपरांत सम्पन्न हो रही है। बैठक में जनप्रतिनिधियों व समिति के सदस्यों द्वारा जो सुझाव दिए जाते हैं उन्हें समय सीमा के अन्दर निदान करने के कृत कार्यवाही से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया जाये। उन्होंने कहा कि जनपद में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत समूहों से ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जोड़ा जाये और जनपद में इस वर्ष दो लाख परिवारों को समूह से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाते हुए लाभान्वित किया जाये। प्रधानमंत्री का सपना है कि महिलाओं को सशक्त बनाना है।

उन्होंने एलडीएम को निर्देशित किया कि बैंकर्स समूह की महिलाओं के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार करें और नियमानुसार ऋण मुहैया कराएं। कहा कि केले के पौधे के डंठल से विभिन्न उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण समूह की महिलाओं को दिलाया जाये। जनपद में विद्युत आपूर्ति सरकार द्वारा तय किए गए शेड्यूल के अनुसार की जाये। खराब ट्रांसफार्मरों को 48 घंटे के अंदर बदले जाय। ग्रामीण क्षेत्रों में अनावश्यक विद्युत कटौती नहीं की जाये। सभी फीडरों के विद्युत लाइन लॉस, पकड़ी गई विद्युत चोरी की रिपोर्ट से अवगत कराएं। साथ ही बकायेदारों को नोटिस देने के बाद ही विद्युत कनेक्शन काटने की कार्यवाही की जाये। आरडीएसएस विद्युत सुदृणीकरण के तहत विद्युत संबंधी जो कार्य किए जा रहे है उसमें तेजी लाएं। साथ ही कार्यों को गुणवत्तापूर्ण कराएं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, ग्रामीण विकास मंत्रालय तथा अन्य योजनाओं से निर्माणाधीन सड़कों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण व चरणबद्ध तरीके से कराया जाये और सड़कों को गड्ढामुक्त किया जाये। जल जीवन मिशन के तहत जो पानी की टंकियां बनाई जा रही है उन्हें मानक के अनुसार बनाया जाये। साथ ही पाइपलाइन बिछाने में मानक के अनुसार खुदाई का कार्य किया जाये। ग्राम समितियों के माध्यम से जल जीवन के बारे में प्रचार प्रसार कराते हुए नागरिकों को जागरूक कराया जाये।



# थाना दिवसः साहब दबंगों ने लाठी डंडों से मारकर अधमरा किया

**संवाददाता।** मौदहा, हमीरपुर

**स्थानीय** कोतवाली परिसर में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में थाना दिवस सम्पन्न हुआ जिसमें आधा दर्जन से अधिक फरियादियों ने अपनी समस्याएं दर्ज कराईं वहीं समस्याओं के समाधान हेतु दोनों आलाधिकारियों ने अधीनस्थों को निर्देशित किया है। स्थानीय कोतवाली परिसर में जिलाधिकारी डॉ चंद्र भूषण त्रिपाठी की अध्यक्षता में थाना दिवस सम्पन्न हुआ, जिसमें जिले के आलाधिकारियों के पहुंचने की खबर लोगों को न होने से कम मात्रा में फरियादी पहुंच सके हालांकि थाना दिवस में पहुंचे आधा दर्जन फरियादियों में दो फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण मौके पर कर दिया गया तो वहीं शेष शिकायतें लंबित सूची में डाल दिये गए।

# शासन ने पहली बार मोटा अनाज रागी बोने के लिये आवंटित किए 530 किट

**संवाददाता।** हमीरपुर

**हमीरपुर** जिले में सरकार ने मोटा अनाज पैदा करने के लिये बुन्देलखंड में पहली मर्तवा मडुवा(रागी) अनाज बोने के लिये हमीरपुर जिले को शासन ने 530 किटे कृषि विभाग को आवंटित कर दी है। इस बीज किट से हमीरपुर जिले में दस सौ साठ हेक्टएअर जमीन बोयी जा सकेगी।

कृषि विभाग के उपकृषि निदेशक(डीडी) हरीशंकर भार्गव ने शनिवार को बताया कि शासन ने हमीरपुर जिले में मोटा अनाज में ज्वार,सावा,कोदो व मडुवा(रागी) फसले बोने के लिये निर्देश जारी किये है। जिसमे रागी फसल बुंदेलखंड में पहली मर्तवा काफी मात्रा बोयी जायेगी। सावा,कोदो फसले हमीरपुर जिले में बीस साल पहले बोयी जाती थी फिलहाल अन्य तीन फसलों का बीज अभी शासन से आवंटित नही




हुआ है। आवंटित बीज जिले में सातो ब्लाकों में बराबर बरावर आवंटित कर दिया जायेगा। पहली मर्तवा फसल बोने के कारण किसानों को प्रेरित करना पड़ेगा। उन्होने बताया कि रागी फसल खरीफकी फसल है इसके उगाने में फर्टिलाइजर व सिचाई की कोई आवश्यकता नही पड़ती है,इस फसल में शरीर को जो तत्व(मिनरल्स) चाहिये वे पूरी तरह पाये जाते है। यह फसल कई बीमारियों को दूर भगाती है यही नही शासन के जो सरकारी कृषि प्रक्षेत्र है व कृषि विज्ञान केंद्रों के भूमि में भी मोटा अनाज की फसल बोयी जायेगी।रागी फसल एक बीघा में दो कुंटल पैदा होने का अनुमान बताया जाता है। एक किट में चार किलोग्राम बीज भरा गया है। इस फसल को सवा,कोदो फसल की तरह पछाड़ कर दाना निकाला जाता है,इसको चावल की तरह पका कर खाया जाता है यदि किसान चाहे तो इस फसल से रोटी भी बना सकता है। शासन की मंशा है कि बुंदेलखंड में सिचाई का अभाव व फर्टिलाइजर का अधिक प्रयोग करने से मोटा अनाज बोना अति आवश्यक है। श्री भार्गव ने बताया कि शासन के सख्त निर्देश है कि मोटा अनाज बोने के लिये किसानों को ज्यादा से ज्यादा प्रेरित किया जाये। ताकि मोटा अनाज बोने के बाद उससे पैदा होने वाली फसल को देखते हुये अगले साल से शासन को बीज आवंटन न करना पड़े। इसके लिये कृषि विभाग के कर्मचारी किसानों से संपर्क करना शुरु कर दिया है।

# एंबुलेंस की टक्कर से प्रतीक्षालय के गिरे मलबे में दबकर मां-बेटी की मौत

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**अमृतपुर** थाना क्षेत्र आज एक एंबुलेंस की जोरदार टक्कर से सड़क समीपवर्ती बने प्रतीक्षालय के गिरते ही उसके मलबे में दबकर मां- बेटी समेत 2 की दर्दनाक मौत हो गई जबकि उसकी बहिन गंभीर रूप से घायल हो गयी।

पुलिस ने शनिवार को बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम मुजहा निवासी रामनारायण की विवाहिता पुत्री रूवी उम्र करीब 35 वर्ष पत्नी दुर्गेश करीब 1 सप्ताह पहले अपने मायके आई थी।शनिवार दोपहर करीब 12.30 रूबी अपनी ढाई वर्षीय पुत्री खूशवू



तथा अपनी छोटी बहिन सरिता उम्र करीब 20 वर्ष के साथ गांव से अमृतपुर बाजार आई थी। जहां सड़क समीपवर्ती हनुमान मंदिर के निकट बने बस यात्री प्रतीक्षालय में भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए यह तीनों कुछ समय के लिए बैठ गए थे।

इसी दौरान राजेपुर की ओर से तेज रफ्तार वाली अचानक अनियंत्रित हुई एक एंबुलेंस ने इस प्रतीक्षालय में जोरदार टक्कर मार दी।

# मोदी सरकार के चहुंमुखी विकास से बदली बुंदेलखंड की तस्वीर और तकदीर : पटेल



**संवाददाता।** चित्रकूट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ वर्ष पूरे होने पर जनसम्पर्क अभियान के तहत बांदा लोकसभा विकास तीर्थ अवलोकन कार्यक्रम हुआ। इस दौरान भाजपाईयों के दल ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से होते हुए चित्रकूट एयरपोर्ट तक मोदी सरकार में हुए ऐतिहासिक विकास कार्यो का अवलोकन किया।इस मौके पर बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि मोदी सरकार का 9वर्ष का स्वर्णिम कार्यकाल गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहा है।इसके साथ ही पीएम मोदी ने वैश्विक स्तर पर भारत का मान-सम्मान बढाकर देशवासियों को गौरवान्वित करने काम किया है।

शनिवार को विकास तीर्थ अवलोकन कार्यक्रम में बांदा जिलाध्यक्ष संजय सिंह की अगुवाई में कार्यकर्ता काफिले के साथ बांदा से बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे से होते हुए ग्राउण्ड जीरो के समीप टोल प्लाजा पर आए। टोल प्लाजा पर चित्रकूट के भाजपा कार्यकर्ताओ ने जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे की अगुवाई में बांदा से आए सभी कार्यकर्ताओ का फूलमाला से स्वागत किया। कार्यकर्ताओ ने विकास तीर्थो का भ्रमण किया। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे से लेकर चित्रकूट हवाई अड्डा जाकर कार्यकर्ताओं ने भाजपा की डबल इंजन सरकार की विकासात्मक गतिविधियों का अवलोकन किया। सांसद आरके पटेल ने कहा कि पिछले नौ वर्ष में मोदी सरकार ने देश का मान बढ़ाया है। जन कल्याण और राष्ट्र कल्याण को समर्पित होकर भाजपा की मोदी सरकार काम कर रही है। पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र ने कहा कि समाज का सहयोग और समर्थन मजबूती के साथ भाजपा की मोदी सरकार कर रही है। भाजपा निरन्तर विस्तार कर रही है। जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे ने कहा कि मोदी सरकार के ऐतिहासिक प्रयास से भारत सशक्त हुआ है। भारत का विकास भारत के सशक्तिकरण की गाथा गा रहा है। जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि आधारभूत संरचनात्मक विकास से लेकर गरीब कल्याण तक, महिला कल्याण से युवा कल्याण तक, कृषि व कृषक कल्याण से लेकर औद्योगिक विकास तक, आंतरिक सुरक्षा से लेकर रक्षा निर्यात तक भारत का यह विकास जन-जन के एक वोट की ताकत से हासिल हुआ है। जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी ने कहा की कार्यकर्ताओ की ओर से मोदी सरकार के विकासात्मक प्रयासों की मुक्त कंठ से सराहना की।

इस मौके पर रंजना उपाध्याय, अरविन्द मिश्रा, लवकुश चतुर्वेदी, तीरथ तिवारी, हरिओम करवरिया, बाबूलाल पटेल, दिनेश तिवारी, भागवत त्रिपाठी, रवि गुप्ता, रामेन्द्र गौतम, विवेकानन्द गुप्ता, ममता मिश्रा, विनोद जैन, आशीष पाण्डेय, अनूप त्रिपाठी, आदित्य, अजय पटेल, विकास, अखिलेश, राघव, शक्ति सिंह तोमर, शिवाकांत पाण्डेय, प्रेमलाल, सुरेश अनुरागी, राजकुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# अपर जिलाधिकारी ने किया आधार कैंप का शुभारंभ

**संवाददाता।** फर्रूखाबाद

**आज** कलेक्ट्रेट में सात दिवसीय आधार कैम्प का अपर जिलाधिकारी ;ने फीता काटकर शुभारम्भ किया।आम जनमानस तक आधार की सुविधाएं पहुंचाने के लिये इलेक्ट्रानिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार की अधिकृत संस्था सीएससी ई.गर्वनेन्स सर्विसेज इण्डिया लि0 द्वारा जनपद स्तर पर जसमई तिराहा स्थित आधार सेवा केन्द्र के माध्यम से बच्चों के आधार बनाने के अलावा आधार कार्ड मे बायोमेट्रिक अपडेट, नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नम्बर अपडेट इत्यादि कराने का कार्य चल रहा है। इसके साथ ही डाक्यूमेंट अपडेट कराने एवं अन्य आधार सम्बन्धी समस्त कार्य हेतु कलेक्ट्रेट मे एक विशेष आधार कैम्प का आयोजन का शुभारम्भ अपर जिलाधिकारी ने फीता काटकर किया। इस कैम्प मे आप बच्चो के नए आधार बनवाने के अलावा अपने आधार में डाक्यूमेंट, बायोमेट्रिक अपडेट, नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर अपडेट




इत्यादि करा सकते है। नए आधार निशुल्क बनाने के साथ साथ डेमोग्राफिक और वायोमेट्रिक अपडेट का भी शुल्क आधार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार ही लिया जाएगा। इस प्रकार इस आधार कैंप के माध्यम से लोग अपनी आधार से संबंधित समस्याओं के समाधान सुविधा जनक तरीके से करा सकते है। इस अवसर पर ई.डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अभिषेक चौहान, सीएससी जिला प्रबंधक अनुदित बाजपेई, सीएससी जिला समन्वयक अभिषेक दुबे, ऑपरेटर हैप्पी राजपूत आदि मौजूद रहे।

**10 साल पुराने आधार कार्ड धारक पहचान और पते से संबंधित डॉक्यूमेंट जल्द अपलोड कराएं**

फर्रूखाबाद। सरकार विभिन्न प्रकार की योजनाओं का लाभ आधार के माध्यम से आम जनमानस को सीधे पहुंचा रही है इसलिए आधार को अपडेट रखना अनिवार्य है। आधार जारी करने वाली संस्था यूआईडीएआई ;भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरणद्ध ने आग्रह किया है कि ष्ऐसे व्यक्ति जिन्होंने अपना आधार ष्10ष् साल पहले बनवाया था और उसके बाद कभी अपडेट नहीं किया तो ऐसे आधार संख्या धारकों से अनुरोध है कि वे दस्तावेजों अपने पहचान और पते के प्रमाण से संबंधित अपने दस्तावेजों को अपडेट करवाएं।

## क्विक न्यूज

### युवक की संदिग्ध हालत में मौत

**फर्रुखाबाद।** संदिग्ध हालत में युवक की मौत हो गयी। उसका शव पड़ा मिला। युवक की हत्या किये जानें की आशंका जाहिर की जा रही है। पुलिस नें शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।थाना कादरी गेट क्षेत्र के गरमा नगला मसेनी निवासी 36 वर्षीय अरुण वाल्मीकि पुत्र रामचंद्र बीते शुक्रवार को शाम 4 बजे घर से निकल गया था। अरुण के भाई अजीत नें बताया कि बीती रात वह घर नही लौटा। परिजन उसको तलाश करते रहे। शनिवार को दोपहर अरुण का शव लकूला के पैरामेडिकल कालेज के निकट पड़ा मिला। उसका चेहरा जला हुआ था। परिजनों नें हत्या किये जानें की आशंका जाहिर की है। थानाध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला नें बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। जाँच की जा रही है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही होगी। मृतक शराब पीने का आदी था।

### रामपुरा अस्पताल में प्रेरणा कैंटीन का हुआ शुभारंभ

**रामपुरा (जालौन)।** शनिवार को रामपुरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में प्रेरणा कैंटीन का एनआरएलएम के डीसी दिनेश यादव व एमओआईसी डा. विनय पांडेय सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। इस अवसर पर अतिथियों का कहना था कि अब अस्पताल में आने वाले मरीजों व तीमारदारों को चाय आदि के लिये बाहर नहीं भागना पड़ेगा। एनआरएलएम के डीसी दिनेश यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप ग्रामीणांचल में सक्रिय समूहों को रोजगार के अवसर मुहैया कराने का एक प्रयास है। इससे जहां मरीजों को ही नहीं बल्कि तीमारदारों को लाभ मिलेगा तो वहीं समूह से जुड़ी महिलाओं को भी इससे लाभ होगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एमओआईसी डा. विनय पांडेय ने कहा कि निश्चित रूप से अस्पताल परिसर में प्रेरणा कैंटीन का शुभारंभ होना एक नई शुरूआत है। उन्होंने कहा कि कैंटीन के माध्यम से अस्पताल में भर्ती प्रसूता महिलाओं को भोजन भी निःशुल्क रूप से मुहैया कराया जायेगा। साथ ही मरीजों के साथ आने वाले तीमारदारों को चाय, नाश्ता के लिये अस्पताल परिसर से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इससे समूह से जुड़ी महिलाओं को भी रोजगार का अवसर मुहैया होगा। उन्होंने कहा कि जय भीम बाबा समूह द्वारा प्रेरणा कैंटीन का संचालन विमला जाजेपुरा द्वारा किया जा रहा है। जहां गुणवत्तायुक्त सामान मिलेगा। इससे पूर्व एनआरएलएम के डीसी दिनेश कुमार यादव, बीडीओ ओमप्रकाश द्विवेदी, जितेंद्र कुमार बीसीपीएम, शिवकुमार बीपीएम, प्रदीप एमओ, गौरव सिंह तोमर डीडीए, दुर्गाप्रसाद डीएमएम एनआरएलएम, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि निक्कू, सचिन, शाइस्ता बीएमएम एनआरएलएम ने सामुदायिक अस्पताल का भ्रमण करते हुये स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। सभी ने अस्पताल की बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना करते हुये कहा कि बीहड़ांचल के अस्पताल में इस तरह की स्वास्थ्य सेवायें मुहैया कराना किसी चुनौती से कम नहीं है।

### दो घंटे राजकीय कार्य से विरत रहे फार्मेसिस्ट

**फतेहपुर।** मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रहे डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन के बैनर तले शनिवार को चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ के निर्देश पर सभी चीफ फार्मेसिस्ट व फार्मेसिस्ट राजकीय कार्यों से विरत रहे। फार्मेसिस्टों का कहना रहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होंगी तब तक आंदोलन चरणबद्ध जारी रहेगा। डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन के मंत्री अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि लंबित मांगों को लेकर एसोसिएशन लगातार संघर्ष कर रहा है इसके बावजूद फार्मेसिस्टों की मांगे पूरी नहीं की जा रही हैं। उन्होने बताया कि चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ के निर्देशन में शनिवार को सुबह आठ बजे से प्रातः दस बजे तक दो घंटे राजकीय कार्य से जनपद के सभी चीफफार्मेसिस्ट व फार्मेसिस्ट राजकीय कार्य से विरत रहे। आगे कार्यक्रम चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ के निर्देश के क्रम में जो भी आदेश आयेगा उसका जनपद में अक्षरशः पालन किया जायेगा। इस मौके पर अध्यक्ष अरूणेश चंद्र सिंह, आनंद प्रकाश सिंह, उमेश कुमार, सुनील कुमार, कमलेश कुमार के अलावा पैरामेडिकल का समस्त स्टाफमौजूद रहा।

### पुलिस ने दबोचे चार शराब कारोबारी

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल की अगुवाई में चौकी प्रभारी शिवरामपुर दरोगा रजोल नागर की टीम ने पुष्पराज पुत्र बच्चू प्रसाद निवासी तरांव थाना भरतकूप के कब्जे से 20 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। इसके खिलाफकोतवाली कर्वी में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम दरोगा रजोल नागर, सिपाही नरेन्द्र कुमार व सिपाही अमित कुमार शामिल रहे। इसी क्रम में कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी की अगुवाई में चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग दरोगा प्रवीण सिंह की टीम ने फूलचंद पटेल पुत्र हीरालाल पटेल निवासी लुढ़वापुरवा मजरा छपरामाफी के कब्जे से 26 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। इसके खिलाफथाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा प्रवीण सिंह व सिपाही रवीन्द्र कुमार शामिल रहे।

### बीडीओ को शेखपुर अहीर के निरीक्षण में चहुंओर मिला गंदगी का अंबार

**कुठौंद (जालौन)।** ग्राम पंचायत शेखपुर अहीर में जलभराव की शिकायत पर निरीक्षण करने पहुंचे खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार रवि ने जैसे ही गांव की गलियों का निरीक्षण करना शुरू किया तो उन्हें चहुंओर गंदगी का अंबार लगा दिखा। नालियों की सफाई महीनों से नहीं करायी गयी थी तो गलियों में नालियों का गंदा पानी बहता मिला। गांव की दुर्दशा देख जब उन्होंने अधीनस्थों को फटकार लगायी साथ ही गांव में सफाई अभियान शुरू कराया। बीडीओ के गांव पहुंचते ही ग्राम विकास अधिकारी रविंद्र कुमार प्रजापति, ग्राम प्रधान कुलदीप सिंह ने गांव में जलभराव को लेकर पूरे गांव का भ्रमण करते खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार रवि के द्वारा देखने को मिला ग्राम की कचरे से भरी बजबज आती नालियां सामुदायिक शौचालय दुर्गंधहीन सामुदायिक शौचालय की दीवाल क्षतिग्रस्त सीटों पर गंदगी का लगा अंबार सत्यापन करते समय ग्रामसभा स्तर पर कराए गए विकास कार्यों के समस्त अभिलेख हो खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार रवि ने मांगा तो अभिलेख ग्राम विकास अधिकारी रविंद्र कुमार ने नहीं करा पाए उपलब्ध ग्राम में स्वयं कचरा साफकरवाती खंड विकास अधिकारी एवं जाम नालियों को राम खड़े होकर कचरा साफकराया इसके बाद प्रधानमंत्री आवास योजना को भी मुख्यमंत्री आवास योजना सूची नए में चयन हुई लाभार्थियों से मिलते खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार रवि कप्तान सिंह के मकान की बाउंड्री के अंदर सरकारी हैंडपंप पाया गया।

# पेज एक का शेष

## मजबूत भारत...

रक्षा से लेकर विमानन, व्यावहारिक सामग्री से लेकर विनिर्माण और आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) से लेकर अंतरिक्ष क्षेत्र तक, भारत और अमेरिका अब सबसे विश्वसनीय साझेदार के रूप में आगे बढ़ रहे हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 1,000 दिग्गज पेशेवरों ने भाग लिया। उन्होंने व्यापारिक समुदाय से आगे आने और इस अवसर का पूरा लाभ उठाने का आग्रह किया। मोदी ने कहा कि भारत की हर विकास परियोजना अमेरिकी सपने को और मजबूती देने की क्षमता रखती है। उन्होंने कहा कि भारत बुनियादी ढांचे के विकास में रिकॉर्ड 125 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश कर रहा है। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि भारत की विकास गाथा में अमेरिका और देश के कॉरपोरेट समुदाय के लिए असीमित अवसर हैं। मोदी ने सभागार में मौजूद लोगों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा, आपके लिए, यह सबसे पहले और तेजी से आगे आकर लाभ उठाने का समय है। मोदी ने कहा कि पिछले तीन दिनों में, उन्होंने और राष्ट्रपति जो बाइडन ने कई ऐतिहासिक मुद्दों पर लंबी चर्चा की है। बैठकों में दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका संबंधों के भविष्य पर ठोस चर्चा की और भविष्य की स्पष्ट रणनीति अपनाने का फैसला किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि व्हाइट हाउस में हुए टेक्नोलॉजी हैंडशेक कार्यक्रम से कंपनियों, कारोबारियों, उद्योगों और अन्वेषकों के लिए एक संदेश है कि भारत में निवेश के लिए यही सही समय है। मोदी ने यह भी कहा कि भारत की सफलता का आधार और इसके विकास की सबसे बड़ी प्रेरक शक्ति इसके लोगों की आकांक्षा है। उन्होंने कहा कि पिछले ढाई साल में अमेरिकी कंपनियों ने भारत में 16 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा राष्ट्र है और इसके पास दुनिया की सबसे बड़ा युवा प्रतिभा और कुशल एवं पेशेवर कार्यबल उपलब्ध है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस समय जो भी देश भारत से जुड़ेगा, उसे लाभ होना तय है।

## मिस्र पहुंचे...

के संबंधों को मजबूत करेगी। मैं राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी के साथ बातचीत और अन्य कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने कहा, हवाई अड्डे पर गर्मजोशी के साथ मेरा स्वागत करने के लिए मैं प्रधानमंत्री मुस्तफा मैडबौली को धन्यवाद देता हूं। कामना है कि भारत-मिस्र संबंध फले-फूले और हमारे देशों के लोगों को लाभ मिले। प्रधानमंत्री जब यहां होटल पहुंचे तो भारतीय समुदाय के सदस्यों ने भारतीय तिरंगा लहराते हुए मोदी, मोदी और वंदे मातरम के नारों के साथ उनका स्वागत किया। साड़ी पहनकर आई मिस्र की एक महिला ने फिल्म शोले के लोकप्रिय गीत ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे गाकर मोदी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री महिला को ध्यान से सुनते दिखे और उन्होंने उस समय हैरानी जताई जब महिला ने कहा कि वह बहुत कम हिंदी जानती है और कभी भारत नहीं गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, किसी को पता भी नहीं चलेगा कि आप मिस्र की बेटी हो या हिंदुस्तान की बेटी हो। मोदी रविवार को मिस्र के राष्ट्रपति अल-सिसी से मुलाकात करेंगे। मोदी अपने समकक्ष मैडबौली के नेतृत्व में मिस्र मंत्रिमंडल के साथ भारत पर केंद्रित एक गोलमेज चर्चा में शामिल होंगे। मोदी मिस्र के ग्रैंड मुफ्ती डॉ शॉकी इब्राहिम अब्देल-करीम आलम से मुलाकात करेंगे और बाद में मिस्र के प्रमुख बुद्धिजीवियों के साथ चर्चा करेंगे। मोदी रविवार को दाऊदी बोहरा समुदाय की मदद से बहाल की गई 11वीं सदी की अल-हकीम मस्जिद भी जाएंगे। मस्जिद का निर्माण फातिमिद वंश के शासन के दौरान किया गया था। भारत में बोहरा समुदाय वास्तव में फातिमिद वंश से उत्पन्न हुआ था और उन्होंने 1970 के दशक से मस्जिद का नवीकरण कराया।काहिरा में अपने प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री हेलियोपोलिस कॉमनवेल्थ वॉर ग्रेव सीमेट्री का दौरा करेंगे, जो एक पवित्र स्थल है और प्रथम विश्व युद्ध के दौरान मिस्र तथा फलस्तीन में सेवा करने वाले एवं शहीद हुए भारतीय सेना के लगभग 3,799 सैनिकों की याद में बनाया गया स्मारक है। इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति अल-सिसी भारत यात्रा पर आए थे। उनके दौरे के छह महीने के भीतर प्रधानमंत्री की मिस्र की यात्रा हो रही है। अल-सिसी का सितंबर में जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत की यात्रा करने का कार्यक्रम है जहां मिस्र को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

## विपक्ष ने...

के बीच तीन मई को भड़की हिंसा में अब तक लगभग 120 लोगों की मौत हो चुकी है और तीन हजार से अधिक लोग घायल हुए हैं। बैठक में भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा, मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता ओकराम इबोबी सिंह, तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन, मेघालय के मुख्यमंत्री एवं नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के नेता कोनराड संगमा, शिवसेना (यूबीटी) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी, अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) नेता एम. थंबी दुरई, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता तिरुचि शिवा, बीजू जनता दल (बीजद) के नेता पिनाकी मिश्रा, आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता मनोज झा शामिल हुए। बैठक में केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, नित्यानंद राय और अजय कुमार मिश्रा, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला और खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका भी शामिल हुए। कांग्रेस ने बैठक को औपचारिकता करार देते हुए कहा कि केंद्र को प्रदेश में शांति बहाली के लिए गंभीर पहल करनी चाहिए और मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह का तत्काल इस्तीफा लिया जाना चाहिए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस मामले पर चुप्पी तोड़नी चाहिए। कांग्रेस की ओर से इस बैठक में शामिल हुए मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री ओकराम इबोबी सिंह ने कहा कि बीरेन सिंह के मुख्यमंत्री रहते शांति संभव नहीं है। उन्होंने दावा किया कि बैठक में उन्हें कुछ मिनट का समय दिया गया, जबकि उन्होंने अपनी बात रखने के लिए और समय मांगा था। तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओब्रायन ने संवाददाताओं से कहा, पटना में विपक्षी दलों की बैठक के 24 घंटों के भीतर मणिपुर के विषय पर हुई सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने एकजुटता के साथ अपनी बात रखी। सर्वदलीय बैठक को लेकर तृणमूल कांग्रेस ने एक बयान जारी करक प्रश्न किया कि क्या सरकार मणिपुर को कश्मीर में बदलने की कोशिश कर रही है। उसने हिंसा प्रभावित मणिपुर में सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल भेजने की मांग की। राष्ट्रीय जनता दल के नेता मनोज झा ने बताया कि मणिपुर को लेकर बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में लगभग सभी विपक्षी दलों का यही कहना था कि मणिपुर की जनता को वहां के मुख्यमंत्री पर विश्वास नहीं रहा। झा ने कहा, मौते हो रही हैं, पलायन हो रहा है। वहां के नेतृत्व पर लोगों को विश्वास नहीं है। पूरे विपक्ष ने यह बात कही है। शिवसेना (यूबीटी) की प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, मैं मणिपुर के कई समूहों से मिली हूं। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री पर विश्वास नहीं है। खुद विदेश राज्य मंत्री (राजकुमार रंजन सिंह) ने कहा था कि राज्य में कानून-व्यवस्था चरमरा गई है। जवाबदेही की शुरुआत कहां से होगी? जवाबदेही की शुरुआत राज्य से होगी। मेइती समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणी में शामिल करने की मांग का विरोध करने के लिए छात्रों के एक संगठन द्वारा तीन मई को आहूत आदिवासी एकता मार्च में हिंसा भड़क गई थी।

## अगले दो...

राजधानी में शनिवार को अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हल्के बादल और तापमान से दिल्लीवासियों को थोड़ी राहत मिली। मौसम विभाग ने रविवार को अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 35 और 29 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़े के अनुसार, दिल्ली में शनिवार शाम छह बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 164 दर्ज किया गया, जो मध्यम श्रेणी में आता है।

## भारत जल्द...

ट्विटर पर साझा करते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा कि विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर का संदेश है। हम आज पासपोर्ट सेवा दिवस मना रहे हैं। विदेश मंत्रालय की टीम नागरिकों को विश्वसनीय, सुलभ, पारदर्शी और कुशल तरीके से समय पर पासपोर्ट और संबंधित सेवाएं प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। जयशंकर ने कहा कि पासपोर्ट सेवा दिवस 2023 के अवसर पर भारत और विदेश में सभी पासपोर्ट जारी करने वाले अधिकारियों और केंद्रीय पासपोर्ट संगठन के उनके सहयोगियों को सम्मानित करना खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि यह दिन इसका जायजा लेने का एक अवसर है कि क्या हासिल किया गया है। इस मौके पर पासपोर्ट सेवाओं की आपूर्ति में उच्चतम मानकों को प्राप्त करने के प्रयास के भारत के संकल्प की पुष्टि करना है।

## पुतिन ने...

और उनके लड़ाके यूक्रेन की सीमा पार करके रूस के रोस्तोव-ओन-दोन शहर में दाखिल हो गए हैं तथा वहां के अहम सैन्य प्रतिष्ठानों को अपने नियंत्रण में ले लिया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए कुछ वीडियो में टैंक सहित सैन्य वाहन सड़कों पर दिखाई दे रहे हैं। प्रीगोझिन ने दावा किया कि यूक्रेन से रूस में दाखिल होते समय उनकी निजी सेना को जांच चौकियों पर युवा सैनिकों से किसी भी तरह के प्रतिरोध का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने कहा कि उनके लड़ाके बच्चों के खिलाफ नहीं लड़ रहे हैं। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो और ऑडियो पोस्ट में प्रीगोझिन ने कहा, जो भी हमारे रास्ते में आएगा, हम उसे बर्बाद कर देंगे। हम आगे बढ़ रहे हैं और हम अंतिम छोर तक जाएंगे। पुतिन ने विद्रोह की निंदा की, जो ऐसे समय में हुआ है, जब रूस अपने भविष्य के लिए सबसे कठिन लड़ाई लड़ रहा है क्योंकि पश्चिमी देशों की सरकारें मॉस्को पर प्रतिबंध लगा रही हैं और यूक्रेन को हथियार दे रही हैं। पुतिन ने आरोप लगाया, पश्चिमी देशों का पूरा सैन्य, आर्थिक और सूचना तंत्र हमारे खिलाफ खड़ा कर दिया गया है। सशस्त्र विद्रोह की घोषणा के बाद, संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) समेत रूस की सुरक्षा सेवाएं प्रीगोझिन की गिरफ्तारी के अभियान में जुट गई हैं। रूस ने वैग्नर ग्रुप से उत्पन्न खतरे को कितनी गंभीरता से लिया है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अधिकारियों ने मॉस्को और उसके आसपास के क्षेत्रों में आतंकवाद विरोधी शासन लागू करने की घोषणा की है, जिसके तहत वहां नागरिकों को हासिल कई अधिकारों को सीमित कर दिया गया है और सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी गई है। फिलहाल यह साफ नहीं है कि वैग्नर ग्रुप के प्रमुख रूसी शहर में कैसे दाखिल हुए और उनके साथ कितने लड़ाके हैं। प्रीगोझिन ने आरोप लगाया कि उनका लक्ष्य रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू को दंडित करना है, क्योंकि रूसी सरकार के सैन्य बलों ने यूक्रेन में वैग्नर के शिविरों पर रॉकेट, हेलीकॉप्टर और तोपों से निशाना बनाने का आदेश दिया। प्रीगोझिन ने कहा कि रक्षा मंत्री शोइगू से मुलाकात के बाद सेना प्रमुख जनरल वेलेरी गेरासिमोव ने यह आदेश दिया था।

## दिल्ली में...

पर इसके लिए बनाई गई एक विशेष जेट्टी पर सफलतापूर्वक खड़ा कर दिया गया। यहां से इसका परिचालन जारी रखा जाएगा और यमुना में आगे विस्तृत नेविगेशन परीक्षण किया जाएगा जिससे निकट भविष्य में यात्रियों और सामान ले जाने वाली नावों के लिए उचित चैनल निर्धारित किए जा सकें और वह सफलतापूर्वक चल सकें।

## सहारनपुर से...

और शेखपुरा कदीम में बनाए गए रेलवे ओवरब्रिज का लोकार्पण भी किया। उन्होंने सहारनपुर के पंत विहार और दिल्ली रोड पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अभियान के तहत आम लोगों से संवाद भी किया।

# भारतीय इतिहास व शिक्षा ने पूरे विश्व को आकार दिया : हैरिस

भाषा। वाशिंगटन



**अमेरिका की** उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा कि भारत के इतिहास और इसकी शिक्षाओं ने दुनिया पर प्रभाव डालने के साथ ही इसे आकार भी दिया। उन्होंने कहा कि भारत ने अपने दर्शन के जरिए करोड़ों लोगों को प्रभावित किया। उन्होंने अमेरिका में भारतीय-अमेरिकी लोगों के असाधारण प्रभाव की भी सराहना की। हैरिस ने कहा कि भारत उनके जीवन का एक बहुत अहम हिस्सा है और वह इससे बहुत गहराई से जुड़ी हैं। हैरिस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सम्मान में शुक्रवार को खुद और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन द्वारा आयोजित दोपहर के भोज के दौरान अपने संबोधन में कहा, भारत और इसके इतिहास और शिक्षाओं ने ना केवल मुझे प्रभावित किया है, बल्कि उन्होंने निश्चित रूप से पूरे विश्व को आकार दिया है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक संख्या में भारतीय विरासत के लोग अमेरिकी संसद में मौजूद हैं जिनमें अमी बेरा, प्रमिला जयपाल, रो खन्ना, राजा कृष्णमूर्ति और श्री थानेदार शामिल हैं और उन्हें समोसा कॉकस के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी कंपनियों के सी सुइट्स से लेकर पड़ोस के व्यवसायों तक और हॉलीवुड स्टूडियो से लेकर अमेरिकाभर के विश्वविद्यालई अनुसंधान प्रयोगशालाओं तक, भारतीय अमेरिकियों का प्रभाव पूरे अमेरिका पर दिखता है। डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता हैरिस (58) ने कहा, पूरे इतिहास में भारत ने दुनियाभर के करोड़ों लोगों को प्रेरित किया है, चाहे वह दर्शन और धर्मशास्त्र के माध्यम से हो, सविनय अवज्ञा की शक्ति से या फिर लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता के जरिए। अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने बचपन में की गई भारत की विभिन्न यात्राओं को भी याद किया। उन्होंने कहा, जब मैं और मेरी बहन माया बड़े हो रहे थे, तब हमारी मां हमें लगभग हर दूसरे साल भारत ले जाती थीं। उन यात्राओं के कई मकसद थे, जिनमें यह भी शामिल था कि हम अच्छी तरह से समझ सकें कि वह कहां से आई थीं, वहां कहां पैदा हुई थींअ ताकि हम अपने नाना-नानी, अपने मामा और अपनी चिट्टियों (मौसियों) के साथ समय बिता सकेंअ ताकि हम इडली के साथ परोसे जाने वाले प्यार को समझ सकें। कमला हैरिस ने कहा, हम अपने नाना-नानी से मिलने के लिए अक्सर मद्रास (अब चेन्नई) जाते थे। और मैं आपको बताना चाहूंगी कि मेरे नाना वास्तव में मेरे सबसे पसंदीदा लोगों में से एक थे। जब मैं छोटी थी, तब हम एक-दूसरे को खूब पत्र लिखा करते थे। अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने कहा कि उनके नाना का उन पर गहरा प्रभाव था। उन्होंने कहा, मैं उनकी सबसे बड़ी नातिन थी। और मुझे यकीन है कि आपमें से कई लोगों को पता होगा कि सबसे बड़ा होने की क्या अहमियत होती है। इसलिए, मैं परिवार में अपने इस ओहदे का भरपूर फायदा उठाया करती थी। और मेरे नाना मुझे और लगभग मेरे सभी भाई-बहनों को भरोसा दिलाने में सफल रहे थे कि हम उनके सबसे पसंदीदा हैं। बावजूद इसके, मैं परिवार की अकेली ऐसी बच्ची थी, जिसे मेरे नाना सुबह सैर पर अपने साथ ले जाते थे। हैरिस ने कहा, सुबह की सैर पर जब मैं नाना को अपने सेवानिवृत्त दोस्तों के साथ विभिन्न मुद्दों पर बात करते सुनती थी, तो मुझे ज्यादा मजा नहीं आता था। लेकिन, मैं भारत के स्वतंत्रता सेनानियों एवं संस्थापक नायकों और देश की आजादी से जुड़े किस्से-कहानियों को स्पष्ट रूप से समझती थी और ए कहानियां मुझे आज भी याद हैं। मुझे याद है कि वे किसी की आस्था या जाति की परवाह किए बिना भ्रष्टाचार से लड़ने और समानता के लिए लड़ने के महत्व के बारे में बात करते थे। हैरिस ने कहा कि छोटी उम्र में नाना के साथ सैर के दौरान हुए संवादों ने उनकी सोच को प्रभावित किया। उन्होंने कहा, मुझे याद है कि सैर के दौरान मेरे नाना ने मुझे न सिर्फ यह बताया कि लोकतंत्र क्या है, बल्कि यह भी समझाया कि लोकतंत्र को बनाए रखने के क्या मायने हैं।

## अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की उपलब्धि सभी महिलाओं के लिए प्रेरणा : प्रधानमंत्री मोदी

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की उपलब्धियों के लिए उनकी प्रशंसा की और कहा कि वह भारत और अमेरिका सहित दुनियाभर में महिलाओं के लिए प्रेरणा है। मोदी ने हैरिस की मां की भी भरपूर प्रशंसा की और कहा कि उन्होंने हजारों मील दूर रहते हुए भी भारत के साथ अपने संबंधो को जीवित रखा। अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन द्वारा शुक्रवार को विदेश विभाग में अपने सम्मान में दिए गए दोपहर के भोज के दौरान मोदी ने कहा, मैडम उपराष्ट्रपति, आपने आज इस प्रेरणा को नई ऊंचाइयो पर पहुंचाया है। आप न सिर्फ अमेरिका मे, बल्कि भारत में और दुनियाभर मे महिलाओ के लिए प्रेरणा है। यह वाकई में प्रेरणादायक है। अपनी टिप्पणी में मोदी ने कमला की मां डॉ श्यामला गोपालन की प्रेरक यात्रा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की मां डॉ. श्यामला गोपालन 1958 मे भारत से अमेरिका आई थी। उस वक्त अधिकतर लोगो के पास फोन नही हुआ करता था और इसलिए उनकी मां अपने परिवार को चिट्ठियां लिखा करती थी।

## क्विक न्यूज

### कोविड-19: अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने वायरस के प्रयोगशाला से लीक होना खारिज किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अधिकारियो ने एक खुफिया रिपोर्ट जारी करके उन लोगो द्वारा उठाए गए कुछ बिंदुओं को खारिज कर दिया है जिन्होंने दलील दी थी कि कोविड-19 चीन की एक प्रयोगशाला से लीक हुआ था। रिपोर्ट मे एक बार फिर यह दोहराया गया है कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियो की राय इसको लेकर विभाजित है कि महामारी शुरूआत कैसे हुई। रिपोर्ट शुक्रवार को अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के कहने पर जारी की गई। कांग्रेस ने मार्च मे एक विधेयक पारित करके वुहान विषाणु विज्ञान संस्थान से संबंधित खुफिया रिपोर्ट को खुफिया दस्तावेज़ों को सार्वजनिक करने के लिए अमेरिकी गुप्तचर एजेंसी को 90 दिनो का वक्त दिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के तहत काम करने वाले खुफिया अधिकारियो पर सांसद कोरोना वायरस की उत्पत्ति को लेकर अधिक जानकारी जारी करने के लिए दबाव बनाते रहे है। हालांकि अधिकारियो की दलील रही है कि स्वतंत्र समीक्षा में चीन द्वारा रोड़ा अटकाने की वजह से यह पता लगाना शायद नामुमकिन हो गया है कि महामारी की शुरूआत कैसे हुई थी। नई रिपोर्ट ने रिपब्लिकन पार्टी से जुड़े कुछ लोगो को नाराज़ कर दिया है। उनकी दलील है कि प्रशासन गलत तरीके से गुप्त सूचना और अनुसंधानकर्ताओ को रोक रहा है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शासनकाल के दौरान अमेरिका में राष्ट्रीय गुप्तचर निदेशक रहे जॉन रैटक्लिफ ने बाइडन प्रशासन पर लगातार उलझन में रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विज्ञान, गुप्तचर और सामान्यबोध वायरस के प्रयोगशाला से लीक होने के सिद्धांत का ही समर्थन करता है। इस साल के शुरू में ऊर्जा विभाग की खुफिया शाखा ने रिपोर्ट जारी करके प्रयोगशाला संबंधी घटना की दलील दी थी। हालांकि शुक्रवार को जारी रिपोर्ट कहती है कि खुफिया समुदाय को इस संबंध मे और कोई जानकारी नही मिली है। चार एजेंसियो का अभी भी मानना है कि वायरस पशु से मनुष्य में फैला जबकि ऊर्जा विभाग और संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) का मानना है कि वायरस प्रयोगशाला से लीक हुआ। सीआईए और अन्य खुफिया एजेंसी ने इस बारे में कोई आकलन नही किया है। महामारी की शुरुआत चीन के शहर वुहान से हुई थी और यही पर वुहान विषाणु विज्ञान संस्थान स्थित है। संस्थान मे चमगादड़ मे पाए जाने वाले कोरोना वायरस को लेकर अतीत में किए गए अनुसंधान और कथित सुरक्षा चूक को लेकर उसने जांच का सामना किया। रिपोर्ट कहती है कि प्रयोगशाला मे अलग अलग वायरस को मिलाने के प्रयास समेत अनुसंधान के हिस्से के तौर पर अनुवांशिक रूप से वायरस विकसित गए गए।

### नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड सितंबर में चीन की यात्रा करने की योजना बना रहे : विदेश मंत्री



**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड सितंबर मे चीन की आधिकारिक यात्रा करने की योजना बना रहे है। विदेश मंत्री एन.पी. सऊद ने शनिवार को यह जानकारी दी। इसे नेपाल के भारत और चीन के साथ संबंधो मे संतुलन बनाए रखने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। पिछले साल दिसंबर मे पद संभालने के बाद प्रचंड की यह दूसरी विदेश यात्रा होगी। इससे पहले, नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी - माओवादी सेंटर (सीपीएन-एमसी) के 68 वर्षीय नेता ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के रूप मे भारत का दौरा किया था। सऊद ने पीटीआई-भाषा को बताया, प्रचंड सितंबर मे चीन की आधिकारिक यात्रा करेंगे। सऊद ने कहा कि प्रधानमंत्री की पड़ोसी देश की यात्रा के संबंध में तैयारियां चल रही है और सटीक तारीख अभी तय नही हुई है। विदेश मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, नेपाली विदेश मंत्रालय फिलहाल प्रधानमंत्री की यात्रा की तारीख और कार्यक्रम तय करने मे लगा हुआ है। सूत्रों ने बताया कि प्रचंड ने सीपीएन-एमसी के एक वरिष्ठ नेता के माध्यम से चीनी नेतृत्व को चीन यात्रा की अपनी इच्छा से अवगत कराया है। प्रधानमंत्री प्रचंड ने बृहस्पतिवार को कांतिपुर टेलीविजन से कहा था कि उनकी चीन यात्रा की तारीख तय हो गई है। हालांकि, उन्होंने इसका खुलासा करने से परहेज किया। अपनी भारत यात्रा को बेहद सफल करार देते हुए प्रचंड ने कहा, मेरी राय मे, यात्रा ऐतिहासिक रूप से सफल रही और मुझे विश्वास है कि मेरी प्रस्तावित चीन यात्रा भी सफल होगी।

### भीषण गर्मी की चपेट में चीन का उत्तरी क्षेत्र, प्रशासन ने लोगों से घरों में रहने का आग्रह किया

**ताइपे।** उत्तरी चीन के बीजिंग और अन्य हिस्सो में भीषण गर्मी पड़ रही है। रिकॉर्ड तापमान के बीच प्रशासन ने लोगो से आग्रह किया है कि वे घरो से बाहर कम वक्त गुजारे। चीन मौसम विज्ञान प्रशासन के मुताबिक, दक्षिणी चीन की नानजिआओ वेधशाला ने शनिवार को पहली बार लगातार तीसरे दिन 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तापमान दर्ज किया। नजदीक के हेबेई प्रांत और बंदरगाह शहर तिआनजी मे भी बीते कुछ दिनो से पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार ही रहा है। इसके बाद अधिकारियो ने भीषण गर्मी के लिए रेड अलर्ट जारी किया।चीन के चार स्तरीय मौसम अलर्ट प्रक्रिया में लाल सबसे गंभीर स्थिति को इंगित करता है। रिकॉर्ड के मुताबिक, बीजिंग मे बृहस्पतिवार दूसरा सबसे गर्म दिन रहा और पारा 41.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह जून के महीने मे चीन की राजधानी में दर्ज किया गया तब तक का सबसे ज्यादा तापमान था। 24 जुलाई 1999 को बीजिंग के इतिहास में अबतक का सर्वाधिक तापमान 41.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। बीजिंग मे मौसम अधिकारियो ने लोगो से लंबे वक्त तक खुले मे कसरत करने से बचने और बाहर निकलने पर सूरज की तपिश से बचने के उपाय करने का आग्रह किया है।

### सिंगापुर में भारतीय शेफ को नाबालिग समेत दो लड़कियों से छेड़छाड़ के जुर्म में जेल की सज़ा

**सिंगापुर।** सिंगापुर मे 44 वर्षीय भारतीय शेफ को एक नाबालिग समेत दो लड़कियों से छेड़छाड़ करने के जुर्म में तीन महीने और चार हफ्ते की जेल की सजा सुनाई गई है। टुडे अखबर की शुक्रवार की खबर के मुताबिक, सुशील कुमार ने दो लड़कियों से छेड़छाड़ करने का जुर्म कुबूल किया है। अदालत मे हुई सुनवाई के मुताबिक, पिछले साल दो अगस्त को कुमार ने बून केंग ट्रेन स्टेशन पर 14 वर्षीय किशोरी से छेड़छाड़ की और उसे अनुचित तरीके से छुआ। उप लोक अभियोजक (डीपीपी) डेलिसिया टैन ने कहा कि इसके बाद उसने लड़की से फोन नंबर लिया और अपने फोन से लड़की के साथ सेल्फी ली। पीड़िता ने घर पहुंचकर यह जानकारी अपनी मां को बताई और फिर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। कुमार को अगले दिन गिरफ्तार कर लिया गया और बाद मे ज़मानत पर छोड़ दिया गया। इसके बाद आठ नवंबर को उसने 19 साल की अन्य युवती से एक आवासीय ब्लॉक की लिफ्ट लॉबी मे छेड़छाड़ की और उसे अनुचित तरीके से छुआ। उसने युवती से यह भी कहा कि वह उससे प्रेम करता है। इसके बाद पुलिस ने लिफ्ट की निगनारी फुटेज को जब्त कर लिया और आठ नवंबर को कुमार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। सजा सुनाते हुए जिला न्यायाधीश पॉल चैन ने कहा कि उन्हे कुमार का पछतावा स्वीकार नही है, क्योंकि उसे अगर सच में पछतावा होता तो वह एक ही अपराध कुछ महीनों के बाद दोबारा नही करता।

### पाकिस्तान में आत्मघाती हमला : एक पुलिसकर्मी की मौत, पांच अन्य घायल

**क्रेटा(पाकिस्तान)।** दक्षिण पश्चिमी पाकिस्तान मे शनिवार को एक आत्मघाती हमलावर ने अर्धसैनिक बल के काफिले को निशाना बनाते हुए विस्फोट किया जिसमें कम से कम एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। शीर्ष प्रशासनिक अधिकारी बशीर अहमद ने कहा कि अधिकारियो ने दक्षिण-पश्चिमी शहर तुरबत मे विस्फोट के बाद महिला हमलावर का शव बरामद किया। अहमद ने कहा कि हमलावर का निशाना अर्धसैनिक फ्रंटियर कोर का काफिला था लेकिन पुलिस वाहन इसकी चपेट मे आ गया। उन्होने बताया कि फ्रंटियर कोर का एक वाहन आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया, घायलो में एक महिला पुलिस अधिकारी शामिल है। इस हमले की फिलहाल किसी ने जिम्मेदारी नही ली है,लेकिन अतीत मे हुए इस प्रकार के हमलों की जिम्मेदारी बलूच अलगाववादी गुटो ने ली थी।

### ब्रिटेन में भारतीय मूल के व्यक्ति और उसके भतीजे को जेल

**लंदन।** ब्रिटेन की एक अदालत ने मादक पदार्थ गिरोह चलाने और इंग्लैड के वेस्ट मिडलैंड प्रांत मे 100 किलोग्राम मादक पदार्थ की तस्करी करने के मामले मे भारतीय मूल के एक व्यक्ति और उसके भतीजे को कुल 32 साल जेल की सजा सुनाई है। लीसेस्टर क्राउन अदालत ने बृहस्पतिवार को कमलजीत सिंह चहल (52) और बिपोन चहल (25) को सजा सुनाई। इनके अलावा गिरोह के आठ अन्य सदस्यो को भी वर्ष 2020 मे कोविड महामारी के दौर मे भारी मात्रा मे कोकीन और हेरोइन की तस्करी करने का दोषी पाया गया। अदालत ने भारतीय मूल के तीसरे व्यक्ति संदीप जोहल (32) को गिरोह में उसकी भूमिका के लिए 11 साल की सजा सुनाई। अदालत ने गिरोह के सभी 10 लोगो के लिए कुल 100 साल से अधिक की सजा सुनाई। जांच मे पाया गया था कि गिरोह के एक सदस्य ने कोविड महामारी के दौरान मादक पदार्थ की तस्करी के लिए एक एम्बुलेंस का इस्तेमाल किया, जिस पर थैंक यू नेशनल हेल्थ सर्विस लिखा हुआ था।

### सिंगापुर में दीवार गिरने से भारतीय युवक की मौत

**सिंगापुर।** सिंगापुर के सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक में एक इमारत की दीवार गिरने से एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। कार्यस्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य परिषद ने शुक्रवार को बताया कि यह घटना 15 जून को हुई, जब तंजोग पागर इलाके मे फूजी ज़ेरॉक्स टावर को गिराने का काम किया जा रहा था। परिषद ने बताया कि 20 वर्षीय विनोद कुमार विध्वंस स्थल के बाहर फुटपाथ से जा रहा था।

# ट्रंप पर न्याय विभाग ने सुनवाई दिसंबर में करने किया अनुरोध

● गोपनीय दस्तावेज रखने का मामला

भाषा। वाशिंगटन



**अमेरिका** के न्याय विभाग ने गोपनीय दस्तावेज रखने के मामले में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ आपराधिक मुकदमे की सुनवाई टालने का अनुरोध किया है। जिला न्यायाधीश एलीन कैनन ने इस हफ्ते की शुरुआत में मामले की सुनवाई के लिए 14 अगस्त की तारीख तय की थी। ट्रंप गोपनीय दस्तावेजों को इकट्ठा करने और उन्हें वापस हासिल करने की न्याया विभाग की कोशिशों में बाधा डालने के मामले में 37 आरोपों का सामना कर रहे हैं। विशेष वकील जैक स्मिथ की टीम में शामिल अभियोजकों ने न्यायमूर्ति कैनन से मुकदमे की सुनवाई के लिए 11 दिसंबर की तारीख तय करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सुनवाई को टालना जरूरी है, क्योंकि मामला गोपनीय दस्तावेजों से जुड़ा हुआ है और ट्रंप के वकीलों को सुरक्षा मंजूरी की जरूरत पड़ेगी, जिससे संबंधित प्रक्रिया जारी है। न्याय विभाग ने इस हफ्ते कहा था कि उसने ट्रंप की विधि टीम के साथ मामले से जुड़े प्रासंगिक साक्ष्य साझा करना शुरू कर दिया है। हालांकि, शुक्रवार को दायर अपील में विभाग ने कहा, सरकार ने ट्रंप के साथ साक्ष्य साझा करने में तत्परता दिखाई है, लेकिन बचाव पक्ष के वकीलों को साक्ष्यों पर गौर करने, उनकी समीक्षा करने, अदालत के समक्ष दलीलें पेश करने के संबंध में फैसला लेने और सरकार को उक्त दलीलों पर नजर डालने का पर्याप्त समय देने के लिए सुनवाई को टालना जरूरी एवं उचित है। न्याय विभाग ने स्पष्ट किया है कि ट्रंप के वकील सुनवाई की तारीख को आगे खिसकाने का विरोध नहीं कर रहे हैं।

# ब्रिटेन : बैरी गार्डिनर और दिवंगत पीटर ब्रुक को पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया

***लंदन।*** ब्रिटिश संसद के सदस्य बैरी गार्डिनर और दिवंगत ब्रिटिश रंगमंच निर्देशक पीटर ब्रुक को लंदन स्थित इंडिया हाउस में आयोजित एक विशेष समारोह में औपचारिक रूप से पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किया गया। विपक्षी दल लेबर पार्टी के सांसद गार्डिनर को सार्वजनिक मामलों के क्षेत्र में योगदान के लिए वर्ष 2020 में प्रतिष्ठित पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किया गया था, लेकिन कोविड-19 के कारण वह अपना पुरस्कार प्राप्त नहीं कर सके थे। कला के क्षेत्र में योगदान के लिए रंगमंच निर्देशक पीटर ब्रुक को वर्ष 2021 में पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किया गया था। उनके बेटे साइमन ब्रुक ने अपने पिता की ओर से इस पुरस्कार को ग्रहण किया। पीटर ब्रुक का पिछले साल 97 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। भारत में ब्रुक महाकाव्य महाभारत पर आधारित अपने रूपांतरण के कारण काफी लोकप्रिय हैं। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने शुक्रवार शाम लंदन में भारतीय उच्चायोग में सभा को संबोधित करते हुए कहा, हम भारत के दो बहुत प्रतिष्ठित मित्रों का अभिनंदन करते हैं, हमारे लोगों के बीच दोस्ती और बेहतर समझ को बढ़ावा देने के लिए उनकी दोस्ती और सालों की सेवा के लिए उनका सम्मान किया जाता है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से वर्ष 2020 और वर्ष 2021 के पुरस्कार कोविड-19 महामारी के दौरान घोषित किए गए थे, लेकिन दुर्भाग्य से काफी संख्या में गणमान्य लोग असल में यात्रा नहीं कर सके ताकि उन्हें उचित तरीके से सम्मानित किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्वारा दिया जाना चाहिए, लेकिन यह हमें इस साधारण समारोह को आयोजित करने का एक मौका देता है। लेबर फ्रेंड्स ऑफ इंडिया के संस्थापक और अध्यक्ष रहे गार्डिनर (66) ने भारत के प्रति अपने असीम स्नेह के बारे में बताया और पुरस्कार को ग्रहण किया।

# अमेरिका, कनाडा ने टाइटन पनडुब्बी डूबने के मामले में जांच की प्रक्रिया शुरू की



**वाशिंगटन।** अमेरिका और कनाडा ने टाइटन पनडुब्बी के डूबने के कारण का पता लगाने के लिए जांच की प्रक्रिया शुरू की। हालांकि वे इन सवालों से जूझ रहे हैं कि इस दुर्घटना के लिए जिम्मेदार कौन है और यह हादसा हुआ कैसे। अमेरिकी तटरक्षक ने शुक्रवार को कहा कि औपचारिक जांच अभी शुरू नहीं हुई है क्योंकि समुद्री एजेंसियां अब भी उस क्षेत्र में तलाशी में जुटी हैं जहां पनडुब्बी दुर्घटनाग्रस्त होकर क्षतिग्रस्त हो गई थी। इस घटना में पनडुब्बी में सवार सभी पांच लोगों की मौत हो गई है। पनडुब्बी के मलबे समुद्र के भीतर टाइटैनिक जहाज के मलबे से सैकड़ों फुट दूर 12,500 फुट की गहराई में मिले। पनडुब्बी में सवार ए लोग टाइटैनिक के मलबे को देखने गए थे। अमेरिकी तटरक्षक के नेतृत्व में शुरुआती तलाश एवं बचाव अभियान की शुरुआत हुई और इस वृहद अंतरराष्ट्रीय प्रयास पर लाखों डॉलर की लागत आने की संभावना है। शुक्रवार तक यह साफ नहीं था कि जांच का नेतृत्व कौन करेगा क्योंकि इस जटिल जांच में कई देश शामिल होंगे। टाइटन के स्वामित्व और इसकी संचालक कंपनी ओशनगेट एक्सपेडिशंस अमेरिका में स्थित है लेकिन पनडुब्बी का पंजीकरण बहामास में हुआ है। ओशनगेट वाशिंगटन के स्नोहोमिश काउंटी के एवरेट शहर में स्थित है लेकिन जब टाइटन के आने तक कंपनी बंद हो चुकी थी। हालांकि जिस पोलर प्रिंस पनडुब्बी से टाइटन बना था वह कनाडा से था और घटना में मारे गए लोग इंग्लैंड, पाकिस्तान, फ्रांस और अमेरिका से हैं।

# पाक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री शरीफ को 37 साल पुराने रिश्वत मामले में बरी किया

भाषा। लाहौर



**पाकिस्तान** की एक अदालत ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को 37 साल पुराने एक रिश्वत मामले में बरी कर दिया।यह मामला देश के एक प्रमुख मीडिया हाउस मालिक को रिश्वत के रूप में कीमती सरकारी भूमि हस्तांतरित करने से संबंधित था। अदालत का यह फैसला नवाज शरीफ के छोटे भाई और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली संघीय सरकार द्वारा राजनेताओं पर लगे आजीवन प्रतिबंध हटाने के लिए कानून में महत्वपूर्ण संशोधन करने के कुछ दिनों बाद आया है। उच्चतम न्यायालय ने वर्ष 2017 में नवाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद के लिए अयोग्य ठहराया था। वर्ष 2018 में पनामा पेपर्स मामले में उच्चतम न्यायालय ने नवाज को जीवन भर सार्वजनिक पद संभालने के लिए अयोग्य ठहराया था। अदालत के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, लाहौर की एक अदालत ने तीन बार के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को लाहौर में जंगाजियो मीडिया समूह के मालिक मीर शकील-उर-रहमान को 54-कनाल (6.75 एकड़) कीमती सरकारी भूमि के अवैध हस्तांतरण से संबंधित मामले में बरी कर दिया है। यह भूमि करीब 37 साल पहले तब दी गई थी, जब नवाज शरीफ पंजाब के मुख्यमंत्री थे। अधिकारी ने कहा, न्यायाधीश राव अब्दुल जब्बार ने नवाज शरीफ को तब बरी कर दिया, जब देश के भ्रष्टाचार-रोधी निकाय (राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो) ने अदालत को सूचित किया कि उसके कानून (शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार द्वारा) में हाल के संशोधनों के बाद मामला उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। अदालत इस मामले में मीर शकील-उर-रहमान को पहले ही बरी कर चुका है। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के वरिष्ठ नेता नवाज शरीफ नवंबर 2019 से ब्रिटेन में स्व-निर्वासन में रह रहे हैं।

# रसोई के गंदे तौलिया कीटाणुओं के लिए प्रजनन स्थल हैं

● आइए जाने इन्हें ठीक से कैसे साफ किया जाए

भाषा। लीसेस्टर



**रसोई में** सभी प्रकार के कीटाणु और जीवाणु हो सकते हैं। ए मनुष्यों, पालतू जानवरों, कच्चे भोजन या यहां तक कि पौधों के माध्यम से भी फैल सकते हैं, जिसका अर्थ है कि खाद्य जनित संक्रमण के कई कारक घर के भीतर ही मौजूद होते हैं। अधिकतर रसोई में सफाई का एक महत्वपूर्ण साधन टी टॉवल (कपड़े का तौलिया) है, जिसे बर्तन साफ करने के कपड़े के रूप में भी जाना जाता है। आमतौर पर कॉटन या लिनेन से बने इस कपड़े का उपयोग गीले हाथों को पोछने और रसोई के बर्तनों को सुखाने के साथ-साथ सतहों को पोंछने के लिए किया जाता है, इसलिए ए रसोई की स्वच्छता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालांकि, हाथ और कच्ची सब्जियां और खाद्य पदार्थ अक्सर विभिन्न प्रकार के कीटाणुओं से भरपूर होते हैं, ऐसे में रसोई के तौलिए के संपर्क में आने से उनमें कीटाणुओं के पनपने का खतरा रहता है। रसोई के उन तौलिया पर एक अध्ययन किया गया, जिनका उपयोग ऐसे बोर्ड को साफ करने के लिए किया गया था, जिन पर सलमोनेला जीवाणु से ग्रसित मुर्गे को काटा गया था। अध्ययन में पाया गया कि ऐसे बोर्ड को साफ करने के लिए इस्तेमाल किए गए 90 प्रतिशत तौलिया सलमोनेला से संक्रमित पाए गए। सलमोनेला के संक्रमण के कारण अतिसार, बुखार और पेट में दर्द समेत अन्य दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। कई अध्ययनों में देखा गया है कि रसोई में सफाई के लिए उपयोग होने वाले तौलिए आमतौर पर रसोई में मौजूद कीटाणुओं के प्रसार का कारण बनते हैं। एक अध्ययन में इस्तेमाल किए गए 100 रसोई तौलियों का नमूना लिया गया और उनमें स्टैफिलोकोकस ऑरियस जीवाणु की उल्लेखनीय उपस्थिति पाई गई, जो अक्सर त्वचा पर पाया जाता है लेकिन यह एक रोगजनक भी है जो फोड़े-फुंसी, जोड़ों में संक्रमण और यहां तक कि निमोनिया जैसी समस्याओं का कारण बन सकता है। रसोई के तौलिए में कीटाणु आसानी से चिपक जाते हैं। 46 रसोई घरों पर किए गए एक अन्य अध्ययन में रसोई की सतहों पर रहने वाले हानिकारक जीवाणु प्रजातियों की एक विस्तृत श्रृंखला पाई गई, जिन्हें अक्सर तौलिए से साफ किया जाता है। कई रसोई की सतहों पर एंटरोबैक्टर (जो श्वसन तंत्र में संक्रमण, त्वचा में संक्रमण, मूत्र संक्रमण और हड्डी तथा आंखों में संक्रमण का कारण बन सकता है)।

### कीटाणुओं को कम करें

रसोई के तौलिए के जरिए कीटाणुओ के प्रसार से बचने के लिए यह सलाह दी जाती है कि तौलिए को नियमित रूप से धोया जाए और जब वे गीले हो जाएं, तो उन्हे दोबारा इस्तेमाल करने से पहले पूरी तरह सूखने दिया जाए। इसके अलावा, अत्यधिक दूषित सतहो को साफ करने के लिए एक बार उपयोग कर फेंके जाने वाले कपड़े या कागज के तौलिए का उपयोग करने से भी कीटाणुओ के प्रसार को रोकने मे मदद मिल सकती है। रसोई के तौलिए की स्वच्छता के संदर्भ मे आपको इसे दिन मे कम से कम एक बार या प्रत्एक उपयोग के बाद साफ करना और अच्छी तरह से सुखाना चाहिए। ब्रिटिश सरकार की सिफारिश है कि रसोई के तौलिए को 90 डिग्री सेल्सियस के गर्म पानी मे डिटर्जेंट पाउडर का उपयोग करते हुए वॉशिंग मशीन मे धोकर साफ किया जाना चाहिए।

# एआई पोषण संबंधी सलाह का कर सकता है लोकतंत्रीकरण

भाषा। बेलफास्ट

**जब आप** ऑनलाइन जाकर देखते हैं कि लोग कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) टूल्स जैसे चैटजीपीटी का कैसे इस्तेमाल कर रहे हैं तो आप तुरंत पाएंगे की खाने संबंधी अनुरोध सबसे ऊपर है। खासतौर पर उपयोगकर्ता अपने व्यक्तिगत आहर लक्ष्यों को हासिल करने के लिए मैन्यू तैयार करने में इनकी मदद चाहते हैं। लेकिन आहार संबंधी सलाह देने में यह प्रौद्योगिकी कितनी प्रभावी है? एक उपभोक्ता सर्वेक्षण में, पांच में से तीन से अधिक उपभोक्ताओं ने बताया कि वे स्वस्थ आहार लेना चाहेंगे। लगभग 73 प्रतिशत ने महसूस किया कि ऐसा भोजन खरीदना महत्वपूर्ण है जिसका पर्यावरणीय प्रभाव कम हो। दुनिया भर में घटिया आहार दीर्घकालिक बीमारी और मृत्यु का एक प्रमुख कारण है। इसके अतिरिक्त, मानव-जनित ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का एक तिहाई हिस्सा भोजन से जुड़ा हुआ है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Nagma Bano, W/o. Gayoor Alam, Resident of C-215/3, Abul Fazal Enclave-II, Shaheen Bagh, Jamia Nagar, New Delhi-110025 have changed my name to Nazma for all future purposes.
PD(075)A

I, Majida Bano W/o. Late Ahsanullah, Resident of C-215/3, Abul Fazal Enclave-II, Shaheen Bagh, Jamia Nagar, New Delhi-110025 have changed my name to Mofid Begum for all future purposes
PD(076)A

प्रारुप संख्या आईएनसी-26
[कंपनी (निगमन) अधिनियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]
कंपनी का रजिस्ट्रीकृत कार्यालय एक राज्य से दूसरे राज्य में अंतरित करने के लिए समाचार पत्र में प्रकशित किया जाने वाला विज्ञापन
**केंद्रीय सरकार के समक्ष, प्रादेशिक निदेशक, उत्तरी क्षेत्र**
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और कंपनी (निगमन) अधिनियम, 2014 के नियम 30 के उपनियम (क) छ के मामले में
और
**मिस्ट प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड** जिसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय **136/11, खसरा नं.126/70, बेगमपुर, नई दिल्ली, दक्षिण दिल्ली, दिल्ली-110017, भारत,** स्थित है, के मामले में,
...........याचिकाकर्ता

**नोटिस**

आम जनता को यह नोटिस दी जाती है कि यह कंपनी केंद्रीय सरकार के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अधीन आवेदन करने का प्रस्ताव करती है जिसमें कंपनी का रजिस्ट्रीकृत कार्यालय **"दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (रा.रा.क्षे.)"** से **"हरियाणा राज्य"** में करने के लिए तारीख **जून 16,2023** को आयोजित असाधारण अधिवेशन में पारित विशेष संकल्प के संदर्भ में कंपनी के संगमज्ञापन में संशोधन की पुष्टि की मांग की गई है।

कंपनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति या तो **निवेशक शिकायत प्ररुप फाइल कर एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) में शिकायत दर्ज कर सकता है** या एक शपथ पत्र जिसमे उनके हित का प्रकार और उसके विरोध का कारण उल्लिखित हो, के साथ अपनी आपत्ति **प्रादेशिक निदेशक, उत्तरी क्षेत्र,** को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 14 दिनों के भीतर **बी-2 विंग, दूसरा फ्लोर, पं. दीन दयाल अंत्योदया भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003** पते पर पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकता है या सुपुर्द कर सकते है और इसकी प्रति आवेदक कंपनी की उनके निम्नलिखित रजिस्ट्रीकृत कार्यालय पर भी भेजेगा:
**"136/11, खसरा नं.126/70, बेगमपुर, नई दिल्ली, दक्षिण दिल्ली, दिल्ली-110017, भारत"**

आवेदक के लिए और आवेदक के ओर से
मिस्ट प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड
ह/-
आदित्य कुमार मोहता
निदेशक
डीआईएनः 02395522

दिनांकः 25 जून,2023
स्थानः नई दिल्ली

# प्रधानमंत्री के लिए देश में समर्थन की लहर : चौहान

● कहा, विपक्षी दल एक साथ आ रहे हैं क्योंकि वे अकेले महामानव मोदी के खिलाफ नहीं लड़ सकते



**भाषा।** ग्वालियर

**मध्य प्रदेश** के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि विपक्षी दल एक साथ आ रहे हैं, क्योंकि वे महामानव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ चुनावी लड़ाई अकेले नहीं लड़ सकते हैं और जमीनी स्तर पर उनके द्वारा किए गए काम की बराबरी करने में असमर्थ हैं। चौहान ने यहां अपनी सरकार की लाडली बहना योजना के एक कार्यक्रम के इतर पीटीआई-भाषा से बातचीत में दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आगामी विधानसभा चुनाव में 200 से अधिक सीट जीतेगी। राज्य में 230 विधानसभा सीट हैं और इस साल के अंत में चुनाव होने हैं।चौहान ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेताओं में से एक हैं। वह जहां भी जाते हैं, उनकी जय जय होती है। आपने ऐसा होते हुए अमेरिका में देखा है। उन्होंने कहा, विपक्षी दल उनकी विकास और कल्याण योजनाओं और जमीनी स्तर पर उनके द्वारा किए गए कार्यों की बराबरी नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, लोग आश्चर्यचकित हैं कि एक व्यक्ति इतना संपूर्ण कैसे हो सकता है और इसलिए मैं कहता हूं कि मोदीजी एक महामानव हैं। चौहान ने कहा कि देश और नागरिक मोदी के नेतृत्व में प्रगति कर रहे हैं और उनके लिए समर्थन की लहर है। मुख्यमंत्री ने कहा, क्योंकि विपक्षी दल अकेले नहीं लड़ सकते, इसलिए वे चुनावी लड़ाई लड़ने के लिए एक साथ आए हैं। उन्होंने कहा, नहीं तो यही पार्टियां आपस में लड़ती रहती हैं। वह शुक्रवार को पटना में हुई विपक्षी दलों की बैठक को लेकर टिप्पणी कर रहे थे। कुल 17 विपक्षी दलों ने भाजपा का मुकाबला करने के लिए 2024 का लोकसभा चुनाव एकजुट होकर लड़ने का संकल्प लिया है।कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में अपनी जीत से उत्साहित कांग्रेस द्वारा उनके राज्य में पेश की गई चुनौती के बारे में पूछे जाने पर, चौहान ने कहा कि राज्य में उनकी पार्टी की जड़ें बहुत मजबूत हैं और भाजपा विधानसभा चुनाव में 200 से अधिक सीट जीतेगी। लाडली बहना योजना के तहत जरूरतमंद महिलाओं की एक चुनिंदा श्रेणी के लिए मौद्रिक लाभ को 1,000 रुपए से बढ़ाकर 3,000 रुपए करने के अपने वादे को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश की वित्तीय स्थिति मजबूत है, जिससे उनकी सरकार अपने वादे को पूरा करने में समर्थ होगी। चौहान ने कहा, वर्ष 2003 में कांग्रेस शासन में राज्य का बजट 21,000 करोड़ रुपए था जो अब 3.14 लाख करोड़ रुपए है। हमें विश्वास है कि वित्तीय स्थिति में सुधार के साथ हम लाडली बहना योजना के तहत मौद्रिक अनुदान बढ़ाने में सक्षम होंगे। इस योजना के तहत, 23-60 वर्ष की आयु की महिलाओं को कुछ शर्तों के साथ प्रतिमाह 1,000 रुपए दिए जाएंगे। इन शर्तों में यह भी शामिल है कि वे आयकर दाता नहीं हों और उनके परिवार की वार्षिक आय 2.50 लाख रुपए से कम हो। चौहान ने इस योजना को महिलाओं के लिए वित्तीय सशक्तीकरण उपकरण बताया। उन्होंने यहां एक रैली में कहा कि वह सुनिश्चित करेंगे कि जरूरतमंद महिलाओं की मासिक आय 10,000 रुपए प्रति माह हो जाए। उन्होंने कहा, यह लाडली बहना योजना आज शुरू नहीं हुई। हमने लड़कियों के लिए लाडली लक्ष्मी योजना तब शुरू की थी, जब हमने देखा कि मध्य प्रदेश में लिंगानुपात विषम है और प्रति 1000 पुरुषों की तुलना में 912 महिलाएं हैं। उन्होंने कहा, हम यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि किसी लड़की को गर्भ में न मारा जाए और इसलिए हमने ऐसी योजनाएं शुरू कीं जो लड़कियों के साथ-साथ महिलाओं को भी सशक्त बनाती हैं। हमने अपनी बहनों को जितना संभव हो उतना सशक्त बनाने का फैसला किया है। चौहान ने कहा कि स्थानीय निकायों के चुनावों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने वाला मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य है। उन्होंने कहा, मैं महिलाओं को पंचायतों और स्थानीय निकायों में नेतृत्व करते हुए देखकर खुश हूं। यह महिलाओं का राजनीतिक सशक्तीकरण है। अब इन निकायों में 56 प्रतिशत महिला प्रतिनिधि हैं। चौहान ने कहा कि उनकी सरकार द्वारा महिलाओं के लिए पंजीकरण दर और स्टांप पेपर शुल्क को कम करने और इसे कुल संपत्ति मूल्य का एक प्रतिशत करने के बाद राज्य में फिलहाल 45 प्रतिशत संपत्ति की रजिस्ट्री महिलाओं के नाम पर हो रही है।

## परिसीमन प्रस्तावों के विरोध में असम में प्रदर्शन जारी

**भाषा।** गुवाहाटी

**असम में** परिसीमन प्रस्तावों के विरोध **में प्र**दर्शन शनिवार को भी जारी रहा, जबकि राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा नीत गठबंधन के सहयोगियों के साथ-साथ विपक्षी दलों ने भी इस पर अपनी नाराजगी जताई है। परिसीमन के मसौदा प्रस्ताव को लोगों की भावनाओं की अनदेखी कर मतदाताओं का धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण करने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कोशिश करार देते हुए विपक्षी दलों ने नागरिकों की शिकायतों को निर्वाचन आयोग के समक्ष रखने का फैसला किया है। शिवसागर जिले के अमगुरी विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को असम गण परिषद (अगप) नेताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व भाजपा की सहयोगी अगप के प्रदीप हजारिका कर रहे हैं।एक स्थानीय अगप नेता ने कहा, हमारे अमगुरी निर्वाचन क्षेत्र का विलय दूसरे निर्वाचन क्षेत्र में किया जा रहा है और हम अपनी पहचान खो रहे हैं। हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे और अपना आंदोलन जारी रखेंगे। विपक्षी दल ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) ने शुक्रवार को बराक घाटी के जिलों में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि सीमाओं और निर्वाचन क्षेत्रों के नाम की यथास्थिति बरकरार रखी जाए। यह फैसला लिया गया है कि कांग्रेस समेत 12 विपक्षी दलों का एक प्रतिनिधिमंडल 30 जून को शिवसागर जिले के दौरा करेगा। कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने कहा, हमने शिवसागर को चुना क्योंकि विभिन्न समुदाय, जनजातियां और उप-समूह आहत और ठगे हुए महसूस कर रहे हैं। भाजपा ने उनकी भावनाओं की अनदेखी की है और निर्वाचन आयोग ने ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य पर ध्यान नहीं दिया है।

## क्विक न्यूज

### बुजुर्ग महिला से 12.63 लाख रुपए की साइबर ठगी, दो लोग गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई में साइबर ठगी का मामला सामने आया है, जिसमें युवक ने एक बुजुर्ग महिला को कथित तौर पर 12.63 लाख रुपए की चपत लगाई। सोशल मीडिया के जरिए संपर्क में आए उक्त युवक ने महिला को शादी का प्रस्ताव दिया था। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। माटुंगा पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई पुलिस ने अपराध के सिलसिले में 21 जून को उत्तर प्रदेश के नोएडा से दो युवकों को गिरफ्तार किया और शुक्रवार को उन्हें शहर लेकर आई। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों में से एक ने कथित तौर पर पिछले साल नवंबर में महिला को सोशल मीडिया पर फ्रेंड रिक्वेस्ट (मित्रता का प्रस्ताव) भेजी थी और बाद में उसका विश्वास जीतकर उसके सामने शादी का प्रस्ताव रखा। आरोपी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर खुद को जर्मनी के निवासी के तौर पर प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि आरोपी ने महिला से कहा कि उसने उसे एक पार्सल भेजा था, जिसे सीमा शुल्क विभाग ने हवाई अड्डे पर रोक लिया और इसे छुड़ाने के लिए उसे 3.85 लाख रुपए का भुगतान करना होगा। अधिकारी ने बताया कि पीड़िता ने पैसे एक बैंक खाते में स्थानांतरित कर दिए। आठ दिन बाद आरोपी ने उससे संपर्क किया और दावा किया कि वह लंदन से आया है तथा दिल्ली हवाई अड्डे पर है। उन्होंने बताया कि आरोपी ने कथित तौर पर कहा कि उसके पास बहुत सारी नकदी थी, जिसके कारण सीमा शुल्क विभाग ने उसे हिरासत में ले लिया और उसे रिहाई के लिए 8.78 लाख रुपए का भुगतान करना होगा। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद महिला ने आरोपी द्वारा दिए गए अलग-अलग बैंक खातों में रकम स्थानांतरित कर दी। उन्होंने बताया कि जल्द ही महिला को एहसास हुआ कि उसके साथ धोखा हुआ और उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज करने के बाद पुलिस ने तकनीकी जानकारी के आधार पर आरोपियों को पकड़ लिया।

### बिहार में एक और निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा गिरा

**किशनगंज।** बिहार के खगड़िया जिले में गंगा नदी पर निर्माणाधीन पुल के ध्वस्त होने के बमुश्किल तीन सप्ताह बाद शनिवार को किशनगंज जिले में निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा गिर गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के परियोजना निदेशक अरविंद कुमार ने कहा कि राजधानी पटना से करीब 400 किलोमीटर दूर हुई इस घटना के तहत मेची नदी पर बन रहे पुल का एक खंभा ध्वस्त हो गया। अधिकरियों ने कहा, राष्ट्रीय राजमार्ग-327ई पर निर्मित किया जा रहा यह पुल किशनगंज और कटिहार को जोड़ेगा। अधिकारी ने दावा कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है और कारण का पता लगाने के लिए विशेषज्ञों की पांच सदस्ईय टीम का गठन किया गया है। अधिकारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह खंभा प्रक्रिया के दौरान मानवीय त्रुटि का मामला प्रतीत होता है। इस बीच राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह पुल केंद्रीय परियोजना का हिस्सा था और इस मामले में कार्वाई करने का अधिकार एनएचएआई के पास है। सड़क निर्माण मंत्रालय भी संभाल रहे उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा, इस पुल का निर्माण एनएचएआई द्वारा केंद्र सरकार की भारतमाला परियोजना के तहत कराया जा रहा है। इसका बिहार सरकार से कोई लेनादेना नहीं है। इसके पहले चार जून को खगड़िया जिले को भागलपुर से जोड़ने के लिए बनाया जा रहा पुल ध्वस्त हो गया था।बिहार अभियंत्रण सेवा संघ ने चिंता जताते हुए निर्मित और निर्माणाधीन सभी पुलों की स्ट्रक्चरल ऑडिट करने की जरूरत पर बल दिया है।

### पीएमओ का अधिकारी बनकर धोखाधड़ी करने वाला वडोदरा का निवासी गिरफ्तार

**वडोदरा ( गुजरात )।** गुजरात के वडोदरा शहर में खुद को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) का अधिकारी बताकर यहां एक निजी स्कूल में दो बच्चों का दाखिला कराने वाले और अपनी फर्जी पहचान की बदौलत बड़ी रकम ठगने की कोशिश करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी मयंक तिवारी को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। कुछ महीने पहले अहमदाबाद निवासी किरण पटेल को भी खुद को प्रधानमंत्री कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के रूप में पेश करने के आरोप में जम्मू-कश्मीर के पांच सितारा होटल से गिरफ्तार किया गया था। शहर के वाघोडिया थाने के एक अधिकारी ने कहा कि नई दिल्ली में पीएमओ में निदेशक (रणनीतिक सलाहकार) के रूप में अपनी पहचान बताकर तिवारी पहली बार प्रवेश सत्र के दौरान मार्च 2022 में स्कूल और उसके न्यासी के संपर्क में आया।उन्होंने बताया कि तिवारी ने अपने पारिवारिक मित्र के दो बेटों के दाखिले के लिए स्कूल से मदद मांगी और उनका परिचय उसने भारतीय सेना के अधिकारी मिर्जा बेग के रूप में दिया।अधिकारी के अनुसार तिवारी ने बताया कि बेग को पुणे से वडोदरा स्थानांतरित किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि स्कूल के निदेशक ने तिवारी को न्यासी से मिलने के लिए कहा, जो वडोदरा में एक निजी विश्वविद्यालय से भी जुड़े हुए हैं। अधिकारी ने बताया कि न्यासी पर अपना प्रभाव जमाने के लिए, तिवारी ने उनसे कहा कि वह पीएमओ अधिकारी के रूप में अपने रसूख का इस्तेमाल कर सकते हैं और स्कूल को शिक्षा अनुसंधान के क्षेत्र में शामिल कर सकते हैं और वे उन्हें विभिन्न परियोजनाएं दिला सकते हैं।

### सरकारी अधिकारी के परिसरों पर छापे, तीन करोड़ रुपए की नकदी बरामद

**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस की सतर्कता शाखा ने एक सरकारी अधिकारी के परिसरों पर छापामारी कर तीन करोड़ रुपए से ज्यादा की नकदी बरामद की है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि सतर्कता शाखा ने ओडिशा प्रशासनिक सेवा (ओएएस) के अधिकारी प्रशांत कुमार रौत के भुवनेश्वर स्थित घर और अन्य ठिकानों पर छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में नकदी बरामद की है। रौत नबरंगपुर जिले में उप कलेक्टर के तौर पर तैनात हैं। अधिकारियों के मुताबिक, जब सतर्कता शाखा के अधिकारी आरोपी अफसर के यहां कनान विहार स्थित घर पहुंचे, तो उनकी पत्नी ने नकदी से भरे छह गत्ते पड़ोसी की छत पर फेंक दिए और उनसे रकम छिपाने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि बाद में पड़ोसी के घर से सभी गत्तों को बरामद कर लिया गया और नकदी को गिनने के लिए गणना करने वाली कई मशीनों का इस्तेमाल किया गया।

## तमिलनाडु में अनुसूचित जातियों के उत्पीड़न पर लगाम लगाए सरकारः अठावले

**चेन्नई।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले ने शनिवार को तमिलनाडु सरकार से राज्य में अनुसूचित जातियों के सदस्यों के उत्पीड़न को रोकने तथा इन वर्गों के आर्थिक एवं सामाजिक कल्याण हेतु केंद्र की पहलों का समर्थन करने की अपील की। तमिलनाडु में अनुसूचित जातियों के सदस्यों पर अत्याचारों खासकर पुडुकोट्टई जिले के वेंगैवयल गांव में दूषित पानी और विल्लुपुरम के मेलपाथी गांव में एक मंदिर में दलितों के प्रवेश के जबर्दस्त विरोध संबंधी घटनाओं का जिक्र करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को व्यक्तिगत रूप से दखल देकर इन मुद्दों का सौहार्दपूर्ण हल निकालना चाहिए।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को अनुसूचित जातियों की रक्षा के लिए कदम उठाने के साथ-साथ अपराधियों को दंडित भी करना चाहिए।उन्होंने कहा, मैं स्टालिनजी से सभी समुदायों, खासकर पुडुकोट्टई में जो दलितों पर अत्याचार कर रहे हैं।


## भाजपा के लिए प्रयोगशाला है जम्मू कश्मीरः मुफ्ती

**भाषा।** पटना

जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को कहा कि केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए उनका राज्य एक प्रयोगशाला है। विपक्षी दलों की बैठक के एक दिन बाद यहां संवाददाता सम्मेलन में महबूबा ने कहा कि उन्हें डर है कि यदि भाजपा सत्ता में लौटी, तो पूरे देश का कहीं कश्मीरीकरण न हो जाए। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा वापस लेते हुए उसे दो केंद्रशासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था। जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, असल में, भारत की अवधारणा पर ही हमला किया गया है। यह उस वक्त बिल्कुल स्पष्ट हो गया, जब उसने जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी कर दिया तथा तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों समेत कई नेताओं को जेल में डाल दिया। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा ने कहा, जम्मू कश्मीर एक प्रयोगशाला है। आज हम केंद्रीय अध्यादेश के जरिए दिल्ली में जो कुछ होते देख रहे हैं, वह हमारे राज्य में बहुत पहले शुरू हो गया था। दुर्भाग्य से तब कुछ लोग ही इसे समझ पाए थे। महबूबा ने कहा, यदि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद भी भाजपा सत्ता में बरकरार रहती है तो वह संविधान को कुचल देगी और पूरे देश का कश्मीरीकरण कर देगी।दिल्ली में अरविंद केजरीवाल सरकार की शक्तियां सीमित करने वाले केंद्र के अध्यादेश का विरोध करने से कांग्रेस के इनकार संबंधी आम आदमी पार्टी (आप) के आरोपों से उठे विवाद के बारे में उन्होंने कहा, यह कभी बैठक का मुख्य मुद्दा था ही नहीं। वास्तव में, केजरीवाल ने अध्यादेश का मुद्दा उठाया था, लेकिन हम सभी का ध्यान भारत की अवधारणा तथा संविधान पर हमले के विषयों पर केंद्रित था।

## धर्मांतरण कराने के मामले में बिशप और नन को अग्रिम जमानत

**जबलपुर ( मप्र )।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने एक बाल गृह में बच्चों को ईसाई धर्म में परिवर्तित करने के प्रयास के आरोपी जबलपुर डायोसिस के एक कैथोलिक बिशप और एक नन को अग्रिम जमानत दे दी है। इन दोनों के खिलाफ राज्य के कटनी जिले में उनके द्वारा संचालित एक बाल गृह में बच्चों का धर्मांतरण कराने का आरोप है। न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकल पीठ ने बुधवार को बिशप जेराल्ड अल्मीडा और नन लीजी जोसेफ की अग्रिम जमानत याचिकाओं को मंजूरी दे दी। अदालत ने उन्हें यह कहते हुए जमानत दे दी कि उनके खिलाफ शिकायत किसी पीड़ित व्यक्ति या जिसके खिलाफ धर्म परिवर्तन का प्रयास किया गया था, उनके रिश्तेदारों द्वारा दर्ज नहीं की गई थी। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत पर बिशप और नन के खिलाफ इस साल 30 मई को कटनी जिले में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।



बाबा अमरनाथ की गुफा के बाहर जवान सुरक्षा करता हुआ

## गंगा नदी की मुख्यधारा की सफाई का काम लगभग पूरा

### अब सहायक नदियों पर ध्यान : अशोक कुमार

**भाषा।** नई दिल्ली



**गंगा की निर्मलता** और अविरलता के नमामि गंगे कार्यक्रम को नदी स्वच्छता का एक मॉडल करार देते हुए राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के महानिदेशक जी. अशोक कुमार ने दावा किया कि कुछ प्रारंभिक समस्याओं को दूर करते हुए पिछले आठ वर्षो में नदी की मुख्यधारा पर सफाई का काम लगभग पूरा हो गया है और अब सहायक नदियों पर ध्यान दिया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) के महानिदेशक कुमार ने कहा, नमामि गंगे मिशन की शुरुआत वर्ष 2014-15 में 20 हजार करोड़ रूपए की लागत से प्रारंभ की गई थी। पिछले आठ वर्षों में मिशन के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के कारण मुख्यधारा पर गंगा नदी का पानी काफी हद तक साफ हो चुका है और अब हम इसकी सहायक नदियों पर ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि गंगा नदी के जल के साफ होने का प्रमाण यह है कि इसमें डॉल्फिन और जैव विविधता में बढ़ोत्तरी हुई है तथा रासायनिक परीक्षण और प्रयोगशाला जांच से भी स्पष्ट हुआ है कि गंगा नदी के पानी की गुणवत्ता बेहतर हुई है।नमामि गंगे परियोजना की रफ्तार धीमी होने को लेकर आरोप पर कुमार ने कहा कि वर्ष 2014 में जब कार्यक्रम को मंजूरी दी गई थी तब कुछ समस्याएं थीं जो विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर), राज्यों में क्षमता निर्माण, भूमि आदि से जुड़ी थीं। उन्होंने कहा कि लेकिन पिछले दो वर्षों में इसको लेकर काफी काम हुआ है और अभी 3000 एमएलडी जलमल शोधन क्षमता तैयार हो गई है।उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 तक 900 एमएलडी जलमल शोधन क्षमता थी और पिछले डेढ़ वर्षों में 2000 एमएलडी से अधिक जलमल शोधन क्षमता तैयार हुई है, जिससे स्पष्ट है कि काफी काम हुआ है। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के आंकड़ों के मुताबिक, अब तक नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत कुल 436 परियोजनाएं मंजूर की गई जिनकी लागत 37,150 करोड़ रूपए थी। इसमें से 244 परियोजनाएं पूरी हो गई हैं।एनएमसीजी के महानिदेशक ने कहा कि मिशन को लेकर राज्यों से आने वाले प्रस्ताव, जमीन से जुड़ी भी समस्याओं आदि की पहचान की गई और इन्हें दूर किया गया है।

कुमार ने कहा, हमने राज्यों को अच्छी डीपीआर तैयार करने के लिए प्रशिक्षण दिया है, वेंडरों का क्षमता निर्माण तथा वित्त प्रदाताओं की क्षमता निर्माण पर भी काम किया है। विभिन्न स्तरों पर किए गए काम के परिणाम सामने आए हैं और पिछले वर्ष दिसंबर में मांट्रियल में नमामि गंगे को संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में दुनिया के 10 सबसे बेहतरीन कार्यक्रम में शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि पहले लोग सोचते थे कि गंगा नदी साफ नहीं की जा सकती है, वह सोच आज पूरी तरह से बदल गई है। अशोक कुमार ने कहा कि गंगा नदी की स्वच्छता एवं निर्मलता के अभियान के लिए प्रारंभ में 20 हजार करोड़ रूपए मंजूर हुए और फिर 2021 में 22,500 करोड़ रूपए आवंटित किए गए। उन्होंने कहा कि इस पर अब तक 15 हजार करोड़ रूपए खर्च हुए हैं और 37 हजार करोड़ रूपए की परियोजनाएं मंजूर की गई है।

## प्रतिबंधित संगठन एचएनएलसी के साथ शांति वार्ता शुरू

**शिलांग।** केंद्र, मेघालय सरकार और प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन हिनीवट्रेप नेशनल लिबरेशन काउंसिल (एचएनएलसी) के बीच त्रिपक्षीय शांति वार्ता शनिवार को यहां के निकट उमियम में शुरू हुई। प्रतिबंधित संगठन ने अपने सदस्यों के लिए माफी की मांग की है। अधिकारियों ने बताया कि ए. के. मिश्रा केंद्र के वार्ताकार हैं, जबकि रोनी वाहलांग और पीटर दखार राज्य की ओर से वार्ता में भाग ले रहे हैं। एचएनएलसी का प्रतिनिधित्व सदोन ब्लाह द्वारा किया जा रहा है। ब्लाह ने कहा कि बातचीत सकारात्मक रही। उन्होंने कहा कि एचएनएलसी ने सफल वार्ता का मार्ग प्रशस्त करने के लिए अपने सदस्यों के खिलाफ सभी आरोपों को वापस लेने की मांग की है। ब्लाह ने पीटीआई-भाषा से कहा, आम माफी के साथ-साथ संगठन के सदस्यों के खिलाफ सभी मामलों को वापस लिया जाना चाहिए।

## तेलंगाना में हिजाब विवाद में प्रधानाचार्य, शिक्षकों के खिलाफ मामला दर्ज

**हैदराबाद।** तेलंगाना के एक स्कूल में एक छात्रा के हिजाब पहनने पर कथित रूप से आपत्ति जताने पर यहां एक प्रधानाचार्य और तीन शिक्षकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह मामला दसवी कक्षा की एक छात्रा की शिकायत के बाद दर्ज किया गया, जिसने दावा किया था कि कक्षा में उसके हिजाब पहनने को लेकर शुक्रवार को आपत्ति जताई गई थी। उन्होंने कहा कि लड़की को कक्षा के अंदर कथित तौर पर हिजाब न पहनने के लिए कहा गया था। पुलिस ने बताया कि किशोर न्याय अधिनियम समेत अन्य प्रासंगिक धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है और मामले की जांच जारी है।

## जगन्नाथ रथयात्रा के रथों के लिए फासी वृक्ष उगाती है ओडिशा सरकार

**बेहरामपुर।** ओडिशा सरकार के वन विभाग ने राज्य के गंजाम जिले में फासी के 30,000 पौधों का रोपण कराया है क्योंकि पुरी जगन्नाथ रथयात्रा में शामिल रथों के निर्माण में इस विशेष प्रकार के वृक्ष की लकड़ी का इस्तेमाल किया जाता है। रथ का पहिया फासी वृक्ष की लकड़ियों से बनाया जाता है। रथयात्रा के लिए देवताओं के तीनों रथों के पहिए बनाने के लिए 14 फुट लंबी और छह फुट घेरे वाली फासी की 72 लकड़ियों की आवश्यकता होती है। घुमुसर दक्षिण वन मंडल के सहायक वन संरक्षक (एसीएफ) प्रभाकर नायक ने कहा, जगन्नाथ रथयात्रा के लिए रथ बनाने के लिए भविष्य में फासी की लकड़ियों की जरूरत को पूरा करने के लिए हमने फासी के करीब 30,000 और नीम के 2000 पौधे लगाए हैं। इन्हें गंजाम जिले में घुमुसर दक्षिण वन मंडल के दो प्रमुख क्षेत्रों में लगाया गया है। अधिकारी ने कहा कि बड़ागढ़ रेंज के अंतर्गत गुम्मा वन क्षेत्र के साराबडी और बाजरा में 10 हेक्टेयर क्षेत्र में पौधारोपण किया गया। उन्होंने कहा कि विभिन्न वन मंडलों से पौधे खरीदने के बाद पौधारोपण किया गया और संरक्षण के कारण अधिकांश पौधे जीवित हैं। नायक ने कहा, हम क्षेत्र में उन पौधों की जगह दूसरे पौधे लगाएंगे जो नष्ट हो चुके हैं। हमने मर चुके पौधों के प्रतिस्थापन के लिए एक नर्सरी तैयार की है।

## असम में बाढ़ की स्थिति अब भी गंभीर, 4.88 लाख लोग प्रभावित

**गुवाहाटी।** असम में बाढ़ की स्थिति शनिवार को भी गंभीर बनी रही और अभी तक 4.88 लाख से अधिक लोग इससे प्रभावित हैं। एक आधिकारिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। क्षेत्रीय मौसम विभाग ने शनिवार को राज्य के अलग-अलग हिस्सों में भारी बारिश और गरज चमक के साथ बौछार पड़ने को लेकर एलो अलर्ट चेतावनी जारी की।राज्य में कई प्रमुख नदियां उफान पर हैं। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रह्मपुत्र नदी, नेमतीघाट (जोरहाट), पुथिमारी (कामरूप) और पगलादिया (नलबाड़ी) में खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। एक आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, असम के 16 जिलों में 4.88 लाख से अधिक लोग वर्तमान समय में बाढ़ से प्रभावित हैं, जबकि इस साल बाढ़ से अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक, बाढ़ का सबसे ज्यादा असर बजाली उपमंडल में हुआ है।

यहां के करीब 2.67 लाख लोग बाढ़

## प.बंगाल में देसी बम विस्फोट में एक की मौत, तीन जख्मी

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में आम के बगीचे में शनिवार को देसी बम फटने से एक शख्स की मौत हो गई और तीन अन्य जख्मी हो गए। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अलीम शेख (26) विस्फोट में बुरी तरह से जख्मी हो गया था और उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। अधिकारियों के मुताबिक, विस्फोट में जख्मी तीन अन्य लोगों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि शेख के खिलाफ पहले से कई मामले दर्ज थे और वह बेलडांगा के कपासडांगा गांव का रहने वाला था। एक अन्य घटना में, अधिकारियों ने बताया कि मुर्शिदाबाद के रानीनगर में तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प के दौरान देसी बम विस्फोट में तीन लोग मामूली रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी दलों के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस ने तृणमूल कांग्रेस पर आठ जुलाई को होने वाले पंचायत चुनाव से पहले दहशत फैलाने के लिए अपराधियों की मदद लेने का आरोप लगाया। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा कि इन घटनाओं के पीछे विपक्षी दलों के उम्मीदवारों को डराने और उनके समर्थकों को वोट देने के लिए घर से निकलने से रोकने के वास्ते तृणमूल कांग्रेस की बड़ी साजिश है। पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख व बहरमपुर से सांसद अधीर चौधरी ने कहा, तृणमूल कांग्रेस की शरण पाए बदमाश ग्रामीण चुनाव से पहले बड़े पैमाने पर अशांति फैलाने के लिए बम बना रहे हैं। हमें पुलिस पर यकीन नहीं है, क्योंकि वे स्थानीय स्तर के तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ कार्वाई नहीं कर रही है। तृणमूल कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता जॉय प्रकाश मजूमदार ने कहा कि 2011 में उनकी पार्टी के सत्ता में आने के बाद से ऐसी घटनाओं में जान जाने और लोगों के घायल होने की संख्या कम हुई है। मजूमदार ने कहा कि बेलडांगा की घटना में तृणमूल कांग्रेस की संलिप्तता साबित करने का कोई सबूत नहीं है और दावा किया कि विपक्षी दल सत्तारूढ़ पार्टी पर झूठे आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने भाजपा और कांग्रेस पर अशांति पैदा करने को लेकर बम बनाने के लिए बदमाशों की मदद लेने और राज्य की छवि खराब करने का आरोप लगाया। त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए नामांकन पत्र दायर करने को लेकर राज्य के कई हिस्सों में बड़े पैमाने पर हिंसा हुई है जिसमें कम से कम आठ लोगों की मौत हुई है और कई लोग जख्मी हुए हैं।


### देसी बम बनाने के आरोप में कांग्रेस उम्मीदवार सहित पांच गिरफ्तार

**सूरी।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में देसी बम बनाने के आरोप में पंचायत चुनाव में कांग्रेस के एक उम्मीदवार सहित पांच लोगों को एक मकान से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक सूचना के आधार पर मारग्राम थाना क्षेत्र के बहिरगोरा गांव में आधी रात के वक्त छापा मारा गया जहां संबंधित मकान की छत पर देसी बम बनाए जा रहे थे। पुलिस ने इस मामले में हासन-2 पंचायत क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार चमत्कार शेख, मकान मालिक शेख टॉम, गयासुद्दीन शेख, ड्यूक शेख और अनारुल शेख को गिरफ्तार किया है। मकान से कुछ देसी बम और बम बनाने का सामान भी जब्त किया गया। इस सिलसिले में मामला दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। गौरतलब है कि राज्य के ग्रामीण इलाकों में आठ जुलाई को पंचायत चुनाव होने हैं।

# चयनकर्ताओं पर जमकर बरसे गावस्कर

## पुजारा को टीम से बाहर व सरफराज की नजरअंदाजी से खफा

भाषा। नई दिल्ली



**भारत के** पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने चेतेश्वर पुजारा को बलि का बकरा बनाने और घरेलू क्रिकेट में रनों का अंबार लगाने वाले सरफराज खान को अगले महीने वेस्टइंडीज में होने वाले दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला की टीम से नजरअंदाज करने के लिए राष्ट्रीय चयनकर्ताओं की आलोचना की है। सरफराज को टीम में जगह नहीं देने से खफा गावस्कर ने रणजी ट्रॉफी के आयोजन पर ही सवाल उठाते हुए कहा कि टेस्ट टीम का चयन में देश के शीर्ष घरेलू टूर्नामेंट के प्रदर्शन को नजरअंदाज कर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार किया जा रहा है। गावस्कर ने स्पोर्ट्स टुडे कहा, सरफराज खान पिछले तीन सत्र से लगभग 100 की औसत से रन बना रहा है। उसे टीम में जगह बनाने के लिए क्या करना होगा? हो सकता है कि उसे अंतिम एकादश में जगह ना मिले लेकिन टीम में उनका चयन तो होना ही चाहिए था। इस पूर्व दिग्गज ने कहा, उसे ऐसा लगना चाहिए कि उसके प्रदर्शन को सराहा जा रहा है। अगर ऐसा नहीं है तो, रणजी ट्रॉफी खेलना बंद कर दें। आईपीएल में अच्छा खेलकर अगर आप टेस्ट टीम में जगह बना लेंगे तो फिर रणजी ट्रॉफी का कोई फायदा नहीं है। सरफराज ने 2022-23 रणजी ट्रॉफी में तीन शतकों की मदद से छह मैचों में 92.66 की औसत से 556 रन बनाए। इस 25 साल के दाएं हाथ के बल्लेबाज ने 2021-22 रणजी सत्र में 122.75 की औसत से 982 रन बनाए थे, जिसमें चार शतक शामिल थे। सरफराज ने अब तक 37 प्रथम श्रेणी मैचों में 79.65 की औसत से 3,505 रन बनाए हैं, जिसमें 13 शतक शामिल हैं। उन्होंने पुजारा को टेस्ट टीम से बाहर किए जाने पर कहा कि सोशल मीडिया पर इस खिलाड़ी के फॉलोअर्स की संख्या विराट कोहली या रोहित शर्मा जैसी नहीं है। उनके लिए आवाज उठाने वाले ज्यादा लोग नहीं है। गावस्कर ने सवाल किया, उन्हें हमारी बल्लेबाजी की विफलताओं के लिए बलि का बकरा क्यों बनाया गया है? वह भारतीय क्रिकेट के एक वफादार सेवक, एक शांत और सक्षम व्यक्ति रहे हैं। किसी भी मंच पर उनके लाखों फोलोवर नहीं हैं, जो उनके मामले में शोर मचाएंगे। उन्हें टीम से बाहर करना समझ से परे है। इस पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा, पुजारा को टीम से बाहर करना और विफल हुए अन्य खिलाड़ियों को टीम बनाए रखने का क्या मापदंड है? मैं इसके कारण के बारे में नहीं जानता क्योंकि आजकल चयन समिति के अध्यक्ष या ऐसे किसी भी व्यक्ति के साथ मीडिया की कोई बातचीत नहीं होती है जहाँ आप चयनकर्ताओं से सवाल कर सके। उन्होंने कहा, डब्ल्यूटीसी फाइनल में अजिंक्य रहाणे को छोड़कर सभी बल्लेबाज विफल हुए थे तो टीम से बाहर सिर्फ पुजारा क्यों हुए।

## मुझे अनुशासित रहना होगा : जायसवाल



**मुंबई।** वेस्टइंडीज दौरे पर दो टेस्ट मैचो की श्रृंखला के लिए भारतीय टेस्ट टीम मे जगह बनाने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय टीम मे चयन की संभावना को लेकर उन्हे घबराहट और रोमांच दोनो का अहसास था। जायसवाल ने पीटीआई-भाषा को दिए विशेष साक्षात्कार मे कहा कि टेस्ट टीम मे उनका नाम देखकर उनकेपिता भावुक हो गए थे। उन्होने कहा, मेरे पिता इस खबर को सुनकर रोने लगे थे। उत्तर प्रदेश के भदोही से मुंबई आकर आजाद मैदान मे एक तंबू मे शुरुआती समय बिताने वाले जायसवाल ने कोच ज्वाला सिंह के मार्गदर्शन मे अपने खेल मे सुधार किया। उनकी प्रतिभा को देखने वालो को यह पता था कि वह भारतीय टीम मे जगह बनाएंगे। बस संदेह इस बात पर था कि वह टीम मे कब शामिल होंगे लेकिन शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने जब टीम की घोषणा की तो इसका जवाब भी मिल गया। पिछले कुछ वर्षो से घरेलू क्रिकेट मे शानदार प्रदर्शन करने वाले इस खिलाड़ी ने इस साल इंडियन प्रीमियर लीग मे भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उन्होने कहा कि वह एक-दो दिन मे वेस्टइंडीज दौरे की तैयारियो के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) जाएंगे। जायसवाल विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के दौरान भारतीय टीम के रिजर्व खिलाड़ियो मे शामिल थे। मुझे अच्छा महसूस हो रहा है और इसमे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा। मै उत्साहित हूं लेकिन मै अपने तरीके से खेलना चाहता हूं। राजस्थान रॉयल्स के कोच कुमार संगकारा, इस टीम के उनके साथी ट्रेंट बोल्ट और जो रूट ऐसे दिग्गजो के अलावा भारतीय कप्तान रोहित शर्मा राष्ट्रीय टीम मे जायसवाल की दावेदारी का समर्थन कर चुके है। जायसवाल ने कहा कि टीम की घोषणा से पहले वह घबराए हुए थे। उन्होने कहा, मै थोड़ा घबराया हुआ था, जब तक आपको पता नही चलता कि टीम मे आपका नाम है तब तक थोड़ी बेचैनी सी होती है। लेकिन यह अच्छा अहसास है। जायसवाल ने कहा कि दौरे की तैयारियो के तहत उन्होने रोहित, विराट कोहली और अजिंक्य रहाणे जैसे दिग्गज बल्लेबाजों के बातचीत की है। मेरी तैयारी अच्छी है और मैने कई सीनियर खिलाड़ियों से बात की है। सब के साथ बातचीत मे यही बात सामने आई कि चीजो को सरल रखा जाए। मैने उनसे काफी कुछ सीखा है लेकिन जब आप मैदान मे होते है चीजें आपको ही करनी होती है। बल्लेबाजी मे पसंदीदा क्रम के बारे मे पूछे जाने जायसवाल ने कहा, इस बारे मे मै अभी कुछ नही बता सकता। हम जब वेस्टइंडीज दौरे पर जाएंगे तभी इसके बारे मे पता चलेगा। यह मैच की परिस्थितियो पर भी निर्भर करता है। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा कि भारतीय कोच राहुल द्रविड़ ने उन्हे मैच मे उन्ही चीजो पर ध्यान देने के लिए कहा है जो उनके लिए कारगर हो। जायसवाल ने कहा, यह सिर्फ सही चीजो पर अपना ध्यान केंद्रित रखने और जो मै इतने समय से कर रहा हूं उसे करते रहने के बारे मे है। मुझे चीजो को सरल रखना है और अनुशासन बनाए रखना है। जायसवाल के कोच ज्वाला सिंह भी बहुत उत्साहित है। कोच ने कहा, मैने 2013 मे उसे भारतीय टीम का खिलाड़ी बनाने का सपना देखा था और आजाद मैदान से उसे चुना था। मुझे वास्तव मे खुद पर गर्व है कि मैने 10 साल पहले जो शुरू किया था, यह आज फलीभूत हुआ।

## पुजारा के पिता और कोच अरविंद को राष्ट्रीय टीम में वापसी की आस



**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज दौरे पर खेली जाने वाले दो मैचो की टेस्ट श्रृंखला की टीम से बाहर किए गए अनुभवी चेतेश्वर पुजारा के पिता और कोच अरविद पुजारा को उम्मीद है कि उनका बेटा एक बार फिर राष्ट्रीय टीम मे वापसी करेगा।विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप से बाहर किए जाने के बाद क्रिकेट जगत मे कई लोगो का मानना है कि पुजारा ने भारतीय टीम के लिए अपना आखिरी टेस्ट खेल लिया। अरविद ने कहा कि उनका बेटा राष्ट्रीय टीम मे वापसी कर सकता है और उसने पहले ही दलीप ट्रॉफी के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है। उन्होने कहा, वह मानसिक रूप से बहुत मजबूत है। मै चयन के बारे मे टिप्पणी नही कर सकता। लेकिन मैने जो देखा है, वह अपनी सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी कर रहा है। वह वेस्टइंडीज टीम की घोषणा के बाद उसी दिन नेट पर कड़ी मेहनत कर रहा था। उन्होने कहा, उसने दलीप ट्रॉफी की तैयारी शुरू कर दी है और काउंटी सर्किट पर खेलना जारी रखेगा। एक पिता और कोच के रूप मे, मेरे लिए यह मानने का कोई कारण नही है कि वह वापसी क्यों नही कर सकता। पुजारा (35 वर्ष) ने शनिवार को ट्विटर पर नौ सेकंड का वीडियो साझा किया है जिसमे वह बल्लेबाजी का अभ्यास करते हुए दिख रहे है।

## खबरें स्टेडियम से

### इंग्लैंड ने पहली पारी 393 रन पर घोषित कर अति आक्रमकता दिखाई: गीव्स

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट गीव्स का मानना है कि एशेज के दौरा इंग्लैड का अति आक्रमकता भरा रवैया उस पर भारी पड़ सकता है। गीव्स ने कहा कि एजबेस्टन में पहले टेस्ट के पहली दिन ही पारी घोषित कर बेन स्टोक्स की टीम ने अति अंहकार का संकेत दिया। इंग्लैड ने पहली पारी आठ विकेट पर 393 रन पर घोषित कर दी थी जबकि जो रूट 118 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे और घरेलू टीम कुछ और रन आसानी से जुटा सकती थी जिससे उन्हे मनोवैज्ञानिक फायदा मिल जाता। कई विशेषज्ञो ने इंग्लैड के इस तरह पारी घोषित करने के फैसले की आलोचना की थी और आस्ट्रेलिया ने दो विकेट से टेस्ट मैच जीत लिया था। नतीजा हासिल करने के लिए अति आक्रामक रूख अपनाने के इंग्लैड के खेल को बाजबॉल कहा जाता है और गीव्स का मानना है कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ यह उनका यह रवैया कारगर साबित नही होगा। गीव्स ने शनिवार को सेन रेडियो से कहा, बाजबॉल की वजह से इंग्लैड को असफलता मिली और मुझे लगता है कि अगर हम हार भी जाते है तो कम से कम हम सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेल रहे है और वैसे भी हम पहले टेस्ट मे जीत ही गए। इक्तालिस वर्षीय गीव्स ने कहा, एशेज मे आस्ट्रेलिया के खिलाफ यह कारगर नही होगा।

### कुवैत ने पाकिस्तान को हराकर सैफ चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में जगह लगभग पक्की की

**बेंगलुरु** कुवैत ने शनिवार को यहां अपने दूसरे ग्रुप मैच मे पाकिस्तान को 4-0 से हराकर सैफ फुटबॉल चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल मे अपना स्थान लगभग पक्का कर लिया। भारत के खिलाफ निराशाजनक प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान से सुधरे प्रदर्शन की उम्मीद थी लेकिन कुवैत के दबदबे का उनके पास कोई जवाब नही था। यह टूर्नामेंट मे कुवैत की दूसरी जीत थी। ग्रुप ए के अपने पहले मैच मे कुवैत ने नेपाल को 3-। से हराया था। पाकिस्तान की यह लगातार दूसरी हार थी जिससे वह टूर्नामेंट से लगभग बाहर हो गया। कुवैत के लिए हसन अलानेजी ने 10वें मिनट मे गोल किया। सात मिनट बाद अल्फानीनी ने इस बढ़त को दोगुना कर दिया। फिर इंजुरी टाइम मे अल्फानीनी ने टीम के लिए आसानी से तीसरा गोल दागा। कुवैत के लिए चौथा और अंतिम गोल 69वें मिनट मे ईद अलराशिदी ने किया।

### एशिया जूनियर चैम्पियनशिप से पहले ट्रेनिंग शिविर के लिए बीएआई की आरईसी लिमिटेड से साझेदारी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक अवसंरचना के लिए वित्तपोषण करने वाली कंपनी आरईसी लिमिटेड ने एशिया जूनियर चैम्पियनशिप से पहले दो हफ्ते के ट्रेनिंग शिविर के लिए भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के साथ एक साझेदारी की। इंडोनेशिया में सात से 16 जुलाई तक होने वाली जूनियर उपमहाद्वीपीय चैम्पियनशिप के लिए तैयारी कर रही 18 सदस्ईय भारतीय टीम को मदद देने के लिए आरईसी लिमिटेड के सहयोग का इस्तेमाल किया जा रहा है। खिलाड़ी ताऊदेवी लाल स्टेडियम मे दो हफ्ते के कड़े ट्रेनिंग शिविर मे अभ्यास कर रहे है। बीएआई महासचिव संजय मिश्रा ने कहा, मै आरईसी लिमिटेड और बीएआई के बीच इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त करना चाहूंगा। आरईसी लिमिटेड और भारतीय खेल प्राधिकरण की प्रतिबद्धता से भारत मे बैडमिंटन के विकास को बढ़ावा मिलेगा।

### गंडास ने कट हासिल किया, शुभंकर चूके

**म्यूनिख।** भारतीय गोल्फर मनु गंडास बीएमडब्ल्यू इंटरनेशनल ओपन के दूसरे दौर में दो ओवर 74 का कार्ड खेलने के बावजूद कट मे जगह बनाने में सफल रहे। गंडास ने पहले दौर में 69 का कार्ड खेला और 36 होल के बाद उनका स्कोर एक अंडर था जिससे वह संयुक्त 41वे स्थान पर चल रहे है। हालांकि एक अन्य भारतीय शुभंकर शर्मा कट में जगह नही बना सके, उन्होंने 75 और 73 के कार्ड खेले। कट एक ओवर का रहा।

### दीक्षा संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंची

**बेरॉन (चेक गणराज्य)।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर तीन अंडर 69 के कार्ड के दम पर यहां टिपस्पोर्ट चेक लेडीज ओपन के पहले दौर के बाद संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। वह तालिका में शीर्ष पर काबिज एना डॉसन से एक शॉट पीछे है। एना लेडीज यूरोपियन टूर पर प्रतिस्पर्धा करने वाली आइल ऑफ मैन की पहली खिलाड़ी है। डॉसन ने चार-अंडर-पार 68 का स्कोर बनाया। दीक्षा को शुरुआत में तेज हवा वाली परिस्थितियों से जूझना पड़ा लेकिन उन्होंने अच्छी वापसी की।

### अदिति ने कट में प्रवेश किया

**स्प्रिंगफील्ड।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने यहां केएमपीजी महिला पीजीए चैम्पियनशिप के दूसरे दौर के अंत में दो बर्डी लगाकर कट में जगह बनाई। अदिति ने पहले दौर में 75 का कार्ड खेला था। वह दूसरे दौर में 16 होल में दो ओवर चल रही थी। अपना 24वां मेजर खेल रही अदिति ने अंतिम दो होल में बर्डी लगाकर कट में जगह सुनिश्चित की। कट पांच ओवर का रहा जबकि अदिति तीन ओवर से संयुक्त 41वे स्थान पर रही। कुल 79 खिलाड़ियों ने कट में प्रवेश किया।

### सतीश को रजत

**लखनऊ।** सतीश प्रजापति ने 76वीं सीनियर नेशनल डाइविंग चैंपियनशिप 2023 बैंगलोर में 3 मीटर स्प्रिंग बोर्ड डाइविंग इवेंट में एक और पदक अर्जित किया जो कि रजत है। किसी चैंपियनशिप में दो पदक 25 साल के अंतराल के बाद मिले हैं।

### चेस लीग : गैंग्स ग्रैंडमास्टर्स ने दबदबा कायम रखा

**दुबई।** गैंग्स ग्रैंडमास्टर्स ने शनिवार को यहां ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) के तीसरे दिन लगातार तीसरी जीत दर्ज कर शीर्ष पर अपना दबदबा कायम रखा। सफेद मोहरों से खेलते हुए गैंग्स ग्रैंडमास्टर्स ने बालान अलास्कान नाइट्स को 11-6 से पराजित किया। हले बोर्ड पर विश्वनाथन आनंद और इयान नेपोमनियाच्ची ने 30 चाल के बाद ड्रा खेला।

### मुंबई सिटी ने विनीत राय के साथ करार किया

**मुंबई।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम मुंबई सिटी एफसी (एमसीएफसी) ने विनीत राय के साथ करार को एक साल और बढ़ाने की घोषणा की। टीम ने उन्हे 2022 में ओडिशा एफसी से उधार लिया था। असत में जन्में विनीत ने टाटा फुटबॉल अकादमी से पहचान बनाने के बाद 2016 सत्र से आईएसएल में खेल रहे है। उन्होंने इस लीग मे कुल 90 मैच खेले है। मुंबई सिटी एफसी मे शामिल होने से पहले उन्होंने केरला ब्लास्टर्स, दिल्ली डायनामोज (अब अस्तित्व मे नही) और ओडिशा एफसी का प्रतिनिधित्व किया है।

## हमने ट्रायल्स में छूट की मांग नही की सिर्फ तैयारी के समय मांगा था: पहलवान

### कहा कि अगर यह साबित हो गया तो वे कुश्ती छोड़ देंगे

भाषा। नई दिल्ली



**एशियाई** खेलों और विश्व चैम्पियनशिप के ट्रायल्स से छूट मिलने के लिए साथी पहलवानों के विरोध का सामना कर रहे आंदोलनकारी पहलवानों ने आईओए से इस तरह की छूट की मांग से इनकार किया और कहा कि अगर यह साबित हो गया तो वे कुश्ती छोड़ देंगे। लंदन ओलंपिक कांस्य पदक विजेता योगेश्वर दत्त ने शुक्रवार को सवाल उठाए थे कि क्या ए पहलवान इस तरह की छूट हासिल करने के लिए ही विरोध कर रहे थे और उन्होंने जूनियर पहलवानों, उनके कोचों और अभिभावकों से इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने की बात कही थी। साक्षी ने सोशल मीडिया पर लाइव चैट में कहा, हमने ट्रायल्स में छूट नहीं मांगी थी, बस तैयारी के लिए समय मांगा था। बजरंग ने कहा, अगर आपको एक मुकाबले के ट्रायल से परेशानी थी तो आपको खेल मंत्री के पास जाना चाहिए था। लेकिन आपने सोशल मीडिया के जरिए जहर फैलाने का फैसला किया। उन्होंने साथ ही कहा, अगर यह साबित हो जाए कि हमने छूट मांगी थी तो हम कुश्ती छोड़ने को तैयार हैं। हमने छूट के लिए कभी कोई पत्र नहीं लिखा। इन पहलवानों ने अपनी लड़ाई जारी रखने की कसम भी खाई। विनेश ने कहा, बृज भूषण शरण सिंह को सजा मिलने तक हम अपनी लड़ाई जारी रखेंगे, हम आरोप पत्र दाखिल होने का इंतजार कर रहे हैं।

## नेपाल को 2-0 से हराकर भारत सेमीफाइनल में

### सैफ चैम्पियनशिप

भाषा। बेंगलुरु



**कप्तान सुनील** छेत्री और महेश सिंह के गोल की मदद से भारत ने शनिवार को यहां अपने दूसरे ग्रुप मैच में नेपाल को 2-0 से हराकर सैफ फुटबॉल चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। छेत्री ने अपनी टीम के लिए फिर से गोल किया जो उनका टूर्नामेंट का चौथा गोल था। उन्होंने 61वें मिनट में गोल दागा और फिर महेश सिंह ने 70वें मिनट में टीम के लिए दूसरा गोल किया जिससे भारत ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की। भारत ने बुधवार को टूर्नामेंट में अपने शुरुआती मैच में पाकिस्तान को 4-0 से पराजित किया था जिसमें छेत्री ने हैट्रिक की थी। छेत्री (139 मैच में 91 गोल) एशियाई फुटबॉलरों में ईरान के अली दाएई (148 मैचों में 109 गोल) के बाद दूसरे सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बन चुके हैं जबकि दुनिया के सक्रिय फुटबॉलरों में वह तीसरे स्थान पर हैं। वह सक्रिय एशियाई खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। दो जीत से छह अंक लेकर भारत ने ग्रुप ए से कुवैत (छह अंक) के साथ सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। कुवैत ने दिन के पहले मैच में पाकिस्तान को 4-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की थी। भारतीय टीम अब ग्रुप विजेता पर नतीजा निकलने के लिए 27 जून को कुवैत से भिड़ेगी। नेपाल और पाकिस्तान अपने दोनों मैच गंवाकर सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गए हैं। भारत को हालांकि सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए नेपाल की कड़ी चुनौती से निपटना पड़ा। भारत ने मैच में काफी बदलाव किए, शुरुआती एकादश में केवल तीन खिलाड़ी छेत्री, अनिरूद्ध थापा और सहल अब्दुल समद ही अपना स्थान बरकरार रख सके जो पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में खेले थे। नेपाल ने पहले हाफ में मजबूत डिफेंस और तेज जवाबी हमलों से शानदार प्रदर्शन दिखाया। 21वें मिनट में भारत को पहला अच्छा मौका मिला, पर एक क्रास पर सहल का हेडर गोलपोस्ट से दूर निकल गया।

## भारत बी टीम बनी एसीबीएस टीम स्नूकर चैंपियन

भाषा। मुंबई



**राष्ट्रीय चैम्पियन** कमल चावला, बृजेश दमानी और स्पर्श फेरवानी की भारत बी टीम ने ईरान के तेहरान में एसीबीएस (एशियाई बिलियर्ड खेल परिसंघ) टीम स्नूकर चैंपियनशिप 2023 में हांगकांग चीन को 3-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

फाइनल के शुरूआती दो फ्रेम में भारतीय खिलाड़ियों को हार का सामना करना पड़ा लेकिन इसके बाद टीम ने शानदार वापसी कर लगातार तीन फ्रेम जीत कर खिताब अपने नाम किया। भारतीय टीम पूर्व बिलियर्ड्स विश्व चैम्पियन अशोक शांडिल्य की देख रेख में खेल रही थी। भारत के शीर्ष खिलाड़ी चावला को चेउंग का वाई ने 82-33 से शिकस्त दी। इसके बाद दामनी दूसरे फ्रेम में चांग यू किउ के खिलाफ खाता खोलने में नाकाम रहे। उन्हें 0-100 की करारी शिकस्त मिली। हांगाकंग ने इस तरह से 2-0 की बढ़त कायम कर ली। तीसरे फ्रेम में युगल मुकाबला हुआ जिसमें चावला और दमानी की जोड़ी ने चांग यू किउ और टैम युन फंग की जोड़ी के खिलाफ 66-29 की जीत दर्ज कर मुकाबले में भारत की वापसी कराई। इस मैच से लय हासिल करने वाले चावला ने चौथे फ्रेम को एकतरफा बनाते हुए चांग यू किउ 115-0 से करारी शिकस्त दी। पांचवें और निर्णायक फ्रेम में दमानी ने चेउंग का वाई पर 66-45 की जीत के साथ भारत का स्वर्ण पदक पक्का कर दिया। इससे पहले सेमीफाइनल में भारत बी ने अफगानिस्तान को 3-2 से हराया था। पंकज आडवाणी, आदित्य मेहता और लक्ष्मण रावत की भारतीय ए टीम क्वार्टर फाइनल में अफगानिस्तान से 2-3 से हारकर बाहर हो गई थी। इससे पहले भारत के रयान राजमी ने एशियाई अंडर-21 स्नूकर चैम्पियनशिप 2023 में कांस्य पदक अपने नाम किया।

## दिमित्रोव को हराकर अल्कारेज क्वीस क्लब के सेमीफाइनल में पहुंचे

भाषा। लंदन

**शीर्ष वरीयता** प्राप्त कार्लोस अल्कारेज ने क्वींस क्लब टेनिस चैंपियनशिप में पूर्व चैंपियन ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-4, 6-4 से हराकर घासियाले कोर्ट पर पहली बार एटीपी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। क्वालीफायर के जरीए टूर्नामेंट में जगह बनाने 2014 के चैम्पियन दिमित्रोव के खिलाफ अल्कारेज की यह आठ मैचों में आठवीं जीत है। सेमीफाइनल में उनके सामने सेबस्टियन कॉर्डा की चुनौती होगी। कोर्डा ने ब्रिटेन के कैमरून नॉरी को 6-4, 7-6 से शिकस्त दी। अल्कारेज की तरह वह भी एटीपी टूर्नामेंट में घसियाले कोर्ट पर पहली बार के सेमीफाइनल में पहुंचे है। पिछले 11 साल में इस टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंचने वाले वह अमेरिका के पहले खिलाड़ी है। दूसरी वरीयता प्राप्त होल्गर रूने शनिवार को दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के सातवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर का सामना करेंगे। रूने ने लोरेंजो मुसेटी 6-4, 7-5 जबकि डी मिनौर ने गैर वरीयता प्राप्त फ्रांस के एड्रियन मन्नारिनो 6-4, 4-6, 6-4 से शिकस्त दी।

### ज्वेरेव को हराकर बुलबिक हाले ओपन के फाइनल में

**हाले (जर्मनी)।** एलेक्सजैंडर बुलबिक ने शनिवार को यहां जर्मनी के एलेक्सजैंडर ज्वेरेव को 6-3, 7-5 से हराकर हाले ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। कजाखस्तान के इस 48वीं रैंकिंग के खिलाड़ी ने नौंवी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव को एक घंटे 27 मिनट में शिकस्त दी। ज्वेरेव 2016 और 2017 में हाले फाइनल में पहुंचे थे। अब फाइनल बुलबिक का सामना रोबर्टो बतिस्ता एगुट और आंद्रे रूबलेव के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा।

## चिक्करंगप्पा कोरिया ओपन में 28वें स्थान पर

भाषा। चियोनान

**भारतीय गोल्फर** एस चिक्कारंगप्पा ने शनिवार को यहां कोलोन कोरिया ओपन के तीसरे दौर में छह ओवर 75 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 28वें स्थान पर चल रहे हैं। टूर्नामेंट में सात भारतीय गोल्फरों में से दो ही दूसरे दौर के बाद कट में जगह बना सके थे। चिक्कारंगप्पा (69-73-75) ने पहले दौर में दो अंडर 69 का कार्ड बनाया था जिससे वह पहले दिन शीर्ष पांच में शामिल थे। कट में जगह बनाने वाले दूसरे भारतीय हनी बेसोया (73-72-75) हैं जो सात ओवर से संयुक्त 41वें स्थान पर चल रहे हैं। विराज मदप्पा (74-76), एसएसपी चौरसिया (74-76), करणदीप कोच्चर (80-71), अजीतेश संधू (77-76) और राहिल गंगजी (76-77) कट में जगह बनाने से चूक गए।

## स्पेशल ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन जारी

भाषा। बर्लिन



**बारिश के** कारण स्पेशल ओलंपिक के सातवें दिन शुक्रवार को यहां कई आउटडोर खेलों के कार्यक्रम रद्द या स्थगित करने पड़े लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और रोलर-स्केटिंग में दबदबा बनाया। स्पेशल ओलंपिक विश्व ग्रीष्मकालीन खेलों का आयोजन प्रत्एक चार साल में किया जाता है जिसमें बौद्धिक अक्षमताओं वाले खिलाड़ी भी हिस्सा लेते हैं। बौद्धिक अक्षमताओं वाले खिलाड़ी वे होते हैं जिनका आईक्यू स्तर 70-75 से कम होता है। बर्लिन में 17 जून को शुरू हुए इन खेलों का आयोजन 25 जून तक होगा। रोलर-स्केटिंग में भारतीय दल ने नौ पदक (3 स्वर्ण, 5 रजत,। कांस्य) अपने नाम किए जिसमें मोहम्मद निसार (30 मीटर स्लैलम) के अलावा आर्यन और अभिजीत शामिल की दो गुणा 100 मीटर रिले ने स्वर्ण पदक जीते ।जूडो में भी भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किए। गुरुवार को सुहालिया परवीन के रजत ने इस स्पर्धा में भारत का खाता खोला था जो वहीं शुक्रवार को टीम ने दो और पदक हासिल किए। पुरुष लेवल दो वर्ग में प्रिंस सोलंकी ने कांस्य पदक जीता, जबकि महिला लेवल तीन वर्ग में मुस्कान ने स्वर्ण पदक जीता। टेबल टेनिस में भारत के तीन पदक पक्के किए। यू21-डी3 वर्ग में भारतीय खिलाड़ियों के बीच खेले गए फाइनल में विघ्नेश लोकेश्वर नाइक ने गुनेसिन सिंह बेदी को 3-। से हराकर स्वर्ण पदक जीता ।महिला एकल 30-डी3 में अलीवेलम्मा गुज्जला पूरे टूर्नामेंट के दौरान अजेय रहते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम करने में सफल रहीं ।पावरलिफ्टिंग में अनुराग प्रसाद ने 93 किग्रा वर्ग में बेंच प्रेस में तीन स्वर्ण (स्क्वाट, डेडलिफ्ट, संयुक्त) और एक रजत जीता। भारत ने शुक्रवार तक अपने कुल पदकों की संख्या 96 (स्वर्ण: 33अ रजत: 37अ कांस्य: 25) तक पहुंचा दी।

## भारत कोरिया के खिलाफ एफआईएच जूनियर पुरुष विश्व कप में अभियान शुरू करेगा

भाषा। कुआलालंपुर

**भारत 2023** एफआईएच पुरुष हॉकी जूनियर विश्व कप के शुरुआती दिन पांच दिसंबर को ग्रुप सी में दक्षिण कोरिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। टूर्नामेंट का आयोजन पांच से 16 दिसंबर तक बुकित जलील स्थित नेशनल हॉकी स्टेडियम में होगा।भुवनेश्वर में हुए हुए पिछले विश्व कप (2021) में चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम को ग्रुप चरण में अपेक्षाकृत आसान ड्रा मिला है। शनिवार को यहां जारी ड्रॉ के मुताबिक ग्रुप सी में भारत और दक्षिण कोरिया के अलावा स्पेन और कनाडा की टीमें है। भारतीय टीम ग्रुप चरण में सात दिसंबर को स्पेन जबकि नौ दिसंबर को कनाडा का सामना करेगी।टूर्नामेंट को आधिकारिक तौर पर शनिवार को पुत्रजया के मर्क्योर लिविंग होटल में एक समारोह के दौरान लॉन्च किया गया। मेजबान मलेशिया, गत चैम्पियन अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया और चिली के साथ ग्रुप ए में है।

## लखनऊ नवाब के आगे उड़ान न भर सके हैदराबाद ग्लाइडर्स

### ताइक्वांडो प्रीमियर लीग

**नई दिल्ली।** धमाकेदार संगीत के बीच दिल्ली के होटल अशोका में ताइक्वांडो प्रीमियर लीग -टीपीएल सीजन वन के हाईवोल्टेज मुकाबले के पहले दिन लखनऊ नवाब ने एकतरफा जीत से अपने अभियान की शुरुआत की। शनिवार रात हुए राउंड रॉबिन लीग के मुकाबले में लखनऊ नवाब की पहली टक्कर हैदराबाद ग्लाइडर्स से हुई। ताइक्वांडो के इस फास्ट एडीशन में डेढ़.डेढ़ मिनट के तीन राउंड खेले गए। लखनऊ नवाब ने आज के मुकाबले में आकाश भारद्वाजए नितेश सिंह व अभिषेक कुमार के कांबीनेशन का सहारा लिया। पहले राउंड में भारत की तीसरी रैंकिंग खिलाड़ी आकाश भारद्वाज पर सबकी निगाहे थी। उन्होंने प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को अपनी ऊंची व घुमावदार किको से खासा बेहाल किया। वहीं सब्सटीट्यूट के नियमों के तहत उनकी जगह नितेश सिंह ने लेते हुए शानदार किकिंग के सहारे लखनऊ का दबदबा बनाये रखा। दूसरा राउंड भी काफी रोमांचक रहा जिसमें लखनऊ नवाब की तिकड़ी के आक्रामक अंदाज के आगे हैदराबाद ग्लाइडर्स के खिलाड़ियों की एक न चली। इस राउंड में लखनऊ नवाब की ओर से नितेश , अभिषेक कुमार व आकाश भारद्वाज ने जीत दर्ज की। तीसरे राउंड में भी गैर खिलाड़ी कप्तान व सहायक कोच ऋषभ चौधरी ने नितेश सिंहए अभिषेक कुमार व आकाश भारद्वाज की तिकड़ी पर भरोसा जताया और तीनों उस भरोसे पर खरे उतरे। इस मुकाबले में लखनऊ नवाब के खिलाड़ियों को अटैक व डिफेंस के शानदार कांबिनेशन के कारण जीत मिली।

